सूर्योदय : 6:10
सूर्यास्त : 6:17
अधिकतम तापमान : 32.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-282 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 22 मार्च 2024
11 रमजान, 1445 हिजरी


हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com








11 रमजान, २२.03.2024

सुन्नी हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 04:44 | 06:21 |

शिया हज़रात

| सेहरी | इफ्तार |
| --- | --- |
| 04:41 | 06:30 |

उमरा, ज़ियारत
उमरा और ईरान-ईराक़, शाम की जियारत के लिये संपर्क करें
अलजवाद टूर्स एण्ड ट्रेवेल्स
लखनऊ
मौलाना सलीम अब्बास ज़ैदी
मो. 9897328277
7905439594


# ईडी की गिरफ्त में केजरीवाल

**शराब घोटाला**

- अब तक ईडी की रडार पर 17 राजनेता
- मुख्यमंत्री-डिप्टी सीएम समेत पूर्व मंत्रियों के नाम भी है शामिल




**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली आबकारी नीति / शराब घोटाला मामले में ईडी ने केजरीवाल को 10वीं बार समन भेजने के बाद गिरफ्तार किया।

ईडी की जांच के दायरे में सीएम केजरीवाल समेत देशभर के 17 मुख्यमंत्री या पूर्व मुख्यमंत्री हैं। दर्जनभर पूर्व मंत्री व उपमुख्यमंत्रियों के खिलाफ भी ईडी अलग-अलग मामलों की जांच कर रही है। मुख्यमंत्री केजरीवाल के मामले में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप भी लग रहे हैं। केजरीवाल को लेकर ईडी की टीम मेडिकल के लिए ले जाए गए है। कल उनकी कोर्ट में पेशी होगी।इस बीच यह जानना भी दिलचस्प है कि पीएमएलए और दूसरे कानूनों के तहत अलग-अलग राज्यों के 17 मौजूदा एवं पूर्व मुख्यमंत्री ईडी के रडार पर आ चुके हैं। कुछ मुख्यमंत्रियों से पूछताछ हो चुकी है तो कई सियासतदानों का नंबर लगना बाकी है।

## दिल्ली हाईकोर्ट से राहत नहीं

ईडी अधिकारी, गुरुवार शाम करीब सात बजे 10वां समन लेकर मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर पहुंचे। रात करीब सवा नौ बजे उनकी गिरफ्तारी की बात सामने आई। सूत्रों का कहना है कि शराब घोटाले में 10वें समन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी उनके साथ-साथ पूरी आम आदमी पार्टी की मुसीबत बढ़ा सकती है। बता दें कि गुरुवार को गिरफ्तारी से सुरक्षा के लिए केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। केजरीवाल को गिरफ्तारी से राहत नहीं मिली थी।

## ईडी की हिरासत में सोरेन तो कविता भी हुई गिरफ्तार

तेलंगाना के मुख्यमंत्री सीएम रेवंथ रेड्डी भी ईडी के रडार पर रहे हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2015 में एमएलसी इलेक्शन में पचास लाख रुपये की रिश्वत दी थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री का पद छोड़ा है। उन्हें जमीन घोटाले में ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। तेलंगाना के पूर्व सीएम केसीआर की पुत्री के कविता को इसी सप्ताह ईडी ने दिल्ली के शराब घोटाले में गिरफ्तार किया है।

# व्हाट्सएप पर 'विकसित भारत' संदेश को साझा करना तुरंत बंद करें: ईसीआई

**मामला**

- निर्वाचन आयोग का सरकार को निर्देश
- चुनाव आयोग ने आईटी विभाग को भेजा नोटिस




**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह विकसित भारत संपर्क के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजना तुरंत बंद करे। दरअसल, बीते दिन बड़ी संख्या में लोगों को विकसित भारत संपर्क के तहत व्हाट्सएप संदेश भेजे गए थे। इसका मकसद सरकार की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाना है।

मामले की शिकायत मिलने के बाद चुनाव आयोग ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को इस संबंध में निर्देश जारी किए। चुनाव आयोग ने कहा कि यह कदम चुनाव में समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। यह आयोग की ओर से उठाए जा रहे जरूरी कदमों का हिस्सा है। आयोग ने मंत्रालय से इस मामले पर अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी है। इससे पहले मंत्रालय ने आयोग को सूचित किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पत्र के साथ जारी संदेश 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले भेजे गए थे। कुछ संदेश शायद नेटवर्क संबंधी कारणों की वजह से कुछ लोगों तक देरी से पहुंचे। बता दें कि आयोग को कई शिकायतें मिली थीं कि आम चुनाव 2024 की घोषणा और आचार संहिता लागू होने के बावजूद सरकार की योजनाओं को बताने वाले संदेश अभी भी आम जनता के फोन पर भेजे जा रहे हैं। कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने इस संदेश पर आपत्ति जताई थी। दोनों ने आयोग से कार्रवाई करने की मांग की थी।

**भाजपा ने तीसरी लिस्ट में नौ उम्मीदवारों की घोषणा की**

# तमिलिसाई, केंद्रीय मंत्री मुरुगन और प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई को टिकट

**चुनावी मैदान**

- पहली सूची में 28 महिलाओं को भी मौका दिया गया था



**नई दिल्ली।** भाजपा ने तीसरी लिस्ट जारी करते हुए नौ उम्मीदवारों की घोषणा की है। कोयंबटूर से अन्नामलाई को भाजपा ने चुनावी मैदानी में उतारा है। चेन्नई दक्षिण से तमिलिसाई सुंदरराजन, चेन्नई सेंट्रल से विनोज पी. सेल्वम, वेल्लोर से ए. सी. शनमुगम. कृष्णागिरी से सी. नरसिम्हन, नीलगिरी से एल. मुरुगन, पेरम्बलुर से टी. आर. परिवेन्धर, थूथुकुड़ी से नैनार नागेन्द्रन और कन्याकुमारी से पोन. राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया गया है। गौरतलब है कि भाजपा की पहली सूची में 195 नामों का एलान किया गया था, जिसमें 34 केंद्रीय और राज्य मंत्रियों के नाम सूची में थे। पहली सूची में 28 महिलाओं को भी मौका दिया गया था। दूसरी सूची में 72 नामों को शामिल किया गया था। 72 उम्मीदवारों की दूसरी सूची में नागपुर से नितिन गडकरी और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया था। भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 में 543 सीटों में से 436 पर उम्मीदवार उतारे थे। बाकी सीटें पार्टी ने सहयोगी दलों को दी थीं। जिन 436 सीटों पर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, उनमें से पार्टी को 303 पर जीत मिली थी।

# एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड की पूरी डिटेल चुनाव आयोग को सौंपी

**विवरण**

- हर बॉन्ड का सीरियल नंबर भी दिया
- डेडलाइन से डेढ़ घंटे पहले जानकारी दी




**नई दिल्ली।** चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सभी जानकारी भारतीय स्टेट बैंक ने चुनाव आयोग को सौंप दी है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को फटकार लगाते हुए जानकारी देने को कहा था। जिसके बाद एसबीआई ने सीरियल नंबर के साथ चुनावी बॉन्ड के सभी विवरण को चुनाव आयोग को सौंपा है, जो दानकर्ताओं और बॉन्ड को भुनाने वाली पार्टियां के साथ मिलान करने में मदद करेगा। उम्मीद है कि जल्द चुनाव आयोग अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी सार्वजनिक करेगा। भारतीय स्टेट बैंक ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा भी दाखिल किया है। अदालत में दिए गए हलफनामे में बताया कि उसने चुनावी बॉन्ड के मूल्य और विशिष्ट संख्या दर्शाने वाली जानकारी का खुलासा किया है। हालांकि सुरक्षा कारणों के चलते दानकर्ताओं के केवाईसी विवरण को सार्वजनिक नहीं किया गया है। साथ ही, कहा कि संपूर्ण बैंक एसी नंबर, राजनीतिक पार्टियों के केवाईसी विवरण साइबर सुरक्षा कारणों से सार्वजनिक नहीं किए गए है। सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए कहा था कि वह चुनावी बॉन्ड के चुनिंदा आंकड़ों के बदले सारा डाटा 21 मार्च तक चुनाव आयोग को सौंपे। कोर्ट ने कहा, 15 फरवरी के आदेश के तहत चुनावी बॉन्ड जारीकर्ता बैंक को अल्फा न्यूमेरिक नंबरों सहित पूरे विवरण का खुलासा करना होगा। आदेश में बॉन्ड से जुड़ा सारा डाटा सार्वजनिक करने के निर्देश थे। बैंक को इस बारे में और आदेश का इंतजार नहीं करना चाहिए। दरअसल, भारतीय स्टेट बैंक ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्तों में 16,518 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड जारी किए हैं।

## न्यूज डायरी

### पत्नी का सिंदूर नहीं लगाना क्रूरता

**इंदौर।** हिंदू धर्म में शादी के बाद महिलाओं द्वारा मांग में सिंदूर लगाने का धार्मिक महत्व है। भारतीय संस्कृति में सिंदूर शादीशुदा होने की निशानी है। इस सिंदूर से मालूम पड़ता है कि महिला विवाहित है। सिंदूर लगाने को लेकर इंदौर कुटुंब न्यायालय ने कहा कि पत्नी का सिंदूर नहीं लगाना एक प्रकार से क्रूरता है। इस टिप्पणी के साथ इंदौर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने अलग रह रही पत्नी को आदेश दिया कि वह तत्काल पति के पास लौटे। अदालत ने पति के पक्ष में फैसला सुनाते हुए पत्नी को पति के पास आने का आदेश दिया।

### बरेली से पकड़ा गया दूसरा आरोपी

**बदायूं।** बदायूं में दो मासूम बच्चों की हत्या के मामले में नामजद आरोपी जावेद को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस बीच मृतक बच्चों के पिता विनोद ठाकुर का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि उनके दो बच्चों की हत्या किसी ने साजिश के तहत कराई है। जावेद ने ऐसा हत्याकांड क्यों किया। यह राज खुलना जरूरी है। अगर एनकाउंट कर दिया जाएगा तो राज ही नहीं खुलेगा। विनोद कुमार ने यह बयान तब दिया, जब उन्हें पता लगा कि जावेद ने बरेली में आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने कहा कि कितने लोग साजिश में हैं, जो उनके पूरे परिवार का सफाया चाहते थे।

# भोजशाला परिसर का आज से होगा सर्वेक्षण

**निर्देश**

- इंदौर हाईकोर्ट ने दिया था आदेश
- हाईकोर्ट को 6 सप्ताह में सौंपनी होगी रिपोर्ट



**इंदौर।** विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) 22 मार्च से धार में भोजशाला परिसर का सर्वेक्षण शुरू करेगा। यह घटनाक्रम इंदौर में उच्च न्यायालय, मध्य प्रदेश के आदेश के बाद आया है। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका पर हाई कोर्ट ने आदेश जारी करते हुए दो न्यायाधीशों की बेंच ने एएसआई के 5 सदस्यों की एक कमेटी गठित कर दो पीटीशनरो की मौजूदगी में पूरे मामले पर सर्वे कर बंद लिफाफे में रिपोर्ट 6 सप्ताह के अंदर पेश किए जाने की बात कही गई है , जिसमें यह तय किया जाएगा की भोजशाला पर आखिर अधिकार किसका है। अधिकारियों के मुताबिक एएसआई की ओर से स्थानीय पुलिस और प्रशासन को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि हाई कोर्ट की इंदौर पीठ के आदेश के अनुसार भोजशाला परिसर का पुरातत्व सर्वेक्षण या वैज्ञानिक जांच अथवा खुदाई अलसुबह से शुरू की जाएगी। धार के पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने एएसआई का यह पत्र मिलने की पुष्टि की है।

# होली-रमजान में ना हो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

**आदेश**

- अवैध शराब पर रखें निगरानी : डीजीपी
- अस्पतालों को अलर्ट पर रखा जाए



**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने होली के दृष्टिगत मातहतों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि होली और रमजान के कार्यक्रमों के दौरान लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो।

अस्पतालों को अलर्ट पर रखा जाए, जहां आकस्मिक सेवाएं दिन-रात सुचारू रहें। इसी तरह 108 एंबुलेंस सेवा को भी अलर्ट पर रखा जाए। मोबाइल एंबुलेंस की व्यवस्था भी आवश्यकतानुसार की जाए। डीजीपी की ओर से जारी निर्देशों में कहा गया कि आबकारी विभाग और स्थानीय मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय करके अवैध शराब पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। दंगा निरोधक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधिकारी पीएसी के साथ ज्यादा से ज्यादा फुट पेट्रोलिंग करें। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों के जरिए गहन निगरानी की जाए। धर्मगुरूओं, कार्यक्रम एवं जुलूस के आयोजकों, शांति समितियों आदि के साथ वरिष्ठ अधिकारी तथा मजिस्ट्रेट वार्ता कर लें। त्योहारों से संबंधित समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया जाए। किसी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए। बीते वर्षों में होलिका दहन एवं रंगोत्सव आदि के दौरान हुये विवाद आदि की सूची बनाकर उनका भी निस्तारण करा लिया जाए। होली जुलूस के मार्गो पर अधिक से अधिक पुलिस बल के साथ वरिष्ठ अधिकारी पूर्व से फ्लैग मार्च व एरिया डॉमिनेशन की कार्यवाही कर लें।

# माफिया मुख्तार अंसारी ने अदालत में लगाई गुहार

**साजिश**

- जेल में दिया जा रहा जहर, कभी भी हो सकती है मेरी मौत



**बाराबंकी।** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी ने जेल के खाने में जहर देने का आरोप लगाया है। उसने कहा है कि इससे उसकी तबीयत काफी गंभीर हो गई है और ऐसा लगता है कि कभी भी मृत्यु हो सकती है। मुख्तार अंसारी ने इसे बड़ा षड्यंत्र बताते हुए अदालत से इलाज करवाने की गुहार लगाई है।

बृहस्पतिवार को बाराबंकी की एमपी एमएलए कोर्ट में गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी के वकील ने उसका प्रार्थना पत्र अदालत को सौंपा। एंबुलेंस प्रकरण के बाद बाराबंकी की शहर कोतवाली में मुख्तार अंसारी समेत 12 पर दर्ज गैंगस्टर के मामले की सुनवाई चल रही है। बृहस्पतिवार को एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के समक्ष मुख्तार अंसारी को बांदा जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया। जबकि जफर उर्फ चंदा संतकबीरनगर नगर और अफरोज उर्फ चुन्नू गाज़ीपुर जेल से हाजिर हुए। इस दौरान हुई सुनवाई में किसी भी गवाह की उपस्थिति नहीं हुई लेकिन अदालत में मुख्तार अंसारी के वकील ने अदालत को उसका प्रार्थना पत्र सौंपा।

**लोकसभा चुनाव** — **कांग्रेस की तीसरी लिस्ट जारी, सात राज्यों के 56 नामों का ऐलान**

# अधीर को बहरामपुर और खरगे के दामाद को गुलबर्गा से टिकट

**उम्मीदवार**

- अब तक 138 प्रत्याशियों का ऐलान
- कांग्रेस इससे पहले दो लिस्ट कर चुकी है जारी
- चेवेल्ला से रंजीत रेड्डी को टिकट



अरुणाचल प्रदेश की दो, गुजरात की 11, कर्नाटक की 17, महाराष्ट्र की 7, राजस्थान-तेलंगाना की 5, पश्चिम बंगाल की 8 और पुडुचेरी की 1 सीट है

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को उम्मीदवारों की तीसरी लिस्ट जारी की. इसमें अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र राजस्थान, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी की 57 सीटों पर उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है।

इन 57 सीटों में अरुणाचल प्रदेश की 2, गुजरात की 11, कर्नाटक की 17, महाराष्ट्र की 7, राजस्थान की 6, तेलंगाना की 5, बंगाल की 8 और पुडुचेरी की 1 सीट शामिल है। पार्टी ने अरुणाचल प्रदेश वेस्ट सीट से नबाम तुकी और अरुणाचल प्रदेश ईस्ट सीट से बोसीराम सिरम को चुनावी मैदान में उतारा है. वहीं गुजरात की पाटन सीट चंदनजी ठाकुर और राज्य की साबरकांठा से तुषार चौधरी को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस ने गुजरात की गांधीनगर सीट से अमित शाह के सामने सोनल पटेल को टिकट दिया है. वहीं कर्नाटक की गुलबर्ग सीट से मल्लिकार्जुन खरगे के दामाद राधा कृष्ण को उम्मीदवार बनाया गया है. पश्चिम बंगाल की बहरामपुर सीट से अधीर रंजन चौधरी को चुनावी मैदान में पार्टी ने उतारा है। इसके अलावा कोलकाता उत्तर से प्रदीप भट्टाचार्य, पुरुलिया से नेपाल महतो और महाराष्ट्र के सोलापुर से परिणीति शिंदे को कांग्रेस ने टिकट दिया है।

> कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए इससे पहले दो लिस्ट जारी कर चुकी है. इसमें 82 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। पार्टी ने पहली लिस्ट में में 39 और दूसरी सूची में 43 उम्मीदवार घोषित किए थे.पार्टी उम्मीदवारों की पहली सूची में राहुल गांधी को केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में उतारा गया है। देश में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे। इसके बाद छह और चरणों में 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। लोकसभा की 543 सीटों पर हुए चुनाव का रिजल्ट 4 जून को आएगा।

# डूंगरपुर मामले में साक्ष्य के अभाव में आजम खां सहित आठ बरी



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां पर दर्ज डूंगरपुर बस्ती में घर में घुसकर मारपीट व डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के एक और मामले में बृहस्पतिवार को कोर्ट फैसला सुनाते हुए आजम खां सहित आठों आरोपियों को बरी कर दिया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद साक्ष्यों के अभाव के कारण यह फैसला सुनाया। गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 12 मुकदमे 2019 में दर्ज हुए थे। यह सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे, इसमें एक मामला पांच जुलाई 2019 को घेर मियां खां निवासी शफीक बानो ने गंज थाने में दर्ज कराया था।




# स्ट्रीट लाइट के स्विच बोर्ड में करंट आने से 11 वर्षीय बालक कामरान की मौत

**■ परिजनों ने नगर पंचायत और बिजली विद्युत की लापरवाही से बेटे की मौत होने का लगाया आरोप**

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** खीरी टाउन नगर पंचायत क्षेत्र में बृहस्पतिवार को दर्दनाक घटना घटित हुई। नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट के स्विच बोर्ड में करंट आने से मोहल्ला डीहपुर के 11 वर्षीय बालक कामरान की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। परिजनों ने नगर पंचायत और बिजली विद्युत की लापरवाही से बेटे की मौत होने का आरोप लगाया। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि नगर पंचायत की स्ट्रीट लाइट के स्विच बोर्ड कई दिनों से खुला हुआ था नगर पंचायत में इसकी शिकायत भी थी कि बॉक्स में करंट आता है, फिर भी नगर पंचायत ने संज्ञान नहीं लिया। बॉक्स को ठीक नहीं किया गया। बृहस्पतिवार को कामरान ने जैसे ही बटन दबाया, करंट लगने से उसकी मौत हो गई। उसके परिजनों ने हंगामा करते हुए सड़क पर जाम लगा दिया था। मौके पर एसओ और चौकी प्रभारी ने परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया। एसडीएम सदर भी मौके पर पहुंची थीं। पुलिस ने शव को जिला मुख्यालय स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है।

# सपा बसपा छोड़ सैकड़ों पदाधिकारियों ने ग्रहण किया भाजपा की सदस्यता

# तीसरी बार मोदी को पीएम बनाने का लिया संकल्प

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा के आवास पर गुरुवार को सैकड़ों बसपाई, सपाई व कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी की नीतियों से प्रेरित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। बीजेपी ज्वाइन करने वालों में सपा छोड़कर त्रिलोकी नाथ मिश्रा कृष्ण मुरारी वर्मा, राम सिंह कुशवाहा, महेश शुक्ला, सुशील मिश्रा, बबलू, गोपाल कृष्ण वर्मा, राजेश तिवारी, आदेश पाल, हीरालाल गौतम, प्रमोद मिश्रा, प्रदीप सिंह कुशवाहा, विक्रांत, श्रीकांत अवस्थी, अनिल कुमार, अविनाश गौतम, फिरोज खान, जीतराम, आदेश तथा सपा सेक्टर प्रभारी संदीप वर्मा रहे जिनका स्वागत सांसद रेखा वर्मा ने करते हुए कहा कि भाजपा परिवार में शामिल हुए सभी युवाओं से उन्हे प्रेरणा मिलेगी व सभी लोग मिलकर पार्टी को और भी मज़बूत कर 2024 के लोकसभा चुनाव में सफलता का परचम लहराएंगे। भाजपा ने बिना भेदभाव के विकास कार्य किए तथा सभी को आगे बढ़ाने का काम किया है। भाजपा ने तमाम ऐसी कल्याणकारी योजनाएं चला रखी हैं, जिनका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है,भारत विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है जल्द हम विकसित राष्ट्र की श्रेणी में शामिल होंगे विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में प्रधानमंत्री मोदी सबसे ऊपर हैं। इस अवसर पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा को आश्वस्त किया धौरहरा में इस बार भाजपा की ऐतिहासिक विजय होगी।



## संकटा देवी मार्ग पर गढ्ढों से आए दिन होते हैं लोग हादसों का शिकार



**लखीमपुर खीरी।** संकटा देवी मार्ग पर गड्ढे में बीते कुछ दिनों पूर्व एक ई रिक्सा पलट गया जिसमें राहगीर चोटिल हुए अब उसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है लेकिन अफसर अभी भी बेखबर है और आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहा हैं।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रथम रेण्डमाईजेशन के उपरान्त स्ट्रांग रूम खोलकर विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट के भौतिकीय पृथककरण का कार्य किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को ईवीएम की छंटाई के कार्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चल रहे प्रशिक्षण में जाकर कार्मिकों को प्रशिक्षण भी दिया इस दौरान उन्होंने तकनीकी बारीकियों के अपने अनुभव भी साझा किए। डॉ.दिनेश चन्द्र ने बताया कि इस प्रक्रिया से पहले बुधवार को सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम-वीवीपैट मशीनों का चिह्नीकरण कर लिया गया था।

## अवैध असलाह के साथ हिस्ट्रीशीटर बदमाश गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने अवैध असलाह के साथ 01 वारंटी/हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 देशी तमंचा व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये है।

थाना कुतुबशेर प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष सं. 4 सहारनपुर से सम्बन्धित वारंटी हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शारिक उर्फ खच्चर पुत्र सलीम लंगडा निवासी 10 ढोलीखाल थाना कुतुबशेर को अभियुक्त के घर के बाहर मौ.ढोलीखाल से गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बरामद हुए। अभियुक्त के विरूद्ध थाना कुतुबशेर पर धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

## भारतीय निष्काम सेवा मण्डल ने होली मिलन कार्यक्रम मनाया



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भारतीय निष्काम सेवा मण्डल द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में होली के मधुर गीतों पर सभी ने जमकर डांस किया। इस दौरान रासलीला व फूलों की होली से पूरा पंडाल होलीमय हो गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मण्डल परिवार के मुख्य सलाहकार सतीश सिंघल ने फीता काटकर किया। साथ ही दीप प्रज्जवलन मण्डल के संरक्षक अनिल अग्रवाल के करकमलों द्वारा किया गया। होली उत्सव में मण्डल परिवार के संरक्षक सतगुरु देव राज राजेश्वरी, आचार्य प्रगीत कौशिक महाराज ने कहा कि जिस कार्य को करने मे कोई कामना न हो अर्थात कोई भी सेवा भाव कार्य बिना किसी स्वार्थ के किया जाए, ऐसा ही मण्डल परिवार है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों होली पर्व की शुभकामनाएं भी दीं। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक व मण्डल के संरक्षक विश्वनाथ गोयल ने कहा कि इस उत्सव में शंकर आर्ट ग्रुप के कलाकारों द्वारा भव्य रासलीला एवं राम दरबार का सुंदर मंचन किया। जिसे देखकर दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए। मण्डल के अध्यक्ष राजा जैन ने बताया कि कार्यक्रम का आरम्भ मंच संचालन अलीशा गुम्बर के द्वारा होली के मजेदार व्यंगों के साथ किया गया, राम के है राम के थे, ओर राम के रहेंगे, की ध्वनि के साथ ओम डांस एकेडमी के प्यारे बच्चों ने गणेश वंदना की सुन्दर प्रस्तुति दी। कोरियोग्राफर शिवानी सिंघल के नेतृत्व मैं होली आई होली आई, आज ब्रज मैं होली है रसिया, के भजनों पर ग्रुप नृत्य भी किया गया। वैष्णवी जैन ने होली खेलन आये नंद लाल जैसे मिक्सिंग भजनों पर होली के अवसर पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया। होली मिलन उत्सव के मुख्य संयोजक विश्वनाथ गोयल, मुख्य सलाहकार विनय जैन, राहुल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम मे आये अतिथियों महापौर डॉ.अजय सिंह, विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व मंत्री संजय गर्ग, राजकुमार राजू, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, विनय जिंदल, श्रवण गोयल, संदीप जेसिका जैन ने होली के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। इस दौरान छोटे से बालक कृष्णा अग्रवाल ने हनुमान चालीसा का पाठ कर सभी दर्शकों को भाव विभोर किया।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**रायबरेली।** निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में 50 प्रतिशत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में वि0 ख0 छतोह के ग्राम पंचायत काजीपुर तेलियानी के कं0पो0वि0 काजीपुर तेलियानी में मतादाता जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे नायब तहसीलदार,सलोन वेद प्रकाश ने उपस्थित नागरिकों को मतदान में शामिल होने हेतु प्रेरित किया। साथ ही लोगों को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई। खण्ड शिक्षा अधिकारी,छतोह विजय प्रकाश ने महिलाओं,वरिष्ठ नागरिकों एवम दिव्यांग मतदाताओं को मतदान कराने हेतु प्रेरित किया। ए डी ओ नागेश कुमार ने सभी को मतदान करने के लाभ गिनाए।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान, लेखपाल, पंचायत से आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका, रोजगार सेवक,सफाई कर्मी साहित सैकड़ों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## एडीओ पंचायत शिवाशीष श्रीवास्तव को एंटी करप्शन टीम ने 50,000/-रूपये लेते हुए रंगे हाथ किया गिरफ्तार



**लखीमपुर खीरी।** सेक्रेटरी से प्रमोशन होकर एडीओ पंचायत बने शिवाशीष श्रीवास्तव ईशानगर को एंटी करप्शन टीम ने 50,000/-रूपये लेते हुए रंगे हाथ किया गिरफ्तार परिवार रजिस्टर की नकल मे छेड़छाड़ करके देने के एवज मे मांगे थे रूपये शिवाशीष शरण श्रीवास्तव कपूरथला निवासी है।

## वारन्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना मितौली पुलिस द्वारा आज दिनांक 21.03.24 को थाना मितौली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 180/20 धारा 323/504/506 भादवी0, वाद सं0 81/21 से सम्बन्धित वारन्टी अभियुक्त संघरत्न पुत्र भगवतशरण आनन्द नि0 खन्तादेशू थाना मितौली, खीरी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

### जिलाधिकारी के आदेश पर 07 नये गेहूँ क्रय केन्द्र खोले गये

## जनपद में 121 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित

**रायबरेली।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हार्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 55, पीसीयू के 19 एवं भारतीय खाद्य निगम के 08 कुल 114 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेन्सी मण्डी परिषद एवं नैफेड से प्राप्त प्रस्ताव के अनुसार 07 नये गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 121 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से सम्बन्धित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते शासनादेशानुसार/नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार



**रायबरेली।** जनपद रायबरेली में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत्य कार्यवाही के अंतर्गत आज थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त अंशु पुत्र रामविलास निवासी ग्राम रंभा खेड़ा थाना बछरावां जनपद रायबरेली को अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध थाना बछरावां पर मुकदमा अपराध संख्या 153/2024 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधि कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

## काल्विन क्रिकेट एकेडमी ने चार विकेट से जीता मैच

**सहारनपुर।** डिस्ट्रिक क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित अंडर-16 डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में काल्विन क्रिकेट एकेडमी की टीम ने देवबंद की टीम को चार विकेट से पराजित कर मैच जीत लिया। ज्ञानकलश क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन ज्ञानकलश स्कूल के सेक्रेट्री योगेश गुप्ता व एसडीसीए के अध्यक्ष अमर गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। मैच ग्लोबल क्रिकेट एकेडमी देवबंद व काल्विन क्रिकेट एकेडमी नकुड़ के बीच खेला गया। काल्विन क्रिकेट एकेडमी की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी देवबंद की टीम ने अपने निर्धारित 40 ओवर में 8 विकेट गंवाकर 233 रन बनाए। बल्लेबाजी में देवबंद की ओर से शिवांशु व वर्णित ने 60-60 रन बनाए व अभिजीत ने 49 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी में काल्विन एकेडमी की टीम की ओर से हिमांशु ने 3 व सूजस ने 2 व विशाल, अभिषेक, रितिक ने 1-1 विकेट लिए। काल्विन क्रिकेट एकेडमी की टीम को 234 रनो का लक्ष्य मिला।

## युद्ध स्तर चल रहा है नालों का सफाई अभियान

**सहारनपुर।** नगर निगम ने युद्ध स्तर पर शहर के पांच बड़े नालों सहित 281 नालों की सफाई का अभियान शुरु किया है। अभियान में बड़ी संख्या में कर्मचारियों के अलावा पोकलेन, बैक लोडर, रोबोट व ट्रालियों सहित करीब दो दर्जन वाहन लगाये गए हैं। अभियान 30 जून तक चलाया जायेगा। नगर निगम द्वारा बरसात से पहले हर वर्ष अप्रैल माह में शहर के नालों की सफाई का अभियान शुरु किया जाता है, लेकिन इस वर्ष नगरायुक्त संजय चौहान के निर्देश पर यह अभियान 13 मार्च से शुरु किया गया है। जेडएसओ राजीव चौधरी ने बताया कि संक्रामक रोग नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए अभियान जल्दी शुरु किया गया है। जेडएसओ ने बताया कि अभियान के तहत पांच बड़े नालों -चिलकाना रोड, क्रेगी नाला, गत्ता मिल शारदा नगर नाला, कुतुबशेर से जेबीएस तक नाला व राकेश केमिकल रोड नाले के अलावा 36 मझौले नालों सहित कुल 281 नालों की सफाई की जायेगी। जेडएसओ ने बताया कि शहर को जोन में बांटकर नालों का सफाई अभियान चलाया जा रहा है।

# जज कल्पना पांडेय द्वारा अभियुक्त पंकज को पोक्सो एक्ट के तहत आजीवन कैद और 50 हजार रूपए जुर्माने की सज़ा

*अवधनामा संवाददाता*
*अहमद रज़ा*

**सहारनपुर।** अपने कार्य में निष्ठावान एवं लंबित महत्व पूर्ण वादों को जल्द निपटाने में सक्षम मैडम कल्पना पाण्डेय ए.डी.जे./अपर विशेष न्यायाधीश(पाक्सो एक्ट),कक्ष सं0-14, ने सहारनपुर के थाना देवबंद क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई एक दिल दहला देने वाली घटना के मामले में अभियुक्त पंकज को धारा 376 भारतीय दण्ड संहिता के आरोप में दोष सिद्ध किया गया है योग्य जज ने कहा कि उक्त घटना में अभियुक्त पंकज के विरूद्ध 3/4 (2) पोक्सो अधिनियम के अपराध का आरोप साबित हुआ है अतः अभियुक्त पंकज को अन्तर्गत धारा 4 की उप धारा-2 पोक्सो अधिनियम के अन्तर्गत आजीवन कारावास व अंकन 50,000/- रूपये (पचास हजार रूपये) अर्थदण्ड से दण्डित किया जाता है। उक्त मुकदमे में सरकार की ओर से सख्त पैरवी करते हुए शासकीय



अधिवक्ता पोक्सो मैडम शहजाद ख़ान ने प्वाइंट वार जज साहब के सामने सभी तथ्य प्रस्तुत करते हुए अभियुक्त के अपराध को जघन्य कृत्य करार दिया काबिल जज मैडम कल्पना पांडेय ने पीड़िता की पूरी दास्तां सुनाने के बाद मिले साक्ष्य की रोशनी में पंकज को मुजरिम करार दिया और उमर क़ैद के साथ साथ जुर्माना भी आयद की जज के आदेशानुसार पंकज द्वारा अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में अभियुक्त पंकज एक वर्ष के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भोगेगा।अभियुक्त पंकज को आईपीसी की धारा 306 के अपराध के आरोप में 7 वर्ष के सश्रम कारावास व अंकन 10 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया जाता है, जुर्माना अदा न किये जाने पर अभियुक्त एक वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतेगा। मैडम कल्पना पांडेय द्वारा त्वरित सुनवाई करते हुए पीड़िता को जो इंसाफ़ प्रदान किया है उसकी सर्वत्र सराहना हो रही है शासकीय अधिवक्ता मैडम शहजाद ख़ान ने जिस मेहनत से पैरवी की वोह भी काफ़ी बेहतर कार्य शैली का प्रमाण है। अभियुक्त पंकज को आईपीसी की धारा 506 के अपराध के आरोप में 1 वर्ष के सश्रम कारावास व अंकन 1 हजार रूपये के जुर्माने से दण्डित किया जाता है, जुर्माना अदा न किये जाने पर अभियुक्त तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भोगेगा।

## विद्युत अधिकारियों को व्यापारिक समस्याओं से कराया अवगत

**सहारनपुर।** सहारनपुर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल का एक शिष्टमंडल आज विद्युत विभाग के एक्सईन-1 अवधेश कुमार सिंह से उनके कार्यालय में मिला तथा व्यापारिक समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श किया। व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला के नेतृत्व में शिष्ट मण्डल ने घंटाघर स्थित विद्युत विभाग के एक्सईन-1 अवधेश कुमार सिंह से भेंट की और विद्युत अधिकारियों व विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विभाग व अधिकारी विद्युत की निर्बाध आपूर्ति करा रहे है, जिससे व्यापारियों को विद्युत समस्याओं से काफी हद तक निजात मिल गयी है। व्यापारी अपना कारोबार सही प्रकार से कर पा रहे हैं। बार-बार कट की समस्या से काफी हद तक निजात मिल गयी है।

# कार्यशाला के दौरान कई शिक्षक हुए मधुमक्खियों के हमले के शिकार

*अवधनामा संवाददाता*

**कर्नलगंज, गोण्डा।** क्षेत्र के एक डिग्री कालेज में आयोजित शिक्षक व एसएमसी अध्यक्ष की कार्यशाला के दौरान कई शिक्षक मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए,जिनका इलाज सीएचसी के साथ निजी अस्पतालों में चल रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना कर्नलगंज क्षेत्र के सरयू डिग्री कालेज में आयोजित शिक्षक व एसएमसी अध्यक्ष की कार्यशाला से जुड़ी है। प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को सरयू डिग्री कालेज के हाल में शिक्षकों की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम संचालित था उसी बीच मधुमक्खियों के झुण्ड ने पहुंचकर शिक्षकों पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों के हमले से अफरा तफरी मच गई शिक्षक अपनी जान बचाकर भागने लगे,लेकिन तब तक मनीष मौर्य, शाहिद अहमद, राजकुमार व दक्षराज सहित करीब एक दर्जन से अधिक शिक्षक मधुमक्खियों के हमले का शिकार हो गए। देवेंद्र सिंह ने बताया की शिक्षकों की दयनीय स्थिति देखकर खंड शिक्षा अधिकारी अपनी जान जोखिम में डालकर कार से पहुंची और शिक्षकों को वहां से सुरक्षित स्थान पर पहुँचाने लगी। देवेंद्र सिंह ने बताया की वह स्वयं भी सतीश चौधरी के साथ शिक्षकों को कार मे बैठाकर अस्पताल पहुंचाए,जहां इलाज चल रहा है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी नूतन जायसवाल ने बताया की सभी शिक्षकों की स्थिति सामान्य है,अधिकतर शिक्षक अपने घर जा चुके हैं।

# परसिया रानी गाँव में पीले ईट से हो रहा है इंण्टर लांकिग निर्माण कार्य



*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** विकास खण्ड कटरा की ग्राम पंचायत परसिया रानी में लाखों की लागत से बनाई जा रही इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में पीले ईंटो के साथ बालू का प्रयोग किया जा रहा है।तो वहीं मानको की दुहाई देने वाले ब्लॉक के जिम्मेदार जेई से लेकर अधिकारी जानबूझकर मूक दर्शक बने हुए हैं।एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास कार्यों में पूरी पारदर्शित के साथ मानको को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य कराए जाने के साफ निर्देश आए दिन दिए जा रहे हैं।तो वही मिलीभगत से विकास क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में धांधली आम बात हो गई है।सांठगांठ से विकास कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे हैं।जिसका जीता जागता उदाहरण यदि देखना हो तो विकासखंड कटरा ग्राम पंचायत परासिया रानी गांव में आकर कभी भी देखा जा सकता है।वही सूत्रों के मुताबिक लाखों की लागत से बनाए जा रहे इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में मानको को दरकिनार करते हुए बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है।इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण में बॉक्सिंग की जुड़ाई में दोयम दर्जे की ईंटों के साथ घटिया की किस्म की साम्रग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।जो भ्रष्टाचार को उजागर करती है।वही इस प्रकरण मुख्य विकास अधिकारी गोंडा से मिलकर अवगत कराया गया तो उन्होंने कहा कि हमें जानकारी नहीं है वीडियो में पीले ईट दिखाई दे रहे हैं इसकी जांच कर कर कार्रवाई की जाएगी।

# कर्नलगंज के नवागत कोतवाल के लिए लाखों की लूट का खुलासा बना चुनौती

**■ तत्कालीन कोतवाल के निलंबन और जिम्मेदार कस्बा इंचार्ज पर मेहरबानी से उठ रहे सवाल**

**■ पुलिस की गश्त और बेहतरीन पुलिसिंग के दावो की निकल रही हवा**

*अवधनामा संवाददाता*

**कर्नलगंज, गोण्डा।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत कस्बा कर्नलगंज में बीते 4 मार्च को बदमाशों द्वारा सर्राफा व्यवसायी से लाखों की लूट की बड़ी घटना का खुलासा करना नवागत कोतवाल निर्भय सिंह के लिए चुनौती साबित हो रहा है। एसपी द्वारा गठित की गई पांच टीमें अभी तक बदमाशों का पता नहीं लगा सकी है। मामले में तत्कालीन कोतवाल के निलंबन और जिम्मेदार कस्बा इंचार्ज पर मेहरबानी से भी सवाल उठ रहे हैं। क्षेत्र में अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने को लेकर दावे तो तमाम किए जाते हैं लेकिन सब कुछ ढाक के तीन पात साबित हो रहे हैं। अब ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आखिर पुलिस कैसे अपराधियों पर नकेल कसेगी। नवागत कोतवाल निर्भय सिंह के लिए क्षेत्र का चर्चित लूट कांड, गंभीर अपराध, बेखौफ चोरों द्वारा घरों में घुसकर चोरी, बाईक चोरी, छिनैती सहित कोतवाली क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर रेलवे के आंड़ में बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध मिट्टी व बालू के खनन व परिवहन पर अंकुश लगाना किसी चुनौती से कम साबित नहीं होगा। पुलिस ने अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए इस तरह की योजना बनाई कि मानो अपराधियों को जड़ से उखाड़ फेकेंगी। उसकी सारी तैयारी हवा हवाई साबित हो रही है।

आपको बता दें कि बीते 4 मार्च को कर्नलगंज कस्बे में सर्राफा व्यवसायी से हुई लूट का खुलासा ना हो पाने के चलते कर्नलगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेमंत गौड़ को निलंबित कर दिया गया,लेकिन जिम्मेदार कस्बा चौकी प्रभारी आशीष कुमार पर आला अधिकारियों की मेहरबानी बरकरार रही। वैसे जो भी हो कस्बे में इतनी बड़ी घटना पहली बार हुई है जिसके चलते व्यापारियों में दहशत है। इस प्रकार की घटनाएं होने से ऐसा लगता है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ नहीं रहा। इससे पुलिस की गश्त और बेहतरीन पुलिसिंग के दावों की हवा निकल रही है। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक पर कार्रवाई के बाद कस्बे में जनचर्चाएं यह भी हैं कि अभी और कुछ लोग पुलिस अधीक्षक के निशाने पर आ सकते हैं। यही नहीं एसपी विनीत जायसवाल द्वारा घटना स्थल का जायजा लेते हुए बदमाशों को खोज निकालने और घटना का शीघ्र खुलासा करने के लिए चेतावनी दी जा चुकी है और इस मामले के खुलासे हेतु एसओजी समेत पुलिस की पांच टीमें लगाई हैं। इसके बावजूद अब तक घटना के 17 दिन बीतने के बाद भी पुलिस खाली हाथ दिख रही है। यही नहीं सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद भी किसी निष्कर्ष पर पुलिस नहीं पहुंच सकी।

कस्बे के भीड़ भाड़ वाले इलाके में ऐसी वारदात का होना पुलिस की सक्रियता पर सवालिया निशान लगाती है। वहीं कस्बे में सर्राफा व्यापारी से हुए लूट कांड का खुलासा ना होने से आक्रोशित सर्राफा एसोसिएशन व व्यापार मंडल के पदाधिकारी समेत नगर के संभ्रांत व्यापारियों ने आपातकालीन बैठक करके एक सप्ताह में कार्रवाई न होने पर प्रशासन को बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

# सोशल मीडिया पर रहेगी विशेष निगाह, अफवाह फैलाने पर होगी सख्त कार्रवाई: जिलाधिकारी

## होली, रमजान, ईद व गुड फ्राइडे के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



- आपसी प्रेम व सद्भाव के साथ मनाये त्योहार : डीएम
- त्योहारों के दृष्टिगत पुलिस की रहेगी चाकचौबंद व्यवस्था : एसपी

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में आज पुलिस लाइन प्रेक्षागृह में सेंट्रल पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में होली रमजान, ईद व गुड फ्राइडे पर्व के दृष्टिगत शांति-व्यवस्था के साथ आपसी सौहार्द एवं समरसतापूर्ण वातावरण में मनाने के लिए व्यापक विमर्श किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन समस्त त्योहारों के दृष्टिगत शांति-व्यवस्था के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहार खुशी का अवसर होता है और मिलजुल कर मनाने से खुशियां बढ़ती है। जनपद में आपसी प्रेम व सद्भावपूर्ण वातावरण में सभी धर्मो के पर्व मनाने की परंपरा रही है। सभी पर्वो के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने मुकम्मल तैयारी की है। विद्युत विभाग को 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान आने वाले लोकल फॉल्ट और ट्रांसफार्मर संबंधी समस्याओं के त्वरित निपटान की तैयारी की गई है। विद्युत सब स्टेशन में विद्युत कटौती संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्युत समस्याओं के निस्तारण के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका नंबर 8004930620 है। जिलाधिकारी ने बताया कि इन पर्वों के दृष्टिगत साफ-सफाई की व्यापक व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में नगरीय क्षेत्रों के लिए नगर निकायों तथा ग्रामीण क्षेत्र में जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित किया जा चुका है। शहरी क्षेत्र में व्हाट्सएप नंबर 7071809799 पर मौके की तस्वीर व लोकेशन लैंडमार्क भेजकर सफाई कराई जा सकती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई के लिए व्हाट्सएप नंबर 8090445060 पर इसी तरह शिकायत कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। नगरीय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की गई है। होली के दृष्टिगत पानी से जुड़ी समस्याओं के लिए 18001801382 टॉल फ्री नंबर अथवा 1533 पर शिकायत भी की जा सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि कतिपय शरारती तत्व सोशल मीडिया पर अपने घृणित भावनाओं को व्यक्त करते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया की विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपद में किसी भी तरह की असुविधा नागरिकों को न हो यह सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों की विशेष ड्यूटी लगाई जा रही है। ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है और इमरजेंसी एंबुलेंस 108 नंबर व 102 नंबर सेवा सुचारु रुप से चलेगी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि पर्वो के दृष्टिगत पुलिस की व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। कतिपय लोग होली पर्व पर शराब एवं अन्य मादक पदार्थ का सेवन करके नशे की हालत में वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका रहती है। नशे की हालत में कोई भी चालक ओवरस्पीडिंग या ट्रिपलिंग न करे, पुलिस यह सुनिश्चित करेगी। पुलिस होलिका दहन कमेटियों के साथ समन्वय स्थापित कर रही है। उन्होंने नागरिकों से अबीर-गुलाल और रंग से होली खेलने का अनुरोध किया। कहा कि कीचड़ से होली खेलने पर लोग पुलिस को सूचित कर सकते हैं, पुलिस इस पर कड़ी कार्रवाई करेगी। शांति व्यवस्था से जुड़ी किसी भी आकस्मिक स्थिति की सूचना 112 नंबर पर दी जा सकती है। पीस कमेटी की बैठक में सीएमओ डॉ राजेश झा, डीएफओ जगदीश आर, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव, सीआरओ जेआर चौधरी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ दीपेंद्रनाथ चौधरी, एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी, एसडीएम दिशा श्रीवास्तव, एसडीएम हरिशंकर लाल, एसडीएम रत्नेश तिवारी, एसडीएम गिरीश झा, सीओ संजय रेड्डी, जिला विकास अधिकारी रवि शंकर राय, डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय, डीपीओ कृष्णकांत राय, समेत बड़ी संख्या में विभिन्न धर्मों के धर्माचार्य एवं अनुयायी मौजूद थे।

# नाइट ब्लड सर्वे से पता लगाएंगे फाइलेरिया संक्रमण की दर

अवधनामा संवाददाता



- प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लैब टेक्नीशियंस को दिया गया प्रशिक्षण

**देवरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में संक्रमण की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इसके लिए नाइट ब्लड सर्वे कराने की तैयारी है। इसी कड़ी में सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में सीएमओ डॉ राजेश झा की अध्यक्षता में प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के लैब टेक्नीशियनों टेक्नीशियंस को प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान उन्हें फाइलोरिया बीमारी, इसके कारक तथा प्रभाव और परजीवी के जीवन चक्र आदि पूरी जानकारी दी गई। उन्हें रक्त का नमूना लेने और रक्त पट्टिका बनाने के टिप्स भी दिये गये। इस मौके पर सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि एक अप्रैल से जिले में नाइट ब्लड सर्वे की शुरुआत होगी। सर्वे में लोगों के रक्त के नमूने लिए जाएंगे और फाइलेरिया परजीवी की मौजूदगी का पता लगाया जाएगा। जिले के शहरी क्षेत्र सहित सभी ब्लॉक में दो-दो साइट्स बनाये जायेंगे। रक्त के नमूने रात्रि के 8:30 बजे से रात्रि के 12 बजे के बीच लिए जाएंगे। नाइट ब्लड सर्वे के लिए प्रशिक्षित लैब टेक्नीशियन की सहायता से 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के रक्त के नमूनों की जांच की जानी है। एसीएमओ वेक्टर बार्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम डॉ संजय गुप्ता ने कहा फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है जिसके संक्रमण के बाद लक्षण दिखने में पांच से पंद्रह साल भी लग सकते हैं। समय से पहचान कर प्रबन्धन करने से हाथीपांव (फाइलेरिया) को नियंत्रित किया जा सकता है। इस मौके पर पाथ संस्था के प्रोग्राम मैनेजर डॉ नीरज पांडेय ने कहा कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दूषित पानी में पनपते हैं। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया ग्रसित व्यक्ति को काटने के बाद स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो इसके परजीवी खून के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया संक्रमित कर देते हैं। शरीर के जिस भी अंग में फाइलेरिया है, उसकी नियमित साफ-सफाई बेहद जरूरी है। कार्यशाला में डीएमओ सीपी मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, सीफार संस्था के जिला समन्वयक दीपनारायण पांडेय, और पाथ संस्था के जिला समन्वयक देशदीपक सहित प्रमुख तौर पर मौजूद रहे। **2022 में मिले थे पांच फाइलेरिया के मरीज:** डीएमओ सीपी मिश्रा ने बताया कि इससे पहले वर्ष 2022 में हए नाईट ब्लड सर्वे में चार हजार लोंगो की जाँच की गई थी। शहरी क्षेत्र में पांच नये फाइलेरिया मरीज इसी सर्वे के दौरान ही मिले थे।

# खाद्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ उत्तर प्रदेश के आदेश एवं जिलाधिकारी जालौन के निर्देशानुसार आगामी होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने की दृष्टि से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग जनपद जालौन द्वारा विशेष अभियान चलाकर नगर में विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री भेजने बेचने वाले दुकानदारों के यहां निरीक्षण कर खाद्य सामग्री के नमूने परीक्षण हेतु भरे गए।

उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार के निर्देशन में डॉ जतिन कुमार सहायक आयुक्त खाद्य, आलोक कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी, सुनील कुमार, कन्हैयालाल आदि के नेतृत्व में खाद्य विभाग की टीम द्वारा नगर के ज्वालागंज स्थित खाद्य सामग्री बेचने वाले किराना व्यापारी सरसों के तेल के विक्रेता आदि दुकानों में सघन निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी ने दुकानों पर बेची जा रही खाद्य सामग्री की वैधानिक तिथि एवं गुणवत्ता का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न दुकानों पर बेची जा रही खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट का भी निरीक्षण किया। खाद्य विभाग की टीम ने प्रशांत फूड प्रोडक्शन, अरविंद कुमार, धौलागढ़ एजेंसी, देवचंद साहू की दुकानों से खाद्य पदार्थ सरसों के तेल का नमूना व नमकीन का नमूना परीक्षण हेतु संग्रहित कर प्रयोगशाला भेज दिया है ।उप जिलाधिकारी की इस कार्यवाही से नगर में हड़कंप मच गया है। उप जिलाधिकारी अतुल कुमार ने समस्त जनता को आगाह किया है कि त्योहारों पर गलत खाद्य सामग्री बेचने वाले लोगों से सावधान रहें और कोई भी व्यक्ति यदि मिलावटी सामान बेच रहा है तो अविलंब प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने व्यापारी भाइयों से भी अनुरोध किया कि मिलावटी समान ना बेचें ताकि होली के पावन त्यौहार पर कोई भी असहज स्थिति उत्पन्न न हो सके।

# एनएसएस के प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा तथा बैंकिंग नियमों की जानकारी दी

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय गूढ़ा न्यामतपुर के छात्र छात्राओं द्वारा सात दिवसीय एन एस शिविर का आयोजन किया जा रहा है शिविर के सातवें दिन साइबर सुरक्षा तथा बैंकिंग नियमों की जानकारी दिये जाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

छात्र छात्राओं ने लोगों को जागरूक करते हुवे उन्हें बताया कि आज कल साइबर क्राइम चरम पर फोन के माध्यम से साइबर अपराधी तरह तरह के फंडे अपना कर आप से रुपये लूट रहे इसके लिये सुरक्षा करना अत्यंत जरुरी हो गया अगर आप या आपका कोई साथी रिस्तेदार इसका शिकार होता है तो आप घबड़ाये नहीं है।इससे निपटने के लिये साइबर थाने में सूचना दे और पहले आप ही इन अपराधियो से ढंग से मुकाबला करें।बिना नाम के फीड नंबरो की वीडियो कांल न उठाये। बैंकिंग के नियमों की भी जानकारियां दी गयी । शिविर के अंतिम दिन इसका समापन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष डां नितिन मित्तल द्वारा शिविर के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। नीलकंठेश्वर मंदिर परिसर में चल रहे एन एस शिविर के सातवे दिन प्रथम और द्वितीय दोनो इकाईयों के प्रतिभागियों द्वारा साइबर सुरक्षा तथा बैंकिंग नियमों की जानकारी देते हुये एक कार्यक्रम आयोजित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के सात दिवस पूरे होने पर महाविद्यालय के अध्यक्ष डां नितिन मित्तल ने इस शिविर के समापन की घोषणा करते हुवे सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम अधिकारी डां अवनीश दीक्षित ने कहा साइबर सुरक्षा अब बहुत जरुरी हो गया हे। इसके लिये सभी को जागरूक होना चाहिये। साइबर अपराध चरम सीमा पर है। प्रतिभागियों ने मोहल्ला मुरलीमनोहर में शिविर लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर सुधा सिंह, डां सचिन अवस्थी, आदर्श श्रीवास्तव, डां चन्द्रभान मिश्रा, राजकुमार याज्ञिक, विनीत मिश्रा, काजल सेंगर, शालिनी शिवहरे, अश्वनी शर्मा, अर्पित अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यायालय सूचना

न्याय.श्रीमान सिविल जज (सीडी) सहारनपुर प्र0 वाद 11 सन 2023 1...कुमारी दिव्यांशी गौड पुत्री विशाल शर्मा वा श्रीमती शालिनी शर्मा 2... कु दिविशा गौड नाबालिग द्वारा नेक्स्ट फ्रेंड वा माता हकीकी श्रीमति शालिनी शर्मा सी..1 विवेक विहार, सहारनपुर वादिया (बनाम) 1.. सनेहलता पत्नि स्व. रामेश्वर दयाल 2. विशाल शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल 3. श्रीमति ममता शर्मा पत्नि स्व. संदीप शर्मा नि. 2 बी 3208 विशाल दीप,गिल कॉलोनी,सहारनपुर चुंकि उपरिनामांकित ने न्याय.मैं आवेदन किया है अतव आपको अतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ़ हेतु संदर्शित करने के लिए 29.3.24 को सुबह 10 बजे असालतन या सम्यक रुपेण अपने अधिवक्ता द्वारा मेरे न्यायालय में उप सजाता हों और जवाब दही दावा करें ऐसा करने में असफल रहने पर ऊक्त वाद एक पक्षीय सुना जायेगा और आवधारित किया जाएगा।

**आज्ञा से (मुंसरिन) सिविल जज**
**सी डी सहारनपुर**

## न्यायालय सूचना

रविन्द्र मृतक पिता कबूला का कानूनी वारिस है जिसमें विरासत में प्राप्त संपत्ति खसरा न. 82 भूखंड 53,89.76 mt भूखंड वाके ग्राम शीतलपुर प्र0 गंगोह तह0 नकुड ज़ि. सहारनपुर kifs housing Ltd से ऋण प्राप्त कर रहा है यदि किसी को कोई उज़्र हो तो 7 दिन के भीतर संपर्क करें। राम शरण शर्मा एड. सिविल कोर्ट चै.न.170, सहारनपुर मो.9411673105 dt 19,3,24

## न्यायालय सूचना

सूचित किया जाता है कि प्रार्थी मनीष पुत्र स्व.सोम प्रकाश नि.कैनाल कालोनी, स.पुर दिनांक 18.3.2024 को 11 बजे दिन में अपने असल बेनामे की फोटो कापी कर रहा था। उसी समय असल बैनामा दिनांकी. 18.5.2010 जिसका विक्रेता- केशोराम क्रेता सुरजीत सिंह, बही न.1 जिल्द. 5728 पेज 303-326 क्र.स.3920 उसी समय कहीं गिर गया तलाश किया नहीं मिला, किसी मिले या कोई क्लेम करना हो तो एक सप्ताह के अन्दर मिलें, रामशरण शर्मा एड. चै.170 सिविल कोर्ट, सहारनपुर मो.9411673105

## न्यायालय सूचना

अदालत मा.सिविल जज (जू डि) हवाली,ज़िला सहारनपुर। मूल वाद सं0 688 सन् 2022 मनोज कुमार पुत्र सही राम, नि0ग्राम बेहड़ा खुर्द प्र0हरोड़ा,तह0व ज़ि सहारनपुर मुद्दई....बनाम 1.कुशल पाल पुत्र ओमपाल 2.ओमपाल पुत्र दुर्गा 2/1.रामकली विधवा ओमपाल 2/2. मीनाक्षी पुत्री ओमपाल नि.गण ग्राम बेहड़ा खुर्द, प्र0हरोड़ा, तह0व ज़ि0सहारनपुर। 2/3 निशा पुत्री ओमपाल 2/4 पिंकी पत्नी सोमेन्दर पुत्री ओमपाल, निवासी ग्राम पटनी, परगना सुलतानपुर, तह0व ज़ि0सहारनपुर। 2/5 सन्तु पत्नी मुन्ना लाल पुत्री ओमपाल, निवासी हरीपुर टोंगिया बादीकलां, पो0 बुग्गावाला, निकट बिहारीगढ़, प0 फैजाबाद,तह0 बेहट, ज़ि0सहारनपुर। 2/6 मेनका पत्नी टिंकू पुत्री ओमपाल, 2/7 ललतेश पत्नी कदम पुत्री ओमपाल, नि0 ग्राम मुस्तफापुर, निकट मुजफ्फराबाद, प्र0मुजफ्फराबाद,बेहट, ज़ि0सहारनपुर। 2/8 रामबती पत्नी अश्वनी पुत्री ओमपाल, नि0मुजपफराबाद, मेन रोड, तह0 बेहट ज़ि0 सहारनपुर मुद्दाअलेह हरगाह मनोज कुमार मुदई ने एक नालिश इस अदालत में बतारीख 1/10/ 22 ई0 बनाम ओमपाल मुद्दाअलेह के रूजू की थी, जो बाद को फोत हो गया और हरगाह मुद्दई मजकूर ने एक दरख्वास्त इस अदालत में गुजरनी है जिसमें वह लिखता है कि आप ओमपाल मुतवपका मजकूर के कायम मुकाम कानूनी है और चाहता है कि आप बजाय मुद्दअलेह बनाये जाये। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 8 माह 4 सन् 2024ई0 वक्त 10बजे दिन अदालत में हाजिर होकर मुकदमा मजकूर की जवाबदेही करिये अगर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमुआ फैसला होगा। बदस्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज 18,3,2025 को जारी किया।

**आज्ञा से मुंसरिम**

## पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** छेड़खानी तथा हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमे में पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया जहां से उसे बाल अपचारी केंद्र रवाना कर दिया।घटना मालीपुर थाना के एक गांव में बीते सोमवार की रात को एक युवती के साथ घटित हुई थी। युवती लघुशंका के लिए रात में बाहर गई थी। यहां रिश्तेदारी में रह रहे सुल्तानपुर जनपद के अखंडनगर थाना के डौंडीपुर निवासी युवक दुर्गेश खड़ा था । युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और साथ में भाग जाने का दबाव बनाया किंतु युवती ने इसका विरोध किया।जिससे नाराज दुर्गेश ने उसकी पिटाई कर दिया और गले को गमछा से कस दिया। मारपीट से युवती के मुंह गला समेत शरीर के अन्य अंगों पर गहरी चोट लग गई और वह बेहोश हो गई।कुछ घंटे बाद जब उसे होश आया घर पहुंच पूरी बात परिजनों को बताई। परिजन युवती के साथ घटित घटना को सुन सुन्न हो गए।मंगलवार को दोपहर तीन बजे थाना पहुंच पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने आरोपी दुर्गेश के विरुद्ध हत्या का प्रयास छेड़खानी आदि की धारा में मुकदमा दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण और बयान की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को उसके नाना के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया जहां से उसे बाल अपचारी केंद्र भेज दिया गया।

## न्यायालय सूचना

न्याय.मा.परिवार न्यायालय प्रधान न्यायाधीश सहारनपुर। वाद स. 30 सन 2023 कपिल गौतम पुत्र स्व.श्री रामचद्र निवासी ग्राम गजालपुर प्र.तहसील गढ़मुक्तेश्वर जिला हापुड हाल निवासी मकान नंबर 29 आर आई कंपाउंड इम्पा जैन डिग्री कालेज रोड प.तह. जिला सहारनपुर। आवेदक..... बनाम 1-श्रीमती मिनाक्षी पत्नी कपिल गौतम पुत्री श्री हरिदास निवासी डबल फाटक, मोहनपुरा प. तहसील जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड हाल निवासी केयर ऑफ अजय कुमार ग्राम तेलीपूरा परगना तह.रामपुर मनिहारान जिला सहालपुर।2..आम जनता। विपक्षीगण। इताला दी जाती है कि बगराज अमिरक्षा नाबालिगात पुत्र शितान्शु व पुत्री कु0 आराध्या सायाल मजकूर ने गुजारी है लिहाज़ा यह इत्तला नामा बगर्ज दरपेशी मुकदमा तारीख 05 माह 04 सन 2004 ई0 जारी किया जाता है कि अगर आपको या किसी को निसबत दरखास्त ऊजर हो तो अंदर मियाद मुकर्रर मजकूर असालतन या वकालतन कबल अज 10.00 बजे सुबह के अदालत साहेब प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर में हाजिर होकर अपना उज़्र पेश करे, इंकजए मियाद मजकूर उजर किसी का सुना न जायेगा और हुक्म मुनासिब निसबत दरखास्त के सादिर होगा।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**
**प्रधान न्या. परिवार न्यायालय सहारनपुर।**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा.प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय सहारनपुर। वाद सख्या-118 सन-23 शुभम चारण पुत्र श्री कंवरपाल चारण निवासी 1/2014 गली नम्बर 9 शारदा नगर नजदीक रेलवे लाईन थाना कुतुबशेर सहारनपुर (प्रार्थी) बनाम 1.श्रीमति दीपा पत्नी शुभम चारण पुत्री श्री बुद्धराम निवासी गुरूद्वारा रोड टेलीफोन एक्सश्च के सामने वाली गली,कोहली प्रोवीजन स्टोर,सामने वाला मकान सहारनपुर 2.आम जनता हरगाह प्रार्थी ने आपके नाम एक नालिश बाबत गार्जियन एन्ड वार्डस एक्ट दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 2.4.2024 को 10-00 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमें के हालात से वाकिफ हो और कुल उमरात मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हों और जवाब देही दावे की करे हरगाह वही तारीख आपके इजकारों के लिए मुर्करर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों के तमाम दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाब देही इस्तेमाल करना चाहें पेश करें बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 16.3.24 को निकाली गयी।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी**

# फूल मंडी नोएडा फेस-2 का किया गया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



- लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप समय रहते पूर्ण करने के दिए निर्देश

**गौतम बुद्धनगर।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को जनपद में निष्पक्ष, स्वतंत्र, पूर्ण पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से आज पुलिस कमिश्नर एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में फूल मंडी नोएडा फेस 2 में सभी तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें एडीसीपी बबलू कुमार, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अतुल कुमार, अपर जिला अधिकारी प्रशासन डा0 नितिन मदान, अपर जिला अधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह, अपर जिला अधिकारी न्यायिक भैरपाल सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट धर्मेंद्र सिंह, डीसीपी सेंट्रल नोएडा सुनिति, डीसीपी साइबर/नार्कोटिक्स राम बदन सिंह, डीसीपी ट्रैफिक अनिल कुमार यादव, एसीपी ट्रैफिक ग्रेटर नोएडा पवन कुमार एवं पुलिस एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए पुलिस कमिश्नर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुदृढ़ कर ली जाए ताकि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराया जा सके। बैठक के उपरांत पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा फूल मंडी नोएडा फेस 2 में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए बनाए गए अलग-अलग स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण करते हुए पुलिस कमिश्नर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गये कि मतगणना कक्ष, स्ट्रांग रूम कक्ष, मीडिया कक्ष, अधिकारी कक्ष एवं कर्मचारी कक्ष के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं ससमय दुरुस्त कर ली जाए एवं अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा राजनैतिक दलों के अभ्यर्थीयों तथा मीडियाकर्मियों के लिए पृथक-पृथक प्रवेश द्वार बनाने तथा अन्य सभी व्यवस्थाओं को शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री वितरण तथा जमा करने के लिए निर्धारित स्थल के अलावा पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के प्रवेश द्वार में सुरक्षा के पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने तथा स्ट्रांग रूम में केवल अधिकृत व्यक्ति को ही समुचित रूप से जाँच आदि के उपरांत प्रवेश देने के निर्देश दिए ताकि जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संपन्न कराया जा सके।

## लोहिया जयंती पर युवाओं को दी जाएगी प्रेरणा

**फर्रूखाबाद।** डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती के अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव को प्रभारी नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष ने अनुराग यादव से अपेक्षा की है कि वह आवास विकास स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया के पूरे प्रांगण को धुलवाकर एवं फूल मालाएं पहनाकर उसे तैयार रखें। साथ ही साथ उनसे अपेक्षा की है कि भारी संख्या में लोगों को बुलाकर समाजवादी पार्टी के प्रेरणा स्रोत डॉ राम मनोहर लोहिया की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा सके।

## न्यायालय सूचना

न्याया. श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्याया.सहारनपुर वाद सं.77 सन 2023 महेश कुमार प्यारे लाल नि.1बी/5140,नेहरू नगर,खलासी लाईन, सहारनपुर वर्तमान नि. 2/2425, कैलाश कुंज, सहारनपुर बनाम श्रीमती सरोज पुत्री स्व. राधे श्याम नि.रामपुरी कॉलोनी खलासी लाइन, सहारनपुर 2..आम जनता (प्रति.) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत अन्तर्गत संरक्षता और वर्ड्स अधिनियम (धारा 25 गार्डन एंड वर्ड्स एक्ट)के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दि027.03.2024 को 10 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमारत अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा करे हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारो के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमें की तजवीज हुई है बस आपका लाजिम है कि उसी रोज जुमला गवाह और तमाम दस्तावेज जिनको आप अपनी जवाब देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहें पेश करे इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत से जारी किया गया।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी।**

# सम्मेलन की शादियों से दहेज जैसी कुप्रथा पर रोक लगती है



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** सर्वजातीय विवाह सम्मेलन विवाह में 14 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानते हुए एक दूसरे के गले में जयमाला डाली तथा जीवन भर साथ रहने साथ शादी के पवित्र बंधन में बंधे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों पर रोक लगने के साथ ही फिजूल खर्च भी बंद होते हैं।

बाराही देवी मेला प्रसार में सर्वजातीय विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि ने सभी वर और वधुओं को शुभाशीष दिया उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलनों से न सिर्फ दहेज जैसी को प्रथा पर रोक लगाती है बल्कि फिजूल खर्च भी बंद होते हैं विशिष्ट अतिथि बादाम सिंह ने सभी वर वधुओं को भेंट देते हुये प्रशस्ति पत्र भेंट किया। इस विवाह सम्मेलन में बैष्णवी ने अखिलेश, लक्ष्मी योगेश, सरिता पं के सिंह, रोशनी अक्षय, सोनम सूर्यवीर, प्रिया रामशंकर, कीर्ति अरुण, कविता मोहित, मंगल नंदराम, दीपिका प्रशांत, पार्वती माता प्रसाद, शिल्पी देवेंद्र, साधना श्रीकांत, रौली इंद्रपाल ने अग्नि को साक्षी मानकर कर एक दूसरे के गले में जयमाला डाली तथा विवाह के पवित्र बंधन में बंधे।

# व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में होली फेस्ट का आयोजन

## छात्र-छात्राओं ने गुरूजनों को अबीर लगाकर लिया आशीर्वाद

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय



प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा होली फेस्ट का भव्य आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को अबीर लगाकर आशीर्वाद लिया। उसके उपरांत एक दूसरे पर अबीर, गुलाल एवं फूलों की जबरदस्त होली खेली। होली के मधुर गीतों ने सभी को डांस करने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान सभी छात्रो ने एक दूसरे के गले मिल वादा किया कि अगले वर्ष यह वृहद स्तर पर आयोजित कर अयोध्या की होली को विश्व स्तरीय पहचान देंगे।व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने छात्रों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन करते रहना चाहिए। इससे व्यक्तित्व का विकास होता है। उन्होंने कहा कि होली सौहार्द का त्यौहार है जो आपस में भाईचारा बढ़ाता है। प्रो. शैलेन्द्र वर्मा ने छात्र छात्राओं को होली की बधाई दी और कहा कि विभाग के छात्रों के द्वारा होली फेस्ट का आयोजन कर एक अच्छा कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी को विश्वविद्यालय में होने वाले सभी कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ का हिस्सा लेते रहना चाहिए जो आपके अंदर कॉफिडेन्स डेवेलप करता है। डॉ. राना रोहित सिंह ने सभी को होली की बधाई दी और कहा रंगों का उत्सव आप सबके जीवन में खुशियों के रंग भर दें। इस कार्यक्रम का आयोजन उत्कर्ष सिंह, अमित शुक्ला, आर्यन तिवारी, शिवांगी दुबे, शगुन सिंह, रिशिका जायसवाल, कंचन, सलिल, मुस्कान, शशांक, शनि, आयुष आदि छात्र-छात्राओं के द्वारा किया गया।

# सरकारी जमीन से अवैध प्लाटिंग हटवाने की मांग

## प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने दिया जांच व कार्यवाही का भरोसा

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहर के सुनियोजित विकास की जिम्मेदारी संभालने वाले अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से अधिवक्ता व सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण दुबे ने सोहावल क्षेत्र के बनवीरपुर, अब्बू सराय व हाजीपुर में जमीन कारोबारियों द्वारा की जा रही मानक के विरुद्ध प्लाटिंग और उसमें शामिल सरकारी जमीनों पर किये जा रहे अवैध कब्जे को मुक्त कराने तथा की गई प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की मांग शिकायती पत्र देकर की है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि नगर निगम क्षेत्र के तहत आने वाले इलाकों में भूमाफियाओं द्वारा मानक के विरुद्ध सिर्फ प्लाटिंग ही नही की जा रही बल्कि सरकारी नाली, बंजर, खलिहान आदि की जमीनों को भी



अवैध प्लाटिंग में शामिल कर सरकारी जमीन का दुरुपयोग किया जा रहा है। पत्र में कहा गया है कि भूमाफिओ द्वारा बनवीरपुर के गाटा संख्या 586,589,590,592, पर अवैध प्लाटिंग किया गया है। प्लाटिंग तक जाने के लिए बेखौफ भूमाफियाओं ने गाटा संख्या 585,581 जोकि सरकारी नाली के नाम दर्ज है उसकी प्रकृति बदलकर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। इसी प्रकार गाटा संख्या 523 व 518 पर जमीन कारोबारी उमेश उपाध्याय ने प्लाटिंग करने के लिए सरकारी नाली गाटा संख्या 518 को अवैध रूप से कब्जा करके रास्ता बना लिया गया है। गाटा संख्या 514,553,858 से सटे भूखंड 857 जोकि सरकारी नाली है तथा गाटा संख्या 847 पर जाने के लिए खलिहान गाटा संख्या 846 को अवैध कब्जा करके रास्ता बना दिया गया है। गाटा संख्या 790,792,795,797, के बीच मे पड़ने वाली नाली गाटा संख्या 796 दक्षिण दिशा में वृक्षारोपण हेतु सरकारी भूमि संख्या 862 पर अवैध कब्जा कर लिया गया है।

इतना ही नही मनबढ़ भूमाफियाओं ने सरकारी आदेशो की धज्जियां उड़ाते हुए गाटा संख्या 839 पर अवैध कब्जेदारी का प्रयास जारी रखा है। इसी प्रकार गाटा संख्या 471,475,473,472,476 पर भी अवैध प्लाटिंग की जा चुकी है। गाटा संख्या 283,285,307,310,309, में जाने के लिए भूमाफियाओं ने गाटा संख्या 295,297 जोकि बंजर के रुप में दर्ज है उस पर अवैध कब्जा करके रास्ता निकाल दिया गया है। हाजीपुर में गाटा संख्या 516,517,523,525 में कई गयी प्लांटिंग के लिए खलिहान गाटा संख्या 524 से रास्ता निकाल दिया गया है। अब्बू सराय में गाटा संख्या 1,7,8,309,310,311 पर भी अवैध प्लाटिंग का काम जारी है। शिकायत कर्ता ने एडीए के वीसी को दिए गए प्रार्थना पत्र में सरकारी भूमियों से अवैध कब्जा हटवाने की मांग की है। शिकायत कर्ता प्रवीण दुबे का कहना है कि वीसी ने उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र जांच करवाकर कार्यवाही की बात कही है। इस मामले में वीसी के फोन नम्बर पर सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन फोन नही लगा।

### संदिग्ध परिस्थियो में छात्रा का गांव किनारे तालाब में मिला शव

**अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिर्रा मोहम्मदपुर निवासी बीएससी एजी की छात्रा करीब 19 वर्षीय रूची यादव पुत्री संतोषकुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे लाइन के बगल गांव के पीछे तालाब से बरामद हुआ। युवती का शव मिलने से क्षेत्र में हडकंप मच गया। परिजनों के अनुसार बुधवार की शाम को पशुओं का चारा लेने गई बीएससी की छात्रा रुचि यादव अचानक लापता हो गई। काफी खोजबीन छात्रा नही मिली और उसका मोबाइल फोन बंद पाया गया। किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए रौनाही थाना पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराकर तालाश की जा रही थी। इस बीच गुरुवार को सुबह युवती के चाचा अशोक कुमार ने भतीजी का शव रेलवे लाईन के किनारे तालाब में देखा।

# पूर्व प्रधान के पुत्र पर बाइक सवार युवकों ने किया हमला, जिला अस्पताल में मौत

### बाबाबाजार थाना क्षेत्र के गणेशपुर गांव का मामला

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई-अयोध्या।** रूदौली सर्किल के बाबाबाज़ार थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार तीन युवकों ने डंडे से प्रहार कर पूर्व ग्राम प्रधान के पुत्र की हत्या कर दिया।घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गए। स्थानीय पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुट गई है।मामला मवई ब्लाक के गणेशपुर गांव का है।हमलावरों में एक युवक की पहचान होने की बात सामने आ रही है।जो गांव का निवासी बताया जा रहा है।



जानकारी के मुताबिक गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे बाबा बाजार थाना क्षेत्र के गनेशपुर गांव में पूर्व प्रधान के पुत्र सिकंदर अहमद पुत्र हमीद उम्र 38 वर्ष गांव में ही स्थित अपनी बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान पर अपने चाचा के लड़के के साथ बैठे हुए थे।इसी बीच बाइक से आए तीन युवकों ने डंडे से सिकंदर पर पीछे से वार कर दिया।जिसके बाद वह मुंह के बल गिर गए इस घटना को देखकर जब सिकन्दर के चचेरे भाई अशरफ ने हल्ला गुहार मचाया तो बाइक सवार घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर भाग गए।

घटना की सूचना परिजनों को होते ही आनन फानन में सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया,जिला अस्पताल में इलाज के दौरान सिकन्दर अहमद की मौत हो गई।घटना की सूचना पर पुलिस फोर्स घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक घटना में शामिल गांव के ही एक युवक की पहचान हुई है जबकि दो अन्य की पहचान नही हो सकी है।मृतक सिकंदर की माता हसीरुल निशा वर्ष 2005 से 2010 व 2015 से 2020 तक गनेशपुर के ग्राम प्रधान थी जिनका पूरा कार्य सिकन्दर देखते थे।सिकंदर अहमद की गांव में जनता के बीच अच्छी पकड़ बताई जा रही है।हालांकि घटना के पीछे की वजह स्पष्ट नही हो पाई है।सूचना पर सीओ रुदौली आशीष निगम ने घटनास्थल का जायजा लिया और घटना के अनावरण के लिए टीमो का गठन किया है। घटना के संबंध में बाबाबाज़ार थानाध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि प्रधान पुत्र की इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई।जिले से ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।वहीं सीओ आशीष निगम ने बताया कि घटना के अनावरण के लिए अलग अलग टीमों को लगाया गया है जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# आगामी लोकसभा चुनाव में कोई भी कार्यकर्ता पदाधिकारी किसी प्रत्याशी पार्टी का प्रचार नहीं करेगा: भाकियू

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आगामी लोकसभा चुनाव में कोई भी कार्यकर्ता पदाधिकारी किसी प्रत्याशी पार्टी का प्रचार नहीं करेगा और चुनावी समय में गांव में पंचायत/ चौपाल लगाकर, सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत किया करेगा जिसके लिए उच्च पदाधिकारी ने ब्लॉकों का गोद लिया है। उक्त निर्णय भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य की अध्यक्षता में शहीद उद्यान में लिया गया। पंचायत को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा निर्णय लिया गया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में किसी भी पार्टी प्रत्याशी का प्रचार नहीं किया जाएगा और ना ही किसी का समर्थन किया जाएगा भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता पदाधिकारी चुनावी समय का सदुपयोग करते हुए गांव में पंचायत चौपाल लगाकर ,सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूत करेंगे।

जनपद में भारतीय किसान यूनियन को मजबूत करने के उद्देश्य से उच्च पदाधिकारियों द्वारा ब्लॉकों को गोद लिया गया है। घनश्याम वर्मा विकासखंड बीकापुर, सूर्यनाथ वर्मा विकासखंड सोहावल, राम गणेश मौर्य विकासखंड तारुन व मसौधा, देवी प्रसाद वर्मा विकासखंड हरिग्टन गंज, राजेश मिश्रा विकासखंड मिल्कीपुर शंकरपाल पांडे राजदेव यादव विकासखंड अमानीगंज, राम अवध किसान विकासखंड पूरा बाजार, भोला सिंह टाइगर विकासखंड रुदौली, रवि शंकर पांडे विकासखंड मवई को गोद लिया है। पंचायत में यह अभी तय किया गया है कि 23 मार्च को शहीद उद्यान में शहीद प्रतिमा के सामान्य शहादत दिवस मनाया जाएगा।

### हादसे में घायल युवक की अस्पताल में मौत

**बाराबंकी।** सड़क किनारे खड़ा एक युवक ट्रैक्टर के कल्टीवेटर की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाये जाने पर उसने दम तोड़ दिया।

**जानकारी के अनुसार उमापति दीक्षित 22 पुत्र शिव सरन**

ग्राम पूरी किल्हौली थाना मसौली का रहने वाला है। बुधवार की शाम छह बजे वह हसनापुर गॉव में लोहारनपुरवा के मोड़ पर खड़ा था। इसी बीच वह उधर से तेज रफ्तार में गुजरे एक ट्रैक्टर के कल्टीवेटर की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। एकत्र ग्रामीण ने किसी तरह उसे सीएचसी पहुचाया। यहां से उसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल पहुंचे युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### धड़ल्ले पर बाइक का व्यवसायिक प्रयोग

**बाराबंकी।** जिम्मेदार परिवहन विभाग चैन की नींद सो रहा है जबकि निजी प्रयोग के लिए बनी बाइकों का व्यवसायिक इस्तेमाल हो रहा है। शहर में बड़ी संख्या में बाइक को व्यवसाय के लिए माल ढोने वाले वाहन में बदलकर स्वामी धन कमा रहे जबकि जिम्मेदार विभाग को राजस्व का सीधे चूना लग रहा है। निजी सवारी के प्रयोग में आने वाली बाइक व मोपेड पर कहीं कपड़ों का गट्ठर तो कहीं भारी मात्रा में कचरी व परचून की दुकानों का सामान ढोया जा रहा है। व्यवसायिक प्रयोग कर रहे बाइक सवार दूसरे राहगीरों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। लेकिन इन पर किसी विभाग की नजर नहीं पड़ रही है। बुधवार को हैदरगढ़ मार्ग पर बाइक पर पटरे बांध पर इतना सामान लादे था कि एक ई रिक्शा पर उतना सामान न आए। बिना हेलमेट बाइक सवार फर्राटा भर रहा था।

### सड़क दुर्घटना में दो लोगों की दर्दनाक मृत्यु

**पूरा बाजार-अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र के पुलिस चौकी दर्शन नगर अंतर्गत यश पेपर मिल के पास सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए दुर्घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दर्शन नगर आशीष चंद्र त्रिपाठी दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए।चौकी प्रभारी दर्शन नगर आशीष चंद्र त्रिपाठी ने गंभीर रूप से घायल दोनों लोगों को तत्काल मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों लोगों को मृतक घोषित कर दिया मृतकों के शिर पर गंभीर चोट आई थी उन्होंने बताया कि साइकिल पर सवार होकर हौसला प्रसाद 58 पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम तिहुरा उपरहार कोतवाली अयोध्या व रामसहाय50 पुत्र मस्तराम निवासी मधुपुर थाना पूरा कलंदर अयोध्या दर्शन नगर की तरफ जा रहे थे पीछे से कार ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे उन्होंने कहा कि कार क्रेटा गाड़ी थी उसका लोगो घटनास्थल पर टूट कर गिरा था ।मृतकों की सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया घर वाले तत्काल ग्रामीणों के साथ मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर पहुंच गए शवो का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है क्रेटा गाड़ी की तलाश की जा रही है दुर्घटना सुबह लगभग 9:30 बजे की है मृतक दोनों एक दूसरे के रिश्तेदार थे साथ में जा रहे थे।

# गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले राजस्थान के 8 शातिर गिरफ्तार, 64 पशु बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस ने 08 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम ने इनके कब्जे से 64 अदद



गोवंशीय पशु व परिवहन में प्रयोग चापड़, कुल्हाड़ी बरामद किया है। यह सभी राजस्थान के रहने वाले हैं जो गोवंशीय पशुओं को चोरी कर बेंचने का कारोबार करते थे। थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त छोगालाल पुत्र केसरा निवासी माता जी का झोपडा थाना डबलाना जनपद बूँदी, कशू पुत्र हजारी निवासी सूरी माता जी का झोपड़ा थाना डबलाना, रानू पुत्र ननकू निवासी देवली थाना देवली जनपद टीक, रामसिंह पुत्र स्व. नातू उर्फ नत्थू सिंह निवासी देवली थाना देवली जनपद टीक, दीपक उर्फ नेत्रपाल पुत्र मानसिंह निवासी अटीपुरा थाना बूंदी सदर जनपद बूंदी, विक्रम पुत्र राणूलाल निवासी माता जी का झोपडा थाना डबलाना जनपद बूंदी, दारा सिंह पुत्र छोगालाल निवासी बडोदिया थाना हिंडोली जनपद बूंदी व सोपाल पुत्र गंगाराम निवासी बूंदी रानीपुरा थाना डबलाना जनपद बूंदी, सभी राजस्थान को बलछट मोड़, असरापुर तिराहा से गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 64 राशि गोवंशीय पशु, 02 अदद चापड़, 02 कुल्हाड़ी, एक लोहे की राड, एक नोयलान की रस्सी व दो मोबाइल बरामद किया गया। इस सम्बंध में थाना जैदपुर पर गो हत्या निवारण अधिनियम व पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम तथा अभियुक्त दारा सिंह व सोपाल उपरोक्त के विरूद्ध आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घूम-घूम कर चिन्हित करके गांव के बाहर रेकी कर सुनसान जगहों से गोवेशीय छुट्टा जानवरों को एकत्र करके रस्सी से उनके पैर बांध देते है, मौका पाकर इन जानवरों को किसी बड़े ट्रक में भरकर गोमाँस हेतु तस्करी करके ले जाकर बेचते है। अभियुक्तगण द्वारा बरामद मोबाइल फोन का प्रयोग अपने साथियों एवं व्यापारियों से बात करने में करते थे। बरामद मोबाइल फोन से पकड़े गये जानवरों का वीडियो बनाकर व्यापारियों को भेजते थे और सही दाम तय होने पर व्यापारियों के बताये गये स्थानों पर पहुंचाते थे तथा यदि कोई व्यापारी, गोवंशीय पशुओं के मांस की मांग करता था तो उसको भी उपलब्ध कराते थे।

# त्योहारों को लेकर बेलहरा चौकी पर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**बेलहरा बाराबंकी।** आगामी त्यौहार और लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत गुरुवार को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र की बेलहरा चौकी पर क्षेत्राधिकार फतेहपुर डा.बीनू सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के संभ्रांत लोग शामिल हुए। बैठक में सीओ ने कहा कि सभी लोग त्योहारों को परंपरागत रूप से मनाए,किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न होने दें,होली में शराब का सेवन बिल्कुल न करें और ना ही किसी को जबरदस्ती रंग लगाएं। शांति व्यवस्था कायम रखना समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। अगर कहीं किसी प्रकार की समस्या हो तो प्रशासन को अवगत कारण ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके।



उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी शरारती तत्व ने त्योहार या चुनाव में शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि त्योहार खुशीयों का पैगाम लाते हैं हमे मिल बैठकर मनाना चाहिए। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे हमारी और समाज की बदनामी हो। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोग अपने लाभ के लिए समाज को लडडाते हैं लेकिन हमें उनसे सावधान रहना है। बैठक में चौकी प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, मास्टर अल्ताफ, नैंटू सिंह, नसीर खां, पिंटू सिंह, कारी मो. रफीक, मो. इमतियाज, इस्लाम राइन, अरुण सिंह, डा.विश्वनाथ, असगर कुरैशी, मसरूर खां आदि उपस्थित रहे।

### नवनियुक्त पदाधिकारी अभी से लोकसभा चुनाव में लग जाय

**अयोध्या।** राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की स्वीकृति से महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने अक्षत श्रीवास्तव, प्रदीप यादव, अभय द्विवेदी, सूर्यभान यादव को महानगर कमेटी में सचिव नामित किया, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा सभी नवनियुक्त पदाधिकारी अभी से लोकसभा चुनाव में लग जाय जिससे लोकसभा प्रत्याशी ज्यादा से ज़्यादा वोटो से विजयी हो।। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इनके मनोनयन से पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, राकेश पांडे, संजय सिंह, सूरज वर्मा, रियाज अहमद, सचिव वीरेंद्र गौतम,जगन्नाथ यादव, बब्बन प्रधान, जिला सचिव गौरव पांडे, राजेश कोरी ने खुशी जाहिर की।।

### भाकियू राष्ट्रीयतावादी ने कृषि भूमि किसानों से लेकर व्यापारियों को सौंपने का किया विरोधः नरेन्द्र



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयता वादी के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में सैकड़ो किसानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित दो सूत्री ज्ञापन आयुक्त महोदय मंडल अयोध्या को सौंपा। ज्ञापन में किसानों की कृषि योग्य भूमि बार-बार लिए जाने पर विरोध जताते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की सरेठी, बैसिंह, कुशमाहे, ददेरा, अटरावा कि किसानों की भूमि जिस पर अनाज उत्पन्न कर किसान सभी का भरण पोषण करता है और सरकार ऐसी जमीनों का भी अधिग्रहण नहीं करती, इसलिए अधिग्रहण के नियमों की अनदेखी करते हुए सीधे किसानों से सहमति का आधार बनाकर जबरन भूमि हड़प कर व्यापारियों को सौंपने का कार्य किया जा रहा है, इन पांचो गांवो में बसे तमाम आवासीय भवनों के स्वामियों को भी भूमियों का पैसा नहीं दिया जाता जिससे गरीब किसान जो पहले से ही दुख और कर्ज के बोझ से दबा है वह आत्महत्या के लिए विवश किया जा रहा है इस बात का हमारा संगठन विरोध करता है आयुक्त महोदय के माध्यम से प्रदेश के मुखिया योगी जी को ज्ञापन सौंपा गया है यदि जल्द इसका निराकरण नहीं कराया गया तो संगठन बड़े पैमाने पर अधिकारियों को घेर कर दबाव बनाकर कार्य करने के लिए विवश होगी। जबकि किसान शांति प्रिय व्यक्ति है वह दूसरों का भरण पोषण करता है जबकि उसके उलट प्रशासनिक अधिकारी किसानों को उजड़ने पर तुले हैं। आज ज्ञापन सौंपने में नरेंद्र कुमार तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, शिवप्रसाद पांडेय, कृपा शंकर तिवारी, अरविंद कुमार दुबे, कृष्ण कुमार दुबे, राजकुमार, पार्वती देवी, शांति देवी, गीता देवी सहित सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

# ससुराल में फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव, लम्बी बीमारी बनी वजह

*अवधनामा संवाददाता*

**सतरिख बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव उसके ही घर में फांसी के फंदे से लटकता मिला। शव को देखकर ससुराल वाले रोने चिल्लाने लगे। विवाहिता के पति की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों का रो-रो कर हाल बेहाल था। पुलिस ने मौके पर पहुंच को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आत्महत्या के पीछे बीमारी से तंग आना बताया जा रहा।

जानकारी के अनुसार लक्ष्मणपुर गांव में बुधवार की रात परिवार के साथ खाना खाकर रजनी वर्मा (35) अपने पति आलोक और बेटी प्राची 8 वर्ष के साथ कमरे में सोने चली गई थी। गुरुवार की सुबह करीब 6ः00 बजे आलोक जब सो कर उठा तो उसकी पत्नी रजनी बिस्तर पर नहीं थी। जबकि बेटी प्राची (8) सो रही थी। आलोक ने अपनी पत्नी को आवाज लगाया मगर कोई जवाब नहीं मिला। आलोक को लगा कि रजनी पहली मंजिल पर बने कमरों में चल गई होगी। इस परग वह ऊपर कमरे में गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर रजनी ने कोई जवाब नहीं दिया तो आलोक ने कमरे में लगी खिड़की ने कोई जवाब नहीं दिया तो आलोक ने कमरे में लगी खिड़की से झांक कर अंदर देखा। वहां का नजारा देखा चीख पड़ा। कमरे में उसकी पत्नी रजनी का शव साड़ी के फंदे से पंखे के हुक में फांसी पर लटक रहा था। पत्नी का शव लटकता देखकर आलोक के जोर-जोर से रोने की आवाज सुनकर आसपास के काफी लोग एकत्रित हो गए। आलोक ने घटना की जानकारी मसौली थाना क्षेत्र के हेतमपुर गांव स्थित अपनी ससुराल में साले जीतेंद्र को फोन पर सूचना दी। इसके साथ ही उसने सात्विक पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस को आलोक ने बताया कि उसकी पत्नी रजनी अक्सर बीमार रहती थी। जिसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि बीमारी की वजह से विवाहिता द्वारा आत्महत्या करने की घटना प्रथम दृष्टया सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण के स्पष्ट जानकारी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक ने गांव के बाहर पेड़ में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सूरतगंज,बाराबंकी।** थाना क्षेत्र में एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पीएम हेतु भेज दिया है। फिर हाल आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हुई हैं। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के ललपुरवा गांव निवासी मंशाराम यादव के बीस वर्षीय बेटे पृथ्वीराज ने गुरुवार सुबह गांव के बाहर एक पेड़ में फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंचे हुए स्वजनों ने इसकी सूचना लालपुर चौकी व थानें पर दी। चौकी इंचार्ज हरि प्रसाद के साथ घटनास्थल पहुंचें थाना प्रभारी ने प्रारम्भिक जांच पड़ताल कर शव को पीएम हेतु भेज दिया। मौके से पुलिस ने चप्पल,लोटा और मोबाइल फोन भी बरामद किया है। युवक शौच के बहाने घर से निकला था और आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों में चर्चा है कि प्रेम-प्रसंग के चलते पिछले दो तीन दिन से पृथ्वीराज अवसाद में चल रहा था। शायद इसलिए उसने आत्महत्या की है।प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतक ने आत्महत्या की है। पीएम रिपोर्ट के उपरांत स्पष्ट होगा। मौके से कोई ऐसा साक्ष्य नहीं मिला है। जिससे ये प्रतीत हो कि प्रेम-प्रसंग के कारण आत्महत्या की है।

### बिछड़े बेल्जियम निवासी विदेशी महिला को जल पुलिस ने मदद कर गाइड से मिलाया

**अयोध्या।** प्रभु श्री राम की पावन नगरी में दर्शन करने आई विदेशी महिला लिलियन डेनिस बेल्गिक बेल्जियम की, रहने वाली हैं जो गाइड के साथ अयोध्या दर्शन के लिए आई थी जो अचानक गाइड से बिछड़ गई वो हिंदी भाषा न जानने के कारण किसी से कुछ कह नहीं पा रही थी और बैठी रो रही थी जिन्हें रोते हुए देख जल पुलिस प्रभारी रुबे प्रताप मौर्य, कांस्टेबल नित्यानंद यादव व पुलिस मित्र के भूपेंद्र शुक्ला, विश्वनाथ शुक्ला व स्थानीय नागरिक संतोष इन लोगों ने गाइड को ढूंढ कर उस विदेशी महिला, को सुपुर्द किया। आए दिन डूबते लोगो को , बचाना खोए हुए लोगो को मिलाना बीमार लोगों की मदत करना अक्सर तत्परता पूर्वक जल पुलिस करती चली आ रही है।

# जगदंबिका ने क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में चौपाल के माध्यम से किया अपील

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज भाजपा प्रत्याशी सांसद जगदंबिका पाल ने मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ग्राम चौपाल के माध्यम से आगामी लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील किया। उन्होंने क्षेत्र के कोल्हुआ ढाला, भिटिया, अमवा, मनखाही उंटापा, कर्मा, तालनट्वा, भटिहा एवं बगही में ग्राम चौपाल में एक बार फिर मोदी सरकार की अपील किया।

उन्होंने कहा की देश में 2014 के बाद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की भाजपा सरकार बनने के पश्चात देश दशा और दिशा में आमूल चूल परिवर्तन हुए हैं। देश के विकास को एक गति और आयाम मिला है। देश में अंत्योदय के सपने को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ने देश के युवा, महिला, किसान, नवजवान सभी को देश की मुख्य धारा से जोड़ते हुए उनके उत्थान एवं शशक्त बनाने के लिए सैकड़ों महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से जन- जन को जोड़ते हुए अद्वितीय कार्य किए हैं। इसी प्रकार उन्होंने जनपद सिद्धार्थनगर में केंद्र एवं प्रदेश सरकार एवं निजी पहल द्वारा कराए गए विकास कार्यों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जनपद के विकास में ब्राड गेज रेल आमान परिवर्तन, मेडिकल कालेज निर्माण जनपद में केंद्रीय विद्यालय का निर्माण, पासपोर्ट ऑफिस का निर्माण, नेशनल एवं स्टेट हाइवे की सड़कें तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर आवागमन हेतु सड़कों के जाल को विशेष योगदान बताया। वहीं उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में बार्डर डॉलपमेंट के तहत सड़कों के निर्माण, बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में बांधों के सुदृढ़ीकरण, बाढ़ से बचाव हेतु ठोकर निर्माण आदि के बारे में चर्चा करते हुए सभी वर्गो के साथ सदैव डटकर खड़े रहते हुए लोकसभा क्षेत्र की जनता के हितों के प्रति सदैव तत्पर रहने की बात कहीं। उन्होंने उपस्थित जनमानस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए स्लोगन अबकी बार 400 पार को साकार करने हेतु डुमरियागंज लोकसभा एक बार फिर से उन्हें भारतीय जनता पार्टी के सिपाही के रूप में भारी बहुमत से विजय दिलाने की अपील किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, राकेश आर्या, जगदीश जायसवाल, नरेंद्र मणि त्रिपाठी हेमंत जायसवाल केशभान राय संपूर्णानंद पांडे राम जी विस्तारक अरुणा मिश्रा सरोज शुक्ला बिंदुमती मिश्रा गुड़िया आदि उपस्थित रहे।

# सांसद हरीश द्विवेदी ने भाजपा के शक्ति केन्द्र सयोजक और बूथ अध्यक्षों से किया संवाद

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी रणनीति को और धार देने के उद्देश्य से गुरुवार को महादेवा विधानसभा के पांच मंडलों के कमेटी सहित शक्ति केन्द्र सयोजक प्रभारी और बूथ अध्यक्षों से दो सत्रों में संवाद स्थापित कर बस्ती लोकसभा में होने वाले चुनाव से संबंधित तैयारियों पर चर्चा किया गया।

लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी अमृत कुमार वर्मा ने बताया की महादेवा विधानसभा के बेईली एकता मैरज हाल और महादेवा में राम जानकी इन्टर कालेज में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने किया। साथ ही लोकसभा प्रभारी सेतभान राय संयोजक केडी चौधरी सहित विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र गौड़ और संयोजक विनोद शुक्ल ने कार्यकर्ताओ को संबोधित किया। बैठक के पहले सत्र में बहादुरपुर कुदरहा और कलवारी मंडल तथा दुसरे सत्र में बनकटी और महसो के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए सांसद हरीश द्विवेदी ने कहाँ भाजपा राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित कार्यकर्ताओं की पार्टी है, वह विचारधारा जो हमारी हज़ारो हज़ार साल पुरानी सभ्यता और संस्कृति से प्रेरित है। भाजपा का कार्यकर्ता व्यक्ति-निष्ठ नही होता, अपितु ध्येयनिष्ठ होता है। उसका एक ही लक्ष्य होता है-और वो है राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाना। बस्ती की जनता के आशा और विश्वास को हमने पूरा करने का काम किया है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुँचाया है। अगला 5 वर्ष एक विकसित बस्ती - समृद्ध बस्ती का होगा। बस्ती से तीसरी बार कमल खिलेगा, और डबल इंजन की सरकार मजबूती के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त करेगी। जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा की बस्ती खुशहाल है और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है, यह हमारी सरकार के विकास की नीतियों का परिणाम है। सफलता के इस परचम के पीछे हजारों समर्पित कार्यकर्ताओं की तपस्या है, जिन्होंने अपने खून-पसीने से इस पार्टी को सींचा है। बस्ती का अगला 5 वर्ष संपूर्ण विकास और सुशासन का होगा। लोगो के बीच पहुँचकर बताना है की अच्छे को चुनिए, भाजपा को चुनिए। बैठक में ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय चौधरी, पूर्व विधायक, रवि सोनकर, ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे, केके दुबे, रघुनाथ सिंह, अरविन्द पाल, प्रेम चौधरी, परमानन्द सिंह, दुर्गेश अग्रहरी, विवेकानन्द शुक्ल, अखिलेश शुक्ल के साथ- साथ भारी संख्या में पांचो मंडल के कार्यकर्तागण मौजूद रहें।

# सागर पाठक बने लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने जिले के बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेवरा निवासी सागर पाठक की समाजवादी पार्टी के प्रति निष्ठा व ईमानदारी को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। सागर पाठक के लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बाद जिले में प्रथम आगमन पर गुरुवार को बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के मलगहिया चौराहे पर कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों ने उनका फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर पाठक ने कहा कि वर्तमान सरकार से हठी रवैए से युवा , किसान, व्यापारी सभी परेशान हैं। कहा कि किसानों, युवाओं की लड़ाई लड़ने वाले हमारे पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने जुल्म और ज्यादती करने वाली सरकार से लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए कमर कस ली है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने पर समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनुज चौधरी, प्रधान विजय पाठक, बदरे आलम, महेंद्र यादव, अमरेश पाठक आदि ने बधाई दी है।

## गैंगस्टर के दो आरोपी सहित शस्त्र बनाने की फैक्ट्री से उपकरण किए बरामद

**फर्रुखाबाद।** लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है द्य गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में घटना का खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया ने बताया कि थाना मऊदरवाजा पुलिस व एस ओ जी टीम ने शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। एसपी ने बताया कि गैंगस्टर के आरोपी समेत दो आरोपियों को पुलिस ने शस्त्र फैक्ट्री के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 19 देशी तमंचा 315 बोर, 2 अधिया तमंचा 315 बोर, 2 तमंचा 12 बोर,1 तमंचा 32 बोर, 1 रायफल 315 बोर बरामद हुए हैं द्यआरोपियों से पुलिस को 14 अधबने देशी तमंचा, 1 भट्टी, 1 जिंदा व 2 खोखा 315 बोर कारतूस भी बरामद हुए हैं। साथ ही शस्त्र निर्माण में उपयोग होने वाले बड़ी मात्रा में उपकरण भी बरामद हुए हैं। आरोपी मजहब पर गैंगस्टर समेत आधा दर्जन मुकदमा दर्ज हैं।

# मतदाता सूची स्वच्छ व पारदर्शी होने से ही बढ़ेगा मतदान प्रतिशत: निशा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विधानसभा गौरीगंज क्षेत्रांतर्गत विगत चुनाव में जिन मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था वहां के बीएलओ सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बताते चलें कि विगत चुनाव में विधानसभा गौरीगंज अंतर्गत 87 मतदान केंद्रों पर 50 फीसदी से कम मतदान हुआ था जिसको लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बीएलओ व सुपरवाइजर के साथ बैठक कर आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए कि किसी भी मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने से छूटने न पाए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमें लोकतंत्र के महापर्व पर मतदान करने का अधिकार मिला है इसे यूं ही व्यर्थ न होने दें मतदाता सूची को पढ़ लें उसमें जो त्रुटियां हैं उसे ठीक कर ले। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सबसे जरूरी है कि मतदाता सूची से किसी वोटर का नाम छूटने न पाए आपके क्षेत्र में जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में अभी तक जुड़ा नहीं है उनका नाम जोड़ दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची जितनी स्वच्छ व पारदर्शी होगी चुनाव उतना ही अच्छा होगा साथ ही मतदान प्रतिशत भी बढ़ेगा। किसी भी हालत में किसी भी वोटर का नाम मतदाता सूची से छूटने न पाए इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी बीएलओ को मतदान से पहले शत प्रतिशत मतदान पर्ची का वितरण करने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि मतदान पर्ची सीधे परिवार के किसी सदस्य को दी जाए। जनपद में 20 मई को मतदान होना है उस समय भीषण गर्मी होगी सभी बूथों पर पीने का पानी छांव की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए तथा 20 मई को मतदान के दिन बुलावा टोली के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाने का प्रयास किया जाए। जनपद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने तथा मतदाताओं को मताधिकार करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा जनपद की सभी विधानसभाओं में पत्र जारी कर लोगों से आगामी लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील भी की गई है।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला कारागार का किया निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर संजय कुमार मलिक, श्रद्धा भारतीया, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला बैरक पुरुष बैरक आदि को देखा गया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार के बैरकों में साफ-सफाई पायी गयी तथा बन्दियों से उनके स्वास्थ्य, खान पान तथा विधिक सहायता के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया। साथ ही चिकित्सालय एवं भोजनालय का भी निरीक्षण किया गया। साथ ही साथ जिला जेल में स्थित महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा महिलाओं से उनके स्वास्थ्य, खान पान तथा विधिक सहायता के सम्बन्ध में पूछताछ किया गया। जेल में तैनात पराविधिक स्वयं सेवक से बंदियों को विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर में बने कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बनाई गई विभिन्न प्रकार की निगरानी टीमों के द्वारा किए जाने वाले निर्वाचन संबंधी कार्यकलापों का अवलोकन भी किया तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सी विजील टीम से आने वाले शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए तत्पश्चात वीडियो निगरानी टीम एवं आदर्श आचार संहिता टीम आदि से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गौरतलब है की निर्वाचन से संबंधित कंट्रोल रूम में वोटर हेल्पलाइन नंबर 05564, 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है तथा किसी भी प्रकार की शिकायत दर्ज करने हेतु सी विजील एप के माध्यम से जनपदवासी अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं। सी विजील एप पर दर्ज शिकायत की कार्रवाई त्वरित गति से की जाएगी। इनकोर एप के माध्यम से चुनाव में किसी तरह की परमिशन के लिए राजनीतिक दलों को सुविधाकृत किया गया है। इस ऐप के माध्यम से वह सभा, प्रचार आदि से संबंधित परमिशन हेतु आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करने हेतु अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई गई है ऑनलाइन नामांकन हेतु वेब लिंक https://suvidha.eci.gov.in/login उपलब्ध है, ऐसे अभ्यर्थी जो ऑनलाइन पद्धति से नामांकन करना चाहते हैं वह उपरोक्त लिंक के माध्यम से समयानुसार नामांकन पत्र की प्रविष्टि कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से सकुशल संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है तथा विभिन्न टीमों में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारी निष्ठापूर्वक तथा कुशलतापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करें जिससे कि लोकसभा चुनाव को सफलतापूर्वक पारदर्शी, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके।

## मुलायम यूथ और मजदूर सभा की कमेटी गठित

**फर्रूखाबाद।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष इजहार खान एवं मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा ने जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव की मौजूदगी में अपनी अपनी कमेटियां घोषित की। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने दोनों ही कमेटियों के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि यह समय घर पर बैठने का नहीं है बल्कि अपने आप को पूरी तरह इस चुनाव में झोंक देने का है। उन्होंने कहा अगर हम समाजवादी पार्टी का प्रचार जन-जन तक पहुंचाने में कामयाब रहे तो यकीन मानिए कि भारतीय जनता पार्टी के कई बूथ पर वोट नहीं पड़ेंगे। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव वरिष्ठ नेता समीर यादव जिला महासचिव इलियास मंसूरी जिला उपाध्यक्ष शशांक सक्सेना, प्रदेश सैनिक प्रकोष्ठ के सदस्य बेंचेलाल यादव, विवेक यादव , अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद खान आदि लोग मौजूद रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया की दोनों ही कमेटियों लखनऊ से प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षों द्वारा अनुमोदित होकर के आई हैं।

# युवा पत्रकार प्रेस क्लब उप्र के चुनाव में अध्यक्ष श्रवण पटवा, महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी हुए निर्वाचित

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ कस्बे में स्थित राजस्थान अतिथि भवन में बृहस्पतिवार को युवा पत्रकार प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के बैनर तले तहसील इकाई शोहरतगढ़ के अध्यक्ष एवं महामंत्री पदों पर निष्पक्ष रूप से मतदान कराया गया,चुनाव अधिकारी रहे मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा,मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन के महामंत्री प्रदीप वर्मा व वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलास नाथ द्विवेदी के साथ शोहरतगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार सरताज आलम एवं कमलेश मिश्रा की अध्यक्षता में चुनाव संपन्न हुआ।

युवा पत्रकार प्रेस क्लब के सक्रिय सदस्यों के रुप में की 95 मतदाताओं की वोटर लिस्ट बनाई गई जिसमें 87 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए अपना मत अध्यक्ष और महामंत्री पद की उम्मीदवारों को दिया,11 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू हुई और रिजल्ट आने तक के बीच पत्रकारों की बीच कसम-कस की स्थिति बनी हुई थी, पत्रकार संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ राजनीतिक गलियारों में भी पत्रकार संगठन के इस चुनाव की चर्चा बनी रहीं, मतदान प्रक्रिया से हो रहे अध्यक्ष एवं महामंत्री चुनाव में सब कुछ सस्पेंस था। 1-1 घण्टे के अंतराल पर चुनाव अधिकारी मतदान का प्रतिशत तो बता रहें है,लेकिन प्रत्याशियों के दिल की धड़कनों को भी बढ़ा रहे थे। बहरहाल 3 बजे तक हुई वोटिंग में 87 मतदाओं ने अपना मतदान किया, जिसमें प्रत्याशियों की किस्मत मत पेटिका में बंद हो गई।इसके बाद प्रत्याशियों एवं अभिकर्ताओं की अनुमती के बाद मतगणना शुरू की गई। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार श्रवण कुमार पटवा को 63 मत मिले और अतुल शुक्ला को 24 मत। इसके साथ ही महामंत्री पद उम्मीदवार धर्मेन्द्र कुमार चौधरी को 55 मत तो वहीं विंध्याचल शुक्ला को 32 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार अध्यक्ष पद पर श्रवण कुमार पटवा ने 39 एवं महामंत्री पद पर धर्मेन्द्र कुमार चौधरी ने 23 मतों से जीत दर्ज की। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष पद पर पियूष सिंह, वरिष्ठ मन्त्री पद अजीज अहमद, मन्त्री पद पर ओजैर खान, वरिष्ठ संगठन मन्त्री इसरार हुसैन, संगठन मन्त्री पवन कुमार यादव, संयुक्त मन्त्री पंकज पाण्डेय, संप्रेक्षक पद पर संजय मिश्रा, मिडिया प्रभारी पद पर शिवरतन कन्नौजिया व कोषाध्यक्ष पद पर चन्दन श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ संयुक्त मन्त्री पद पर कृष्ण पाल सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चुनाव अधिकारियों ने सभी को प्रमाण पत्र का वितरण किया। पदों पर निर्वाचित पत्रकार पदाधिकारियों को पत्रकार साथियों ने एक दूसरे को शुभकामनाए दी।नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रवण पटवा ने कहा की पत्रकारों के हक एवं अधिकार की लडाई लड़ने के लिए सभी पदाधिकारी प्रतिबद्ध है। पत्रकारों के सम्मान के साथ खिलवाड़ नहीं होने पायेगा, तो वहीं महामंत्री धर्मेंद्र चौधरी ने पत्रकारों की एकजुटता पर उन्हे भी बधाई दी है कि पहली बार मतदान प्रक्रिया चुनाव के माध्यम से संपन्न हुआ है। इस दौरान डॉ पवन मिश्रा, उमेश प्रताप सिंह, सुनील अग्रहरि, रवि अग्रवाल, नवाब खान, शादाब अंसारी, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, सोनू अग्रवाल, नीलू रूंगटा, डॉ एसके जायसवाल, संतोष चौधरी, वकार मोइज खान बीपाल भारती, अभिलाष मिश्रा, सुशील कुमार खेतान, सर्वेश खेतान, सलमान हिन्दी, शिवम् सिंह, विजय कुमार यादव, इसरार अहमद, पंकज पांडेय, शैलेंद्र पाण्डेय, रमेश शुक्ला, रामानंद पाण्डेय, संजय पांडेय, कमलेश मिश्रा, जीतबहादुर श्रीवास्तव, निजाम अंसारी, पवन पटेल, राजेश चौधरी, राकेश पांडेय, शिवरतन कन्नौजिया, सुनील कुमार गुप्ता, चंदन वर्मा, डॉ दिनेश पाण्डेय, पवन कुमार पाठक, डॉ राजनरायन उपाध्याय, धीरेन्द्र त्रिपाठी, रवि शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, पंकज चौबे, राजेश कुमार चौधरी,नागेन्द्र विश्वकर्मा, बिजय कुमार, अर्जुन यादव, पवन कुमार यादव, सचिन मित्तल आदि मौजूद रहे।

## कार और 4 लाख न मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नेहा सिंह पुत्री विद्या निवास ग्राम रामडीह तोरनी जिसकी शादी निवासी पाली व वर्तमान पता गौतम बिहार रामगढताल प्रवीण कुमार सिंह के साथ 4 फरवरी 2024 को हुई थी। शादी में पिता ने पति के बैंक खाते में 6 लाख रुपया और सास को 7 लाख रुपया दिया था। इसके अलावा गहने और सामान दिए थे। शादी के बाद जैसे ही गोरखपुर ससुराल पहुंची सास दहेज कम लाने का ताना मारने लगी। इसके बारे में मायके के लोगो से बात किया। तो असमर्थता जाहिर किए। इसके बाद पति शराब के नशे में आता और मारता पीटता रहता था। सास 4 लाख रुपया, कार,फ्रिज, एसी की मांग कर रही थी। विदाई के बाद मायके आई। और समझौते के बाद ससुराल पहुंची तो फिर ससुराल के लोग दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। 24 फरवरी 2024 को पति और सास ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर पति प्रवीण कुमार सिंह,सास माया देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# कार्यशाला का आयोजन कर किया मतदाताओं को जागरूक

अवधनामा संवाददाता



महायोगी गोरखनाथ विवि में रासेयो शिविर का पांचवां दिन

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) की सभी इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन गुरुवार को ग्रामसभा सिकटौर में निर्वाचक साक्षरता क्लब के सहयोग से मतदाता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में युवाओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यशाला में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में प्रथम संस्कार मतदान है। एक-एक वोट से सरकार गिरती और बनती है। वोट का अधिकार प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। निर्वाचक साक्षरता क्लब के विश्वविद्यालय के ब्रांड एम्बेसडर छात्र नीलेश कुमार यादव ने बताया कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में निर्वाचक साक्षरता क्लब का गठन करके युवा मतदाताओं को वोट की शक्ति के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शिवम पाण्डेय ने कहा की चुनाव में सोच समझ कर भागीदारी करने और नैतिकता के साथ अधिक से अधिक मतदान करने का संकल्प लेना होगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र को सफल बनाने में हर नागरिक की जिम्मेदारी अहम है। कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों ने मतदान का संकल्प लिया। कार्यशाला में ग्राम सभा सिक्टौर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राकेश सिंह ने युवाओं को मतदाता सूची में जुड़ने व अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन अनिकेत और धन्यवाद ज्ञापन उत्कर्ष सिंह ने किया।

# केबी राइटर्स अंतराष्ट्रीय साहित्यिक मंच ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**आलापुर अम्बेडकरनगर।** के. बी. राइटर्स अन्तरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच,जमुई, बिहार (भारत) द्वारा भारत के जिन 125 ख्याति प्राप्त साहित्यकारों को कलमकार सम्मान 2023 से सम्मानित किया गया, उनमें राजकीय हाई स्कूल जहाँगीरगंज के प्रधानाचार्य, कवि, लेखक, स्तम्भकार व साहित्यकार डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव का नाम चौथे क्रम पर है।

यह सम्मान किसी भी रचनाकार को उसके एक वर्ष के साहित्यिक कार्यों के आधार पर चयनित होने पर दिया जाता है। जैसा कि के.बी.राइटर्स के अन्तरराष्ट्रीय साहित्यिक मंच के संस्थापकश्री चन्दन केशरी तथा अध्यक्ष एवं संचालक श्री कुन्दन द्वारा 550 साहित्यकारों में से 125 साहित्यकारों को इस सम्मान के लिए चयनित किया गया।

डॉ. सुरेश लाल श्रीवास्तव के इस सम्मान से नवाज़े जाने पर जिले के शिक्षकों एवं क्षेत्रवासियों ने खुशी का इज़हार करते हुए बधाईयां दी हैं।

## चुनाव का शंखनाद

प्रतीक्षित आम चुनाव की घोषणा हो गई। ऐसे में एक चुनाव आयुक्त ने घोषणा के पहले निजी वजहों से इस्तीफा दे दिया है। हालाकि उनका कार्यकाल 2027 तक था। दो नये चुनाव आयुक्त नियुक्त किये गये है। चुनाव कमीशन ने तारीखवार चुनावों का नक्शा पेश कर दिया। चुनाव सात चरणों में होगा। 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा एक जून को समाप्त होगा। चार जून को नतीजे घोषित होगे।

कार्यक्रम के अनुसार 19 अप्रैल को 102 सीटों के लिये 21 केन्द्र शासित और राज्य प्रदेशो मे मत पड़ेगे। दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 89 सीटों के लिये 12 राज्यशासित और केन्द्रीय शासित प्रदेशो में मत डाले जायेगे। तीसरे चरण में 94 सीटों के लिये 7 मई को 12 राज्य केन्द्र प्रशासित राज्यों के लिये मतदान होगा। चौथे चरण में 13 मई को 96 सीटों के लिये 10 राज्य और केन्द्र शासित राज्यों के लिये चुनाव होगा। पांचवा चरण 20 मई को होगा जिसमें 49 सीटों के लिये 8 राज्य और केन्द्र प्रशासित राज्यों के लिये मतदान होगा छठे चरण में 25 मई को 57 सीटो के लिये सात राज्य और केन्द्र प्रशासित राज्यों के लिये होगा। आखिरी और सातवें चरण में 57 सीटों के लिये 8 राज्य और केन्द्र प्रशासित राज्य के लिये मत पड़ेगे। खास बात यह है कि यूपी, बिहार, बंगाल में सातों चरणों में मतदान होगा। चुनाव के नतीजे 4 जून को आयेगे।

भारत दुनियां का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है। यहां का संविधान भी सबसे बड़ा है। भारत के लोकान्त्र पर दुनियां की नजर रहती है। कुछ राष्ट्र भारत के लोकतन्त्र से प्रभावित हो अपने यहां भी यह तन्त्र अपनाने की कोशिश करते है। यह चुनाव इसलिये चर्चित है कि यहां मोदी सरकार तीसरे टर्म के लिये भी प्रबल दावेदार मानी जा रही है। विदेशी सरकारें मोदी के पक्ष में मतदान कर रही है। मोदी ने राम मन्दिर को लेकर धर्म प्रधान देश भारत पर बहुत गहरा असर छोड़ा है। जबसे प्राण प्रतिष्ठा हुआ है तबसे इसकी चर्चा रोज पक्ष और विपक्ष सन्दर्भ के अनुसार करते रहते है। कोई पक्ष में तो कोई विपक्ष में। मतदान पर इसका असर जरूर पड़ेगा। इस चुनाव में उत्तर दक्षिण का एक मुद्दा उभर आया है। मोदी ने दक्षिण को साधने के लिये चुनाव अभियान की शुरूआत वही से की है। चुनाव में मोदी के गारन्टी से लोग प्रभावित देखते है। क्योकि जो उन्होंने कहा पूरा किया। मोदी सरकार के प्रति नया गठबन्धन बना पर गठबन्धन बहुत ढीला ढाला है। ममता, केजरीवाल, गठबन्धन से अलग हो चुके है। मोदी ने अपनी पार्टी में दूसरी पार्टियों के लोगो को भी जोड़ा है। कांग्रेस और सपा के बहुत से पुराने नेता पार्टी छोड़ भाजपा का दामन पकड़ा है। दूसरी पार्टियों में इने गिने लोग आये है। इस चुनाव में महिलाओं और युवाओं का मुद्दा पूरे जोर शोर से उभरा है। मोदी सरकार ने इनके लिये कई स्कीमें लान्च की है, लोग प्रभावित है। दूसरी पार्टियां इनके लिये बडे बड़े वादे कर रह है पर लोग चुनावी वादो की सत्यता जानते है।

कांग्रेस मुख्य विपक्षी पार्टी मानी जाती है। उनके युवराज दो यात्रायें निकल चुके है। उन्होंने अपनी जीत के लिये परिवारिक सीट रायबरेली छोड़कर फिर वायनाड का रूख किया है। जब उन्हें अपनी जीत के लिये सुरक्षित गलियारा खोजना पड़ा है तो दूसरो को जिताने में कितना मद्द कर सकते है या किया है नतीजों के बाद पता चलेगा। मोदी अगर तीसरा टर्म पाते है तो चौथे टर्म की नीव मजबूत करने में सफल हो सकते है।

## लोकसभा चुनाव : राजनीतिक पार्टियों के बीच घमासान


किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों का पूरा शेड्यूल घोषित हो चुका है और इसके साथ ही आचार संहिता अधिसूचना जारी होते ही मॉडल ऑफ कोड आफ कंडक्ट याने आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है, जिसके तहत देशभर में अभियान चलाकर राजनितिक दलों के होर्डिंग बैनर पोस्टर उतारे जा रहे हैं, यही नहीं सरकारी योजनाओं के पोस्ट भी उतार दिए जाएंगे। अब आचार संहिता उल्लंघन की जानकारी सीधे चुनाव आयोग को दी जा सकती है, जिस पर चुनाव आयोग तेज रफ्तार से कार्यवाही करेंगे। मेरा मानना है कि यह बता देना जरूरी है कि लोगों में यह गलत धारणा समाई हुई है कि आचार संहिता केवल राजनीतिक दलों पर ही लागू होती है परंतु मेरा मत है कि यह हम सब यानें आम आदमी पर भी लागू होती है इसका उल्लंघन करने पर जेल की हवा खानी पड़ सकती है,परंतु सरकारी काम बंद नहीं होते उन्हें हमारा काम करना पड़ता है हमारा हर सरकारी काम होते रहेगा। सड़क पानी बिजली चालू सहायता परियोजनाएं सब चालू रहेंगे मकान की परमिशन का अगर पहले आवेदन दे दिया है तो पास होगा हमें कोई पोस्ट या मेल करते समय आचार संहिता के नियम पढ़ लेने चाहिए, नहीं तो जेल जाना पड़ सकता है। आचार संहिता का हम उल्लंघन नहीं कर सकते ठीक वैसे ही हम टीवी चैनल सोशल मीडिया पर आज से ही देख रहे हैं कि फिर राजनीतिक प्रतिक्रियाओं डिबेट आरोप प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। 400 प्लस का बयान, अनेक पार्टियों 00 का बयान, विपक्ष का सत्ता में आने का बयान सहित अनेक बयानों पर सोशल मीडिया और टेलीविजन चैनलों पर बयानबाजी से शब्दों का घमासान शुरू हो गया है। चूंकि लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान हो गया है और राजनीतिकपार्टियों में घमासान शुरू हो गया है इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 पर पूरी दुनियां की नजर लगी हुई है,इसको हर मतदाताओं ने रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम चुनाव तारीखों की घोषणा के बाद चुनाव प्रचार के मुद्दों, बयानों, प्रतिक्रिया गांव की करें तो, मोदी की गारंटीए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसका स्पष्ट संकेत दिया है कि इस चुनाव में उनके प्रचार अभियान का मुख्य विषय मोदी की गारंटी रहने वाला है. पीएम और पार्टी के अनुसार, मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तीकरण, किसानों के कल्याण और उन सभी हाशिए पर पड़े और कमजोर लोगों के लिए एक गारंटी है जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है।कांग्रेस की न्याय गारंटी- देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना के राज्य चुनावों में कुछ हद तक फायदा होता दिखा, जब उसने लोगों को गारंटी दी। अब लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी ने युवाओं, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों और आदिवासी समुदाय के लिए न्याय सुनिश्चित करने के साथ-साथ भागीदार न्याय के उद्देश्य से अपनी 5 न्याय गारंटी की बात की है। मणिपुर से मुंबई तक युवा नेता की अगुवाई वाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान लोगों के सामने न्याय की गारंटी पेश की गई है। विपक्षी पार्टि काघोषणापत्र इन गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार किए जाने की संभावना है और पार्टी अपना अभियान इन्हीं गारंटी के इर्द-गिर्द तैयार करेगीबेरोजगारी और महंगाई - कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों का मुद्दा उठाता रहा है। उन्होंने बार-बार कहा है कि नौकरियों की कमी सबसे बड़ा मुद्दा है और उन्होंने इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की कोशिश भी की है। पार्टी ने रोजगार वृद्धि और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का हवाला देते हुए पलटवार किया है। इस चुनावी मौसम में रोज़ी-रोटी से जुड़े इन मुद्दों पर बहस तेज होगी।अनुच्छेद 370 सीएए और समान नागरिक संहिताये तीनों मुद्दे पार्टी के लंबे समय से किए गए वादों में शामिल रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

सभी सात न्यायमूर्तियों ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विशेषाधिकारों का सृजन सदनों की कार्यवाहियों को निरापद ढंग से चलाने के लिए किया गया था न कि आपराधिक गतिविधियों की अनदेखी करने के लिए। भ्रष्टाचार या रिश्वत एक अपराध है जिसे सदन के भीतर या बाहर एक दृष्टि से देखना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ की पीठ ने इसी मुद्दे पर छायी धुंध को छांटने का काम किया है।

# रिश्वतखोरों पर संसदीय विशेषाधिकार लागू नहीं होगा


ललित गर्ग

सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय देकर सांसदों व विधायकों के सदन के भीतर वोट देने या वक्तव्य देने के लिए रिश्वत लेने को अपराध की श्रेणी में डाल कर साफ कर दिया है कि इन सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों का अर्थ भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के जुर्म से उनका बरी होना नहीं है, क्योंकि सांसदों एवं विधायकों का भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी में लिप्त होना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। यह एक ऐसी राजनीति का निर्माण करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी एवं स्वस्थ लोकतंत्र से वंचित करता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों को कुछ विशेषाधिकार सदनों के भीतर बिना किसी डर या लालच के जनता की आवाज और समस्याएं सरकार तक पहुंचाने के लिए दिये थे, अब संसद, विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेना सदन के विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यानी अब अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। ऐसा होने से राजनीति को स्वच्छता, शुचिता एवं भ्रष्टाचारमुक्ति की ओर अग्रसर करने में बड़ी सफलता मिलेगी। भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने एवं आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिये सांसदों एवं विधायकों का अपराधमुक्त होना जरूरी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर को नकारा नहीं जा सकता। स्वस्थ, मजबूत एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये राजनीति स्वार्थों, दलगत समीकरणों से अलग हटकर एवं राजनीतिक नफा-नुकसान को देखे बिना ऐसे फैसलों को चुनावी मुद्दा बनाये जाने की भी अपेक्षा है, इसी से राजनीति में गहरे तक व्याप्त हो चुके राजनीतिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।

मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित संविधान पीठ ने इस सन्दर्भ में 1998 में इसी न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि रिश्वत लेना विशेषाधिकारों के क्षेत्र से बाहर का मामला है जबकि 1998 में न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने इसे विशेषाधिकारों के क्षेत्र में रखते हुए निर्णय दिया था कि सदन के भीतर किये गये कार्यों के लिए सदस्यों को विशेषाधिकारों का संरक्षण एवं सुरक्षा प्राप्त होती है। अनुच्छेद 105/194 में प्रदत्त विशेषाधिकार सदस्यों के लिए एक भय मुक्त संसदीय वातावरण बनाने के लिए है न कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से संसदीय लोकतंत्र को बर्बाद करने के लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों के रिश्वत कांड पर आए पूर्व आदेश पर विचार कर रहा था। आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था। इस मसले पर



1998 में 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था। अब 25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पलट दिया है। यह मुद्दा दोबारा इसलिये उठा, कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबु सोरेन की बहू और विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिका दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में 'कुछ भी कहने या वोट देने' के लिए संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट हासिल है।

सभी सात न्यायमूर्तियों ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विशेषाधिकारों का सृजन सदनों की कार्यवाहियों को निरापद ढंग से चलाने के लिए किया गया था न कि आपराधिक गतिविधियों की अनदेखी करने के लिए। भ्रष्टाचार या रिश्वत एक अपराध है जिसे सदन के भीतर या बाहर एक दृष्टि से देखना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ की पीठ ने इसी मुद्दे पर छायी धुंध को छांटने का काम किया है। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी अदालत ने विशेषाधिकारों के मुद्दे को न्यायिक समीक्षा के घेरे में ले लिया है। भले ही संसद विशेषाधिकारों के मुद्दे पर विचार करने वाली सर्वोच्च संस्था है मगर इसके सदस्यों के सदन के भीतर किये गये कार्यों की समीक्षा अब से सर्वोच्च न्यायालय में भी हो सकती है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसले के जरिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिशा देने की कोशिश की है।

भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संसद और विधानसभाएं ही अपने अधिकार क्षेत्र में कानून बनाती हैं मगर जब इनके सदस्य ही सदन के भीतर वोट देने या कोई वक्तव्य देने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं तो उन्हें उनके ही बनाये गये कानूनों से छूट किस प्रकार मिल सकती है? गौर से देखा जाये तो सांसदों को 1998 में सदन के भीतर रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में जिस तरह भ्रष्टाचार निरोधक कानून से छूट दी गई थी वह संसदीय एवं न्यायिक रूप से गलत था। तब मामला यह था कि 1996 में स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जो कांग्रेस सरकार गठित हुई थी उसे लोकसभा के भीतर पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं था। सदन में लाये गये विश्वास मत का सामना करने के लिए उसे दूसरे दलों के सदस्यों की जरूरत थी। बहुमत जुटाने के लिए तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत रूप में खासा धन दिया गया। यह मामला अदालत में गया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव अपराधी बनाये गये। निचली अदालत में उन पर आरोप पत्र दाखिल हो गया और उन्हें अपनी जमानत करानी पड़ी। इस अदालत से उन्हें सजा भी हुई। यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो तब के विद्वान न्यायाधीशों ने इसे संसद के भीतर का मामला बता कर विशेषाधिकारों का हिस्सा बता दिया। इससे संसदीय विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल होने लगा। चुने हुए प्रतिनिधि इन अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करते हुए संसदीय परम्परा एवं व्यवस्था को धुंधलाने एवं दागी बनाने लगे। इस एवं ऐसे राजनीति एवं संसदीय परम्परा से जुड़े अनेक मुद्दें पर स्वस्थ बहस हो, इसके लिए जरूरी है कि इन्हें संकीर्ण नजरिये से न देखा जाए। सवाल यह है कि अगर पैसे का या तोहफों का लेनदेन रिश्वत है तो फिर मंत्री पद या चुनावी टिकट या किसी और चीज के प्रलोभन में दलबदल या क्रॉस वोटिंग करना और कराना क्या है? इन विवादित विषयां पर भी स्पष्ट नीति एवं कानून बनाने जरूरी है। जाहिर है, इन कठिन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। लेकिन अगर राजनीति को स्वच्छ बनाना है तो इन सवालों के उत्तर तो तलाशने ही होंगे। दरअसल संसद या विधानसभाओं की कार्यवाहियों को सुचारू व भयमुक्त चलाने व निर्वाचित सदस्यों को जनता की समस्याओं को बिना भय या प्रलोभन के रखने के लिए ही विशेषाधिकरों का गठन किया गया था। उसे किसी भी सूरत में रिश्वत लेने की आड़ के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

# ज़कात क्या है, किन चीजों पर फर्ज है?


हिफजुर्रहमान

ज़कात इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक स्तंभ है और अति महत्वपूर्ण इबादत है। ज़कात दो अर्थो मे इस्तेमाल होता है पाकीज़गी (पवित्रता) और इजाफा (बढोतरी) ज़कात अदा करने से इन्सान का माल पाक होजाता है अल्लाह ताला बन्दे को गुनाहों से भी पाक करते हैं। ज़कात अदा करनें से बन्दे के अजर-व-सवाब में भी इजाफा होता है और अल्लाह ताला उस का माल भी बढ़ा देते हैं। अल्लाह ताला नें पवित्र कुरान में कई जगह पर ज़कात अदा करनें का हुक्म दिया है। जो कोई ज़कात नहीं देगा, उसे क़यामत के दिन कड़ी सज़ा दी जाएगी। (सूरा अल-तौबा 34-35) ज़कात देने वालों को क़यामत के दिन हर तरह के ग़म और डर से महफूज़ रखा जाएगा (अल-बकराह 277)

ज़कात का भुगतान पापों से प्रायश्चित और दरजात की उन्नति का एक बड़ा साधन है (अल-तौबा 103)। हज़रत मोहम्मद (सल0) नें भी हज्जातुलवदा के मौका पर इर्शाद फरमाया लोगो अल्लाह से डरते रहो पांच वक्त की नमाज़ पढ़ो रमज़ान के रोज़े रखो और अपनें मालों की ज़कात अदा करो।

**ज़कात किस तरह की संपत्ति पर लागू होती है :** व्यावसायिक उद्देश्यों के लिये रखी गई ज़मीन, फ्लैटों या खेत पर भी ज़कात देना होती है। लेकिन घर बनाने के लिये रखे गये ज़मीन पर ज़कात नहीं देनी होती है। अगर कोई अपने बच्चे के लिये या इस तरह के इस्तेमाल के लिये फ्लैट रखता है तो

**ज़कात देने वालों को क़यामत के दिन हर तरह के ग़म और डर से महफूज़ रखा जाएगा। (कुरान)**

उस पर भी ज़कात लागू नहीं होती है। अगर किसी की दुकान है तो वहां रखे सामान पर ज़कात अदा करना होगा, लेकिन दुकान की इमारत या ज़मीन पर ज़कात लागू नहीं होगी। अधिकांश लोगो को यह नही मालूम होता है कि जेवरात और नकदी के अलावा व्यापारियों, जमींदारों और पशुपालकों जैसे वर्ग के लिए भी ज़कात देनी होती है अगर वह ज़कात के कराईटेरिया को पहुंच जाते हैं।

**ज़कात चार चीजों पर फर्ज़ है।**

1. सोना और चाँदी
2. ज़मीन की पैदावार
3. माल व्यापार(सामाने तिजारत)
4. पशु.

**सोने की ज़कात :** 87 ग्राम यानी साढ़े सात तोला सोने पर जकात फर्ज है (इब्न माजा 1/1448) सोना चाहे पूंजी के रूप में हो या इस्तेमाल में, हर एक पर जकात वाजिब है। जेवरात जो जाती इस्तेमाल में है उस पर विद्वानों में मत भेद है ज्यादातर का मानना है कि इस पर भी जकात वाजिब है लेकिन कुछ का कहना है कि इस्तेमाल के जेवरात में जकातात वाजिब नही होगी दोनों की अपनी-अपनी दलीलें हैं लेकिन इस्तेमाल के जेवरात में भी जकात देना बेहतर होगा।

**चांदी पर ज़कात :** 612 ग्राम यानी साढ़े बावन तोला चांदी पर जकात फर्ज है, उससे कम वजन पर नहीं (इब्ने माजा)। जकात की दर कीमत या वज़न के हिसाब से ढ़ाई प्रतिशत है।

**ज़मीन की पैदावार पर ज़कात :** जो फसल कुदरती पानी से पैदा होई हो उस मे दसवां हिस्सा यानी बीस मन में से दो मन और जो फसल



ट्यूबवेल या कुएं वगैरह से सींची गयी हो उस के बीस मन मे से एक मन यानी बीसवां हिस्सा जकात होगी। अल्लाह ताला कुरान में कहता है कि फसल की कटाई के वक्त उस का हक अदा करो (सूरातुल्अनाम आयत न0142)

**जानरों की ज़कात :** पाँच ऊँटों की ज़कात एक बकरी है और दस ऊँटों की ज़कात दो बकरियां हैं। पाँच ऊँटों से कम पर ज़कात वाजिब नहीं है।

30 गायों पर एक बकरी जकात है। 40 गायों पर दो साल से अधिक उम्र के एक बछड़ा जकात दें। (तिर्मिज़ी 1/509) भैंसों की ज़कात की दर भी गायों के समान ही है।

40 से 120 भेड़-बकरियों पर एक बकरी जकात है 120 से 200 तक दो बकरी जकात। (सही बुखारी ज़कात की किताब) चालीस बकरियों से कम मे ज़कात नहीं।

**वाहनों की ज़कात :**किराया पर चलने वाली गाड़ियों में ज़कात नही है बल्कि उस के किराया पर है वह भी इस शर्त के साथ कि किराया साल भर जमा होता रहे और निसाब को पहुंच जाए। घरेलू इस्तेमाल वाली गाड़ियों, जानवरों, हिफाज़त के हथियारों व मकान आदि पर ज़कात नही है।

**माल व्यापार पर जकात :** दुकान चाहे किसी भी प्रकार की हो, उसके माल के व्यापार पर ज़कात देना अनिवार्य है, शर्त यह है कि माल निसाब तक पहुंच जाए और एक साल बीत चुका हो।दुकान की सारी संपत्ति का हिसाब करें और उसमें से ज़कात दें, दुकान की उस आमदनी पर ज़कात नही है जो एक साथ खर्च होती रहे सिर्फ उस आमदनी पर ज़कात देना है जो बैंक आदि मे साल भर पड़ी रहे और वह इतनी हो जिस से साढ़े बावन तोला चांदी खरीदी जा सके।

**ज़कात किस को दी जा सकती है :** ज़कात के हकदार आठ प्रकार के लोग हैं जिन को ज़कात दी जा सकती है इन की विस्तृत जानकारी अल्लाह ताला नें कुरान की सूरा तौबा आयात नम्बर 60 में बयान कर दिया है

**फुकरा :** फकीर का पर्यावाची है इस का अर्थ ऐसे लोग हैं जिन के पास गुजर बसर के लिए कुछ न हो।

**मिसकीन :** इस से मुराद वह लोग हैं जिन के जायज खर्चे ज्यादा हों और आमदनी कम हो।

**आमलीन (जकात प्राप्तकर्ता) :** जो ज़कात वसूल करनें उस का हिसाब-किताब रखने के जिम्मेदार हों।

**मोअल्लाफातुलकुलूब :** इस से मुराद वह काफिर है जिस से उम्मीद हो कि वह माल लेकर मुसलमान होजाएगा। गारमीन (ऋणी) जो अपना कर्ज़ अदा नही कर सकते उन को ज़कात दे उन को कर्ज़ से निजात दिलाने के लिए। फिर्रकाब (कैदी) गुलाम मुसलमानों को आजाद कराने के लिए और मुसलमानों को दुश्मन की कैद से रिहाई के लिये।

**फीसबीलिल्लाह :** तमाम वह नेकी के काम जिन में अल्लाह की रज़ा हो। मुसाफिर (यात्री) जिस का सफर के दौरान जादेराह (सफर खर्च) खत्म होगया हो।

**ज़कात न अदा करनें वालो की सजा :** जो लोग सोने और चांदी को जमा करते हैं और अल्लाह की राह में खर्च नही करते हैं उन्हें दर्द नाक अजाब की सजा पहुंचा दीजिए। जिस दिन उस खजाने को जहन्नम की आग में पाया जाएगा फिर उस से उन की पेशानीयां (माथा) पहलू और पुश्तें (कन्धे) दागी जाएगीं और उन से कहा जाएगा यह है वह खज़ाना जिसे तुम जमा रखते थे पस अपनें खज़ानों का मज़ा चखो (सूरा तौबा आयत 34-35)

अल्लाह के रसूल हज़रत मोहम्मद (सल0) नें फरमाया जो आदमी अपनें माल की ज़कात अदा नही करता क़यामत के दिन उस का माल व दौलत गंजे सांप की शक्ल में उस पर मुसल्लत कर दिया जाएगा जो उसे लगातार डसता रहेगा और कहेगा मै तेरा माल और खज़ाना हूं ज़कात को लेकर लोगों में यह भ्रम है कि ज़कात अपनें सगे संबंधियों को नही दी जानी चाहिए तो जान लीजिए यह सही नही अगर आप के सगे भाई, बहन, चचा, फूफी तथा अन्य रिश्तेदार ज़कात के मुस्तकिल हैं तो उन को देने में कोई आपत्ति की बात नहीं है। बल्कि उन्हें ज़कात देना सदक़ा और रिश्तेदारी निभाना दोनों है, क्योंकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का फरमान है ''मिसकीन को सदक़ा देना दान है, और रिश्तेदार को सदक़ा देना दान और सिला रेहमी (रिश्तेदारी निभाना) है। इसे इमाम अहमद (हदीस संख्या : 15794) और नसाई (हदीस संख्याः 2582) ने रिवायत किया है।

# चुनावों की सरगर्मी में विस्मृत न हो युवा शहीद


डॉ उमेश प्रताप वत्स

चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही अब लोकसभा का समर और गरमाएगा। चुनावों का आकर्षण ही कुछ ऐसा है कि हर राजनैतिक अथवा गैर राजनैतिक व्यक्ति स्वयं को इस चुनावी माहौल से अलग करके देखने में असमर्थ है। व्यवसायी हो या कर्मचारी , मजदूर हो या धर्माचारी सब राजनैतिक होली के रंगों में सरोबार दिखाई देते हैं किंतु 23 मार्च को बसंती रंग की होली खेलने वाले भारत माता के वीर युवा सरदार भगतसिंह , सुखदेव व राजगुरु जो हमें सुख देने के लिए हंसते-हंसते बलिदान हो गये , कहीं इस चुनावी होली में हम अपने तारणहारों , वीर शहीदों को न भूल जाये,इस की चिंता भी बनी हुई है।

देश की आजादी के लिए मात्र 23 वर्ष की आयु में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले भगतसिंह, राजगुरु व सुखदेव को भी भान नहीं होगा कि हमारे बलिदान के बाद शहीदों के नाम पर कोई इक्का-दुक्का कार्यक्रम करके बस औपचारिकता मात्र निभाई जायेगी। भगत सिंह चाहते थे कि छलकपट से दूर विशुद्ध रूप से भारत माँ को समर्पित युवक स्वयं को भगतसिंह मानकर नव भारत का उत्थान करने के लिए आगे आएं। यद्यपि आज भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे नेतागण जब अपने कार्यालयों में भगतसिंह का चित्र लगाते हैं और उनके बारे में विचार रखते हैं तो बहुत ही असहज महसूस होता है। भगतसिंह राजगुरु व सुखदेव जो तीनों एक साथ

देश में शहीदों को लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही राजनीति होती आई है। कभी विख्यात क्रांतिकारी, स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के नाम पर राजनीति होती है कभी नेता जी सुभाषचंद्र बोस के नाम पर। कभी शहीद उद्यम सिंह के नाम पर तो कभी सरदार भगतसिंह के नाम पर कुत्सित राजनीति होती है। अपने स्वार्थ के लिए ये राजनैतिक लोग शहीदों को जाति-धर्म में, भाषा व विचार आदि में बाँटकर उनका विस्तृत दायरा भी सीमित कर देते हैं। सर्वमान्य महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों पर इस प्रकार एक संगठन की मोहर लगाने का प्रयास किया जाता है कि जिनको सारे देश के एक आवाज में मानना चाहिए।

हंसते-हंसते एक-दूसरे की गलबहियाँ करते हुए फाँसी के फंदे पर चढ़े , आज वर्तमान में विकृत मानसिकता वाले नेताओं ने अपने राजनैतिक स्वार्थ सिद्धी व तुष्टीकरण के लिए इन तीनों वीर युवाओं को भी अलग-अलग कर दिया अथवा यह कहे कि राजगुरु व सुखदेव को भगत सिंह से अलग कर केवल तुष्टीकरण हेतु राजनैतिक रोटियां सेंकने पर लगे हुये हैं । देश के आम नागरिक भी 26 जनवरी व 15 अगस्त को औपचारिकता निभाने के लिए शहीदों को याद करते हैं फिर भूल जाते हैं । देश ने युवा शहीदों का स्मरण करने के लिए 23 मार्च को जिस दिन विदेशी हुकुमत ने बेरहमी से उन्हें फांसी पर लटका दिया था शहीदी दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है तो इस बार के चुनावी शोर में हमारे ये पूजनीय वीर शहीद विस्मृत न हो इसकी चिंता हर भारतीय को करनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि देश में शहीदों को लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से ही राजनीति होती आई है। कभी विख्यात क्रांतिकारी , स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के नाम पर राजनीति होती है कभी नेता जी सुभाषचंद्र बोस के नाम पर । कभी शहीद उद्यम सिंह के नाम पर तो कभी सरदार भगतसिंह के नाम पर कुत्सित राजनीति होती है । अपने स्वार्थ के लिए ये राजनैतिक लोग शहीदों को जाति-धर्म में , भाषा व विचार



आदि में बाँटकर उनका विस्तृत दायरा भी सीमित कर देते हैं । सर्वमान्य महापुरुषों एवं क्रांतिकारियों पर इस प्रकार एक संगठन की मोहर लगाने का प्रयास किया जाता है कि जिनको सारे देश के एक आवाज में मानना चाहिए, उनके दायरे को सीमित कर दिया गया है ताकि इनकी राजनीति चलती रहे। 23 मार्च शहीदी दिवस के निकट आते ही देशभर में भगत सिंह की विचारधारा का मुद्दा हर वर्ष की भांति आज भी कई संगठनों के सिर चढ़कर बोल रहा है।

काकोरी कांड के बाद एक साथ अपने दल के प्रमुख साथियों के पकड़े जाने से, आम लोगों व तत्कालीन नेताओं द्वारा सहयोग न मिलने से भगतसिंह व्यथित अवश्य हुये थे किंतु पं. चन्द्रशेखर जी के सानिध्य व दुर्गा भाभी की प्रेरणा ने उनको ओर अधिक दृढ़ता से काम क्रांति गतिविधियों को चलाने हेतु तैयार किया । तत्कालीन भारतीय नेताओं द्वारा क्रांतिकारियों का प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से विरोध जताने के कारण तथा स्वतंत्रता को लेकर अंग्रेजी हकूमत द्वारा क्रांतिकारियों को अनदेखा कर नरमपंथी नेताओं को बढ़ावा देने के कारण ही पं. चन्द्रशेखर आजाद ने अंग्रेजों की नींद उड़ाने के लिए असैंबली में विस्फोट करने की योजना बनाई । जिसे पंडित जी स्वयं पूरा करना चाहते थे । यद्यपि पंडित जी कुशाग्र बुद्धि के स्वामी , संस्कृत के विद्वान बहुत ही तीव्रता से निर्णय लेने के लिए जाने जाते थे किंतु अंगल भाषा पर हाथ कमजोर होने के कारण बटुकेश्वर दत्त एवं सुखदेव के कहने पर यह दायित्व सरदार भगतसिंह व बटुकेश्वर दत्त को दिया। भगत सिंह ने विस्फोट के बाद गिरफ्तारी देकर व असैंबली में पर्चे फेंककर हिंदुस्थान के नवयुवकों को संगठन का जो संदेश देना था उसमें वे सफल रहे किंतु असैंबली में बहरों को अपनी आवाज सुनाने के लिए विस्फोट करने के बाद गिरफ्तारी देने तथा वहां सांडर्स हत्या के मुकदमें के दौरान अपने ही साथी द्वारा गवाही देने से वे बहुत दुखी हुये तब उन्हें अंग्रेजों के अत्याचार के कारण जनता के दुख, गरीबी, भूखमरी, अन्याय आदि परिस्थितियां व्यथित करने लगी जो हर सच्चे देशभक्त को करती ही है। ऐसे में व्यथित होकर उन्हें लगा कि इतना सबकुछ होने पर भगवान कुछ नहीं कर रहा है। अल्पकालीन व्यथित काल में यदि भगत सिंह ने स्वयं को नास्तिक मान भी लिया तो इसका यह अर्थ तो कदापि नहीं हो सकता कि वे नास्तिक थे। जिन्होंने दशम गुरुओं के बलिदान से, आर्यसमाजी परिवेश में तथा माता के दूध में ही देशभक्ति का संस्कार पाया हो वह चंद पृष्ठों की एक पुस्तक लिखने मात्र से नास्तिक कैसे हो सकता है। दूसरा मार्क्स के ये अनुयायी कहते हैं कि फांसी से पहले उन्होंने लेनिन की पुस्तक पढ़ी थी,जो कि उनके आदर्श थे। बिल्कुल निराधार तथ्यहीन बात है यह क्योंकि उन्होंने उस दिन जेलर से गीता, सत्यार्थप्रकाश एवं लेनिन की पुस्तक की मांग की थी, दुर्भाग्य से जेलर ने केवल लेनिन की पुस्तक ही उपलब्ध करवाई।

आर्य समाज और स्वामी दयानंद की विचारधारा से गहन रुप से संस्कारित और प्रेरित भगत सिंह का नाम समस्त भारत में सशस्त्र क्रांतियों की प्रवृतियों का प्रतीक बन गया था । भारत की जंग ए आजादी के दौर में भगत सिंह एक ऐसी अद्भुत शख्सियत रहा कि जिसने परंपरागत क्रांतिकारी विचारधारा में आधुनिक समाजवादी सिद्धांतों के समावेश का आग़ाज किया। वे प्रखर राष्ट्रवादी, देशभक्त एवं पक्के आर्यसमाजी थे। आर्यसमाज में भी स्वामी अग्निवेश जैसे मार्क्सवादी विचारों के लोग जनता को भगत सिंह के साम्यवादी होने का भ्रम फैलाते रहे। अपना उल्लू सीधा करने के लिए महापुरुषों का उपयोग बहुत ही घृणित कार्य है। एक आर्यसमाजी, देशभक्त और राष्ट्रवादी होना किसी भी प्रकार से साम्यवादियों से मेल नहीं खाता। आज आदर्श नेता विहिन संगठनों में भगत सिंह को अपने संगठन-विचारों से जुड़ा होने के बारे में बताने की होड़ लगी है।



# काशी की अनोखी होली का अद्भुत नजारा



काशी की अनोखी होली पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यहां एक तरफ रंगभरी एकादशी पर बाबा विश्वनाथ को गुलाल अर्पित कर काशिवासियों की होली की शुरुआत होती है। तो वहीं महाश्मशान मणिकर्णिका घाट व हरिश्चंद्र घाट पर जलती चिताओं के बीच होली खेली जाती है।

## पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव सह प्रभारी बनाया गया




**लखनऊ।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए राजस्थान, हरियाणा और आंध्र प्रदेश के लिए चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी की घोषणा कर दी है। यूपी के पूर्व मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह को आंध्र प्रदेश का चुनाव सह प्रभारी बनाया गया है। अरुण सिंह आंध्र प्रदेश के चुनाव प्रभारी होंगे।

इसी तरह हरियाणा का चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया और सह प्रभारी सुरेंद्र सिंह नागर को बनाया गया है। राजस्थान का चुनाव प्रभारी डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे को बनाया गया है। और विजया रहाटकर को व प्रवेश वर्मा को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# रामलला के दरबार में ध्यानमग्न दिखे आस्ट्रेलिया के लेंगर तो रोड्स हुए राममय

**अयोध्या।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी की आईपीएल के 17वें सीजन का आगाज शुक्रवार से होने वाला है। आईपीएल के लिए सभी टीमों ने कमर कस ली है। इसी बीच लखनऊ सुपर जाइंट्स की टीम अयोध्या पहुंची। शुक्रवार को जॉन्टी रोड्स, जस्टिन लैंगर, अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज और रवि बिश्नोई रामलला के दर्शन करने पहुंचे।

भारतीय मूल के दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर केशव महाराज ने शुक्रवार को पूर्वाह्न रामलला का दर्शन किया। वह इस बार लखनऊ सुपरजाइंट्स (एलएसजी)की ओर से आईपीएल में खेलेंगे। केशव जिस सुपरजाइंट्स टीम की ओर से आईपीएल में ताल ठोकेंगे, उसके अभियान का आरंभ 24 जनवरी को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के साथ मुकाबले से हो रहा है। केशव ने एसएसजी के कोच एवं पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर जस्टिन लैंगर तथा



■ आईपीएल से पहले लखनऊ की टीम पहुंची अयोध्या, टेका मत्था

फील्डिंग में चुस्ती-फुर्ता का प्रतिमान गढ़ने वाले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स के साथ इस मुकाबले से पूर्व रामलला का दर्शन कर अपनी आईपीएल टीम के लिए सफलता का आशीर्वाद मांगा।

34 वर्षीय केशव महाराज की गणना दक्षिण अफ्रीका के स्थापित क्रिकेटर्स में होती है। वह दक्षिण अफ्रीका के लिए 50 टेस्ट एवं 44 वनडे मुकाबले खेलकर क्रमशः 158 एवं 55 विकेट ले चुके हैं। वह ठीक-ठाक बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। यह पहला अवसर नहीं है, जब किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर की रामलला के प्रति आस्था अर्पित हुई है। इसी वर्ष 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह में महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महान स्पिनर अनिल कुंबले, अजय जडेजा, वेंकटेश प्रसाद आदि शामिल हुए थे और रामलला के प्रति आस्था अर्पित की थी।

# बीए-बीएड स्टुडेंट्स ने नेशनल वार मेमोरियल का किया भ्रमण



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन बीए बीएड प्रोग्राम के छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए दिल्ली स्थित नेशनल वार मेमोरियल, इंडिया गेट और अक्षरधाम मंदिर गए। नेशनल वार मेमोरियल पर गाइड श्री गोविन्द साह ने सभी छात्रा-छात्राओं को शहीदों के बारे में विस्तार से बताया। यह स्मारक इंडिया गेट के पास सशस्त्र बलों के शहीदों की याद में बनाया गया है। सन 1947-48, 1961 गोवा, 1962 चीन, 1965, 1971, 1987 सियाचिन, 1987-88 श्रीलंका, 1999 कारगिल और युद्ध रक्षक जैसे अन्य युद्धों के 13,300 भारतीय शहीद सैनिकों के नाम लिखे गए हैं । भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25 फरवरी 2019 को इंडिया गेट के पास 44 एकड़ में बना नेशनल वॉर मेमोरियल राष्ट्र को समर्पित किया था। इससे पहले डीन स्टुडेंट वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने टीएमयू कैंपस से दो बसों से छात्र-छात्राओं को नेशनल वार मेमोरियल, दिल्ली के लिए लिए रवाना किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने इंडिया गेट के एतिहासिक महत्व को समझा। भ्रमण का अंतिम पड़ाव अक्षरधाम मंदिर पहुंचा।

# टीएमयू का फिजिकल एजुकेशन कॉलेज नया चैंपियन

## 37 प्वाइंट्स के साथ मेडिकल कॉलेज रहा दूसरे स्थान पर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित टीएमयू इंटर कॉलिजिएट प्रतियोगिता की विभिन्न प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक 52 प्वाइंट्स लेकर फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने चैंपियनशिप की फाइनल ट्राफी अपने नाम की। 37 प्वाइंट्स के साथ मेडिकल कॉलेज दूसरे, जबकि 27 प्वाइंट्स के साथ सीसीएसआईटी कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

टीएमयू इंटर कॉलिजिएट प्रतियोगिता के समापन समरोह में लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने कहा, खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं। एक श्लोक को कोट करते हुए बोले, सुख दुख समय कृतव लाभ लाभो जय जयो अर्थात विजयी होने के लिए हमें अधिक मेहनत की



आवश्यकता होती है। यह टीएमयू के छात्रों के लिए गौरव की बात है कि उन्हें यूनिवर्सिटी में र्स्पोट की बेस्ट फैकल्टीज़ और सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल्स और ट्राफियां देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, फिजिकल एजुकेशन के प्रिंसिपल प्रो. मनु मिश्रा, लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. सुशील कुमार सिंह, फाइन आर्टस के प्रिंसिपल श्री रविन्द्र देव, डॉ. माधव शर्मा आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से सभी कॉलेजों के स्पोर्ट्स कोर्डिनेर्ट्स को टोकन ऑफ लव पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है, टीएमयू इंटर कॉलिजिएट प्रतियोगिता का शुभारम्भ 27 फरवरी को हुआ था। प्रतियोगिता में 16 कॉलेजों ने 10 खेलों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता

■ सीसीएसआईटी कॉलेज 27 प्वाइंट्स से रहा तीसरे स्थान पर

में क्रिकेट, बैडमिंटन, वालीबाल, बास्केटबाल, फुटबाल, कबड्डी, एथलेटिक्स, कैरम, चेस, टग ऑफ वार आदि खेलों में खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। परम्परा के अनुसार यदि मेजबान कॉलेज फिजिकल एजुकेशन चैंपियन ट्राफी जीतता है तो वह ट्राफी रनर अप टीम को सौंप देता है। इसी कारण से चैंपियन ट्राफी मेडिकल कॉलेज को दे दी गई। इससे पहले मैन कबड्डी प्रतियोगिता में कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ने फार्मेसी कॉलेज को 34-21 से मात दी। मेडिकल कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा। दूसरी और एथलीट में मैन की 100 मीटर दौड़ में फिजिकल एजुकेशन के सिकन्दर विजेता रहे। मेडिकल के लोकेश ने द्वितीय और एग्रीकल्चर के अविनाश तीसरे स्थान पर रहे।

# रक्तदान शिविर का आयोजन





अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के सप्तम दिवस 21 मार्च को हीरालाल यादव लॉ कॉलेज,सरोजनी नगर, लखनऊ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

प्रातः योग, प्रार्थना के पश्चात् डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफुशन लखनऊ (केजीएमयू) डॉ रजनीश पांडेय, डॉ मनोज, श्रीमती गुड़िया, श्रीमती नेहा एवं उनके अन्य सहयोगी ब्लड डोनेशन वैन के साथ कॉलेज परिसर में पहुंचे। जिनका स्वागत हीरालाल ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के प्रबंधक निदेशक इं0 अनुराग, प्राचार्य डॉ संजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी अजय कुमार दुबे एवं राजन श्रीवास्तव ने किया।

रक्तदान शिविर में प्रबन्ध निदेशक इं0 अनुराग, प्राचार्य डॉ संजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी अजय कुमार दुबे, राजन श्रीवास्तव सहित कुल 44 लोगो ने रक्तदान किया।

# महाराजा बिजली पासी महाविद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देश के जाने माने फैशन डिज़ाइनर मनीष त्रिपाठी जिन्होंने भगवान् श्री राम लला सरकार के वस्त्रों की रचना की है एवं वर्तमान में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सर्कार के अंतर्गत राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सेक्टर कौशल परिषद् में सलाहकार हैं, ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का उदघाटन किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्राचार्या प्रोफ़ेसर सुमन गुप्ता के द्वारा मुख्य अतिथि के स्वागत से हुआ। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की समारोहका डॉ सनोबर हैदर ने महाविद्यालय की सत्र 2023 -24 की वार्षिक आख्या प्रस्तुत की एवं तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्र छात्रों के द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की, जिनमें रामायण सार, भारतीय स्वतंर्त्ता संग्राम एवं भारत के विभिन्न पर्व तथा बॉलीवुड में श्वेत श्याम से रंगीन चलचित्रों तक का सफर नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त मेधावी छात्र छात्रों जिन्हने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की थी, को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ मोहम्मद तारिक एवं डॉ रश्मि यादव का अलंकरण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता मिश्रा एवं डॉ राघवेंद्र मिश्रा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्रवक्ता एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सेंट जोसेफ स्कूल का मना वार्षिकोत्सव, रंगारंग प्रस्तुति



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सेंट जोसेफ स्कूल (बजाज ग्रुप) की मलिहाबाद शाखा में विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं अभिनंदन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बच्चों द्वारा अनेक रंगारंग कार्यक्रमो की प्रस्तुतिया दी गयी। रंग बिरंगे परिधानो में सजे बच्चे बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। विद्यालय के प्रबंध निदेशिका सीमा अग्रवाल एवं प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल ने मेधावी छात्र छात्राओ को मैडल पहनाए गये एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये। उन्होंने विद्यार्थियो को शुभाशीष भी दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर मलिहाबाद की विधायक जया देवी कौशल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रही। सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय की संस्थापिका पुष्पलता अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशिका श्रीमती सीमा अग्रवाल एवं प्रबन्ध निदेशक राजेश अग्रवाल ने किया एवं स्मृति चिन्ह भेट किये। इस अवसर पर भारी संख्या में अभिभावक गण भी उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान उनकी तालियो की गड़गहट से पूरा विद्यालय प्रांगण गुन्जायमान रहा।

# 'समाज में महिलाओं की भूमिका अहम'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** खूवाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में विश्विद्यालय के कुलपति प्रो.एन.बी.सिंह के मार्गदर्शन में ब्रेकथ्रू द्वारा आयोजित जी.बी.वी (जेंडर बेस्ड वायलेंस) के अंतर्गत चल रहे कैंपेन दखल दो! के समापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय में स्तिथ अटल सभागार में दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मंच पर ब्रेक थ्रू से सीनियर कोऑर्डिनेटर श्री शुभम सिंह चौहान, वाणिज्य विभाग के डीन डॉ. एहतिशाम अहमद, बिजनेस डिपार्टमेंट से डॉ. दोआ नक़वी, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.रुचिता सुजई चौधरी, वाणिज्य विभाग से डा. ज़ैबुन निशा मंचशीन रहे। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डा. दोआ नक़वी ने सभागार में उपस्थित अतिथिगण को मंच पर आमन्त्रित करते हुए उनका स्वागत किया। इसी



कड़ी में ब्रेक थ्रू फैलोज श्वेता तथा फिज़ा ने ब्रेक थ्रू के साथ अपने सफर के अनुभव को साझा किया। इसी कड़ी में ब्रेक थ्रू के द्वारा बहुत ही सुंदर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। मंच पर मंचसीन ब्रेक थ्रू से सीनियर कोऑर्डिनेटर श्री शुभम सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में ब्रेक थ्रू फेलोज़ की सराहना करते हुए सभागार में उपस्थित सभी शिक्षकों तथा ब्रेक थ्रू से जुड़े हुए हर एक विद्यार्थी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए अत्यधिक सुंदर गीत सुनाया।

इसके बाद डा. रुचिता सुजई चौधरी ने सभी का उत्साहवर्धन करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को समापन की ओर ले जाते हुए डॉ. ज़ैबुन निशा द्वारा सभागार में उपस्थित अतिथिगण, सभी शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं को धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में ब्रेक थ्रू द्वारा उनके फेलोज़ श्वेता, फिज़ा, दीपांशु, फिरोज़ एवं मंच पर उपस्थित सभी शिक्षकों को मोमेंटो वितरित किया गया एवं सभी वोलींटियर्स को सर्टिफिकेट दिया गया।कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग स्कॉलर मारिया बिनते सिराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अधिक संख्या में शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सर्वोतम कैडेटस प्रतियोगिता में भाग लेंगे मुसहा विद्यालय के बच्चे



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** गौर विकास क्षेत्र के इंग्लिश मीडियम मॉडल प्राथमिक विद्यालय से मण्डल स्तर पर चयनित दो बच्चे सेजल और देवराज अब प्रदेश स्तर पर आयोजित हो रहे सर्वोतम कैडेटस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। स्काउट गाइड के जिम्मेदारी अधिकारी बच्चों को टिप्स देकर प्रतियोगिता के लिये तैयार करने में जुटे हैं। इसी कड़ी में मुसहा विद्यालय पर टीम के साथ पहुंचे बस्ती मण्डल के सहायक प्रादेशिक संगठन कमिश्नर राकेश कुमार सैनी ने कहा कि आदर्श प्राथमिक विद्यालय मूसहा के बच्चे जनपद बस्ती से प्रदेश स्तर पर सर्वोत्तम कैडेटस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए चुने गए हैं। इनकी इस सफलता पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी गौर जैनेन्द्र कुमार, जिला स्काउट मास्टर कुलदीप सिंह, जिला संगठन कमिश्नर प्रताप शंकर पाण्डेय, प्रधानाध्यापक रामसजन यादव, जगदीश कुमार, दशरथ नाथ पाण्डेय, अखिलेश त्रिपाठी, शंकराचार्य, विजय कुमार श्रीवास्तव, विमला देवी आदि ने बधाई देते हुए प्रदेश स्तर पर सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी है। प्रधानाध्यापक रामसजन यादव ने कहा प्राथमिक स्तर पर चयनित बुलबुल प्रदेश स्तर पर आयोजित हो रही प्रतियोगिता में बस्ती जनपद का नाम रोशन करेंगे।

## पर्यावरण संकट पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठवें दिन प्रार्थना एवं लक्ष्य गीत गायन के उपरांत गत दिवस की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात शिविरार्थियों ने टोली बनाकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय, सैयद बाकर मेहंदी,राम अचल यादव, डॉ. सत्येन्द्र यादव तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ . चंद्रकेश कुमार, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. पवन कुमार दुबे, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ . अनिल कुमार मिश्र, सुशील कुमार त्रिपाठी,ज्ञानेंद्र कुमार,डॉ.अराधिका , डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय, अपूर्वा चतुर्वेदी, प्रतिमा मौर्य, गुंजन सिंह, आलोक यादव, शिवांगी सिंह, वीरेंद्र कुमार, डॉ. विवेक शुक्ला,अखिलेश पांडेय, डॉ . शंभूनाथ सिंह आदि के निर्देशन में चयनित ग्राम दरावपुर में शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता अभियान चलाया तथा गांव में साफ-सफाई का कार्य करके उन्हें प्रेरित किया।

# मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के 03 दिन के भीतर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 में निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों, राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर, हैण्डबिल इत्यादि) छपवाये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा-निर्देश दिये गये है, प्रचार सामिग्री पर प्रिन्टिग प्रेस का नाम, छापी गयी प्रचार सामिग्री की संख्या, पता आदि का विवरण प्रत्येक दशा में अंकित किया जाना है। उन्होने समस्त प्रिन्टिंग प्रेस स्वामियों जो निर्वाचन से संबंधित चुनाव प्रचार सामग्री (पोस्टर, बैनर, हैण्डबिल इत्यादि) को छापने का कार्य करते है, से कहा है कि वह बिना नाम, पते, संख्या के कोई भी चुनाव प्रचार सामग्री न छापें, इसका उल्लंघन करने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं में दंड, जुर्माना अथवा दोनों का प्राविधान किया गया है।

श्री सिंह ने कहा कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-24 में निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों, राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार सामग्री छपवाई जायेगी, निर्वाचन के दौरान पम्पलेट, पोस्टर आदि के मुद्रण पर कतिपय शर्तों के अन्तर्गत प्रतिबन्ध लगाया गया है। उन्होने बताया कि कोई व्यक्ति किसी ऐसे निर्वाचन पम्पलेट, पोस्टर का प्रकाशन, मुद्रण नहीं करेगा जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम व पता न

**प्रिंटिंग प्रेस स्वामी निर्वाचन प्रचार सामग्री, पोस्टर, पंपलेट जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम व पता न हो उसे मुद्रित, प्रकाशित नहीं करेगा**

लिखा हो, दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात मुद्रक द्वारा प्रकाशक के घोषणा की प्रति के साथ दस्तावेज की 03 प्रतियां रिटर्निंग आफीसर को भेजी जायेगी। उन्होने कहा है कि किसी भी निर्वाचन पम्पलेट, पोस्टर तथा प्रकाशक सामग्री पर प्रकाशक, मुद्रक का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कोई भी विज्ञापन प्रकाशित करने के पूर्व उसे मीडिया सर्टिफिकेटेशन एवं मानीटरिंग कमेटी से प्रमाणित कराना होगा, सभी प्रत्याशियो को पैड न्यूज से सतर्क रहना होगा, कोई भी व्यक्ति किसी भी राजनैतिक विज्ञापन का प्रसारण नहीं करेगा, कोई भी केबिल ऑपरेटर, टीवी चैनल, सोशल मीडिया पर इसका उल्लंघन करते पाया गया तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की सुसंगत धाराओं में दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी, आयोग ने इस्टांग्राम, यूट्यूब, क्रू एप, व्हाट्स एप, फेसबुक, वाइसमैसेज आदि को सोशल मीडिया माना है, सोशल मीडिया पर चुनाव को प्रभावित करने वाले, आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन, हेट स्पीच, मतदाताओं को लुभाने सम्बन्धी खबरों पर संज्ञान लिया जायेगा।

# पक्के तालाब में किशोर का शव बरामद हुआ

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** जालौन के मोहल्ला मुरली मनोहर स्थित पक्के तालाब में आज एक किशोर का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आसपास के लोगों की मदद से व गोताखोरों की मदद से किशोर का शव बाहर निकलवाया।



प्राप्त विवरण के अनुसार मृतक किशोर का नाम सोमिल बाथम निवासी मोहल्ला कछौरन बताया गया है। इस संबंध में ज्ञात हुआ है कि मृतक सोमिल बाथम लगभग 4 दिन पहले से घर से गायब हो गया था। इस संबंध में मृतक किशोर के बाबा ठाकुरदास बाथम ने कोतवाली में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उनका पुत्र का पुत्र सोमिल बाथम छत्रसाल इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में पढ़ता था। विगत 17 मार्च को सोमिल घर से गया था लेकिन देर शाम तक नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। आज सायं काल 4 बजे के लगभग मोहल्ला मुरली मनोहर स्थित पक्के तालाब पर कुछ लोग टहल रहे थे, तभी उन्हें तालाब में किसी का सिर दिखाई दिया। इसकी जानकारी जब आसपास के लोगों को हुई तब पूरे तालाब परिषद में भीड़ जुड़ गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज दामोदर सिंह व अन्य पुलिस फोर्स ने गोताखोरों की मदद से किशोर के शव को बाहर निकाला। मृतक के शव की शिनाख्त उसकी मां व भाइयों द्वारा की गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

# मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था मजबूत होती है: डीएम

अवधनामा संवाददाता

- सभी विधान सभा में महिलाओ, दिव्यांगों एवं युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जायेगें:-डी0एम0
- मतदान से रोकने या दबाव डालने के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी: पुलिस अधीक्षक
- मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी: मुख्य विकास अधिकारी




**हरदोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज सीएसएन पीजी कॉलेज में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में युवा मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इससे पहले जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में छात्र छात्राओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी तथा मतदाता जागरूकता के विभिन्न बिंदुओं पर विद्यार्थियों से संवाद किया एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न सवाल पूछे जिनका जिलाधिकारी ने निराकरण किया और विद्यार्थियों से भी मतदाता जागरूकता को लेकर कुछ प्रश्न पूछे।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासनिक टीम की मेहनत की वजह से बड़ी संख्या में युवा वोटर बढ़े है और जेन्डर रेशियो व इपी रेशियो में बड़ा सुधार हुआ है तथा दोनों संसदीय क्षेत्रों की सभी विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं को समर्पित 2-2 मतदान केंद्र और प्रत्येक विधानसभा में दिव्यांगों को समर्पित तथा युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जायेगें तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में आदर्श बूथ बनाये जा रहे हैं और 13 मई को सभी लोग मतदान करने अवश्य जाएं। उन्होने कहा कि 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं व बूथ तक न आ पाने वाले वोटरों के लिए घर पर मतदान की सुविधा दी गयी है और सर्विस वोटर के लिए मतदान की व्यवस्था की गयी है। वोटर हेल्पलाइन ऐप व सी विजिल ऐप डाऊनलोड कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने से देश की लोकतान्त्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि मतदान के दिन अपना वोट अवश्य डालें। सभी संवेदनशील बूथों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। मतदान से रोकने या दबाव डालने के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ऐसे लोगों के बारे में तत्काल जानकारी दें। सभी लोग निर्भीक होकर मतदान करें। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए युवाओं की भागीदारी जरूरी है। 13 मई को मतदान करने अवश्य जाएं और ऊँगली के निशान को दिखाकर दूसरों को भी प्रेरित करें। चुनाव को एक पर्व की तरह मनाना है। उन्होंने क्यू आर कोड के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से हम वोटर लिस्ट में अपना नाम देख सकते हैं। अपने बूथ के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते है। केवाईसी ऐप के माध्यम से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सी विजिल ऐप के माध्यम से आदर्श अचार संहिता के उल्लंघन के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसमें नाम गोपनीय रहता है। सक्षम ऐप के माध्यम से दिव्यांग मतदाता विभिन्न सुविधाओं के लिए आवेदन कर सकते हैं। सीईओ वेबसाईट पर हम चुनाव आयोग की सभी प्रेस विज्ञप्तियों व नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर ने कहा कि अनुशासन ने राष्ट्र आगे बढ़ता है। चुनाव का पर्व देश का गर्व है। स्वयं भी मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। मतदान प्रतिशत में जिले को शीर्ष पर लेकर जाएं। प्रधानाचार्य कौशलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ने से राष्ट्र ऊपर आता है। कुछ माह बात रिटायर होने वाले प्रोफेसर संदीप सिन्हा ने जोशीले अंदाज ने विद्यार्थियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम, विद्यालय के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ (एएचटी) की मासिक समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आज थाना कोतवाली परिसर में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना एएचटी अभयराज मिश्रा व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली शशिमौली पाण्डेय की अध्यक्षता में व्यापारी बंधु, पेट्रोल पम्प एवं बैंक मित्रोंध्माइक्रों फाइनेन्स कर्मियोंध्होटल मालिको को अत्यधिक प्रभावी बनाये जाने एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशादृनिर्देश दिया गया। चर्चा के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा बताया गया कि सभी व्यापारी बन्धु अपने अपने दुकान के सामने सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगायें तथा नरौली पुल व शारदा पुल पर लाइट की पर्याप्त व्यवस्था कराने व होली के दृष्टीगत शहर क्षेत्र में साफ दृ सफाई कराने हेतु नगर पालिका के चेयमैन को अवगत कराया गया । आगामी चुनाव के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश के क्रम में बताया गया कि 50000ध- से अधिक रूपये कैश लेकर न चले यदि लेकर चलते है तो उसका व्यौरा रखें। अपने निजी वाहनों में कालीफिल्म, झण्डा हूटर आदि का प्रयोग न करें। अगर आवश्यकता पड़े तो पुलिस की मदद अवश्य लें। उक्त बैठक में उपस्थित व्यापारियों द्वारा होलिका दहन व होली के दृष्टीगत पर्याप्त सुरक्षी बल मुहैया कराने हेतु अवगत कराया गया इस पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली द्वारा पर्याप्त पुलिस बल लगाकर होली, रमजान, नवरात्र व ईद का त्योहार सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु आश्वासन दिया गया।

# ट्रक से तस्करी की 500 पेटी शराब बरामद

अवधनामा संवाददाता

- दो तस्कर ट्रक को छोड़कर भागने में सफल

**मथुरा।** थाना कोसीकला पुलिस ने मूंगफली के बोरियों के नीचे छुपा कर तस्करी की शराब ले जा रहे एक ट्रक को पड़ा है चालक और उसका साथी भागने में सफल ट्रक में पंजाब में बिकने वाली अंग्रेजी शराब की 500 पेटी जिनकी कीमत 35 लाख रुपए बताई जाती है बरामद करने में सफलता प्राप्त की है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री तस्करी के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है थाना कोसीकला के प्रभारी निरीक्षक निरीक्षक अजीत सिंह ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गुहेता 10 विशा के पास शेरगढ़ कोसी कला मार्ग पर मुखविर के इशारे पर आते हुए ट्रक को रुकने का इशारा किया चालक ने चतुराई दिखाते हुए 100 मीटर पहले ही ट्रक को रोककर अपने साथी सहित खेतों की और भागने में सफल हो गया।

पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली को तो उसमें मूंगफली की बोरियों के नीचे छुपा कर ली है जा रही इंपीरियल ब्लू अंग्रेजी शराब जो पंजाब प्रांत में बिकने के लिए है की 500 पेटी बरामद की है पुलिस ने पकड़ी हुई शराब और ट्रक को अपने कब्जे में लेकर आने लाकर कानूनी कार्रवाई की है।

प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया पकड़े गए माल में 110 पेटी इंपीरियल ब्लू शराब की बोतल और 160 पेटी हाफ शराब की बोतल, 230 पेटी क्वार्टर शराब की बोतल तथा 20 बोरा मूंगफली, के अलावा ट्रक नंबर जी जे 06 वी वी 9890 बरामद किए हैं ट्रक का पंजीकृत विष्णु भाई पुत्र राम प्रताप सिंह शेखावत निवासी गफूर बस्ती खानबादी टेकरा रमोल रोड अहमदाबाद गुजरात और अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक के अलावा चौकी प्रभारी गड़ी बराबरी रोहित सिंह के अलावा आधा दर्जन पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## गोकुल की विश्व प्रसिद्ध छड़ीमार होली से आनंदित हुए भक्त

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की जन्म और क्रीडा स्थली ब्रजनगरी मथुरा के गोकुल में बृहस्पतिवार को छड़ीमार होली की धूम मची रही। यहां दोपहर में छड़ीमार होली शुरू हुई तो लोगों की भीड़ बढ़ती गई। इससे पहले नंद भवन में ढोल-नगाड़ों की धुन और फूलों की वर्षा के साथ ठाकुर जी का डोला निकला। शोभा यात्रा आरंभ होने से पूर्व मुख्य पुजारी ने डोला की आरती की। इसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। वह भक्ति भाव में डूबकर झूमते हुए आगे बढ़ रहे थे। नंद भवन चौक पहुंचने पर ठाकुर जी का डोला रखा गया। यहां पर एक बार फिर ठाकुर जी की आरती की गई। इसके बाद फिर डोला उठा और मुरलीधर घाट की तरफ आगे बढ़ने लगा। गोकुल की कुंज गलियों से निकलते हुए डोला मुरलीधर घाट पहुंचा। इसमें बैठे राधा के प्रिया प्रियतम ने बसंती वस्त्र धारण कर रखे हैं।

# जनपद में आयोजित हुआ खुशहाल परिवार दिवस

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जनपद में गुरुवार को जिला महिला चिकित्सालय सहित समस्त ब्लाक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सभी जन आरोग्य मंदिरों में खुशहाल परिवार दिवस आयोजित हुआ। इसी क्रम में जिला महिला चिकित्सालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका शुभारम्भ एरा मेडिकल कालेज की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 उमा गुप्ता तथा डॉ0 सुबोध कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि साल 2020 से हर माह की 21 तारीख को खुशहाल परिवार दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य नवविवाहित दंपतियों को परिवार नियोजन साधनों की जानकारी देते हुए साधन मुहैया कराना है। जिससे काफी हद तक परिवार सीमित रखने के लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है इसके साथ ही अनचाहे गर्भधारण की स्थिति से भी महिला को बचाया जा सकता है। अनचाहे गर्भधारण की स्थिति में असुरक्षित गर्भसमापन के कारण महिला का स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। इस मौके पर डा. उमा गुप्ता ने कहा कि परिवार नियोजन के साधनों पर बात करने में लोग हिचकते हैं। इस हिचक को दूर करना बहुत जरूरी है। सही समय पर परिवार नियोजन के सही साधनों के उपयोग से महिला और बच्चे का स्वास्थ्य बेहतर होता है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि सभी योग्य दंपतियों को परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी देने के साथ ही उपलब्ध भी कराए जाएं। यह साधन स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध हैं जिसमें त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन् अंतरा, साप्ताहिक नॉन हार्मोनल गर्भनिरोधक गोली छाया, माल ड्रूएन, कोंडोम प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि पहले बच्चे की योजना विवाह के दो साल बाद बनाएं और दो बच्चों के बीच में कम से कम तीन साल का अंतर रखें। इससे मां और बच्चा दोनो ही स्वस्थ रहते हैं। इस अवसर पर 22 अंतरा डोज लगवाने वाली सुषमा निवासी लालपालपुर तथा 11 डोज पूर्ण करने वाली खुशबू निवासी मंसूरनगर को डॉ0 उमा गुप्ता द्वारा सम्मानित किया गया है। इस मौके पर डॉ0 अमिताभ श्रीवास्तव तथा परिवार नियोजन काउंसलर गरिमा द्विवेदी इत्यादि उपस्थित रहे।

# विश्व वानिकी दिवस: विद्यालय में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति इटावा के संयुक्त तत्वाधान में विश्व वानिकी दिवस उच्च माध्यमिक विद्यालय कम्पोजिट विक्रमपुर में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य हाफिज शहजाद खाँ ने छात्र-छात्राओं को बताया कि वृक्ष पर्यावरण के अभिन्न अंग है हम सब अवगत है कि पेड़ शुद्ध वायु का स्रोत हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर प्राणवायु ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं। जिसके बिना पृथ्वी पर जीवित प्राणियों का अस्तित्व संभव नहीं है। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने कहा कि पृथ्वी पर समस्त वनस्पतियों एवं जीव जंतुओं के बीच परस्पर सम्बन्ध ही पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं जब इसमें किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है तो हमारे जीवन को संकट की ओर बढ़ाती है उन्होंने कहा प्रतिवर्ष विश्व वानिकी दिवस का आयोजन 21 मार्च को होता है इसमें लोगों को वनो और वृक्षारोपण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए किया जाता है। उप वन क्षेत्राधिकारी शिवकुमार ने बताया कि हम प्राकृतिक संसाधनों को सहेज कर नहीं रख पा रहे हैं आधुनिक विकास के कारण हमारा वातावरण दूषित होता जा रहा है हमारे पर्यावरण में 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना चाहिये जो नहीं है गतवर्षो में आई जागरूकता के चलते वनावरण में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वेद प्रकाश कहा कि जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है। एक-दूसरे पर परस्पर आश्रित अनेक पौधे और जानवर वनों में निवास करते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय एवं वन विभाग के ताबिस अहमद, रवींद्र मिश्रा, जयशंकर, ज्योति वर्मा, मीनू, आकांक्षा, प्रवीणा तिवारी, नोरीन जलील, उमा, नीलू गुप्ता, रमा वर्मा व प्रियंका का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## मतदान के लिए प्रेरित किया

**मथुरा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 का आगाज हो चुका है। मथुरा जनपद में द्वितीय चरण में 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मास्टर ट्रेनर कोऑर्डिनेटर स्वीप डॉ अखिलेश यादव ने स्वीप के नोडल अधिकारी मनीष मीना मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन पर मतदाताओं से अपील करते हुए विभिन्न स्थानों पर फ्लेक्स लगवाएं। संपूर्ण परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। किसी कारण से वह मतदान नहीं करना चाहता है तो भी उसे मतदान केंद्र पर जाना चाहिए तथा नोटा का विकल्प अवश्य प्रयोग करना चाहिए। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ई.एल.सी मास्टर ट्रेनर डॉ अखिलेश यादव के द्वारा ब्रज में होली के आयोजनों में फ्लेक्स सेल्फी स्टैंड तथा लोग गायकों के माध्यम से जनमानस से 26 अप्रैल 2024 को मथुरा में होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग की अपील की गई।

# श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रशासन की लापरवाही, भीड़ के बीच लाइसेंसी बंदूक से फायर

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन में होली का हुड़दंग चरम पर है ऐसे में यदि कहीं कोई अनहोनी हो जाए तो बड़ी बात समझी जाएगी। 2 दिन पूर्व विश्व विख्यात श्री द्वारकाधीश मंदिर में लाइसेंसी बंदूक को चेक करते समय दो फायर चल गए जिससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया और मंदिर में सन्नाटा पसर गया। वह तो राजाधिराज श्री द्वारिकाधीश जी की कृपा रही कि गोली किसी के लगी नहीं वरना बड़े हादसे को कोई नहीं रोक सकता था। पूरे घटनाक्रम की मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरा में रिकॉर्डिंग हो चुकी है जिसको डिलीट करने की भी प्रयास किया जा रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि श्री द्वारकाधीश मंदिर के पास लाइसेंसी बंदूक है मंदिर के अधिकारी ने अभी उनकी साफ सफाई कराई थी। उसको चेक करने के लिए होली गेट स्थित एक आर्म्स दुकान के कर्मचारी को मंदिर बुलाया गया। उस समय मंदिर में सांय कालीन दर्शन चल रहे थे। दर्शन बंद होते ही मंदिर के रोकडिया सत्यनारायण और अधिकारी डॉ अशोक वैद्य ने उसको मंदिर की बंदूक थमा दी। उसकी नादानी कहे या ना समझी उसने बिना सोचे समझे मंदिर कार्यालय के सामने ही श्रद्धालुओं की भीड़ में ही बंदूक में कारतूस भरकर उसको चेक करना शुरू कर दिया जिससे दो गोली चल गई। अचानक दो फायर होने से वहां हड़कंप मच गया। भागे-भागे मौके पर पुलिसकर्मी आए और उन्होंने बुरी तरह उसको फटकार लगाते हुए मंदिर प्रबंधन के मौजूद दोनों अधिकारियों से भी आपत्ति जताई। मंदिर में यकायक चली गोली चलने से मंदिर प्रबंधन के हाथ पैर फूल गए। गोली चलने की घटना की जानकारी मंदिर के महंत को लगी तो उन्होंने जांच करने के लिए कमेटी को मथुरा भेजा है। कमेटी के सदस्य गुरुवार को मथुरा आ गए और उन्होंने मंदिर के अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। जानकार लोगों का कहना है की बंदूक को यदि चेक करना था तो मंदिर की छत पर जाकर किया जा सकता था। सूत्रों का कहना है कि लंबे समय से मंदिर की बंदूक के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया गया हैं। इस घटना का प्रशासन को संज्ञान लेते हुए कढ़ी कार्यवाही करनी चाहिए जिससे भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना घटित ना हो सके।

# शहर के विकास कार्यों को अनदेखा कर नगर निगम के वसूली गैंग ने गाढ़े झंडे

अवधनामा संवाददाता

- थानों से लेकरपूर्व मंत्री, विधायको तक को नहीं बक्शा

**मथुरा।** गत वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, मथुरा-वृन्दावन नगर निगम ने टैक्स वसूली में झंडे गाड दिये है। पिछले वर्ष जहां साल में 24 करोड़ रू. से भी कम का राजस्व एकत्रित हो पाया था वही इस वर्ष 40 करोड़ रु वसूली करने में नगर निगम प्रशासन मात्र दो-चार कदम पीछे है।

नगर आयुक्त शशांक चौधरी प्रतिदिन स्वयं राजस्व वसूली की समीक्षा कर रहे है जहां वह एक ओर लक्ष्य की वसूली करने वाले कर अधीक्षक, इंस्पैक्टर की पीठ थपथपा रहे है वहीं कुछ निष्क्रिय इंस्पैक्टर की जमकर खिंचाई कर रहे है। उनका कहना है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के उपरांत शत प्रतिशत वसूली का लक्ष्य प्राप्त करने के साथ-साथ अपने अपने जोन में उल्लेखनीय वसूली करने वाले इंस्पैक्टरों को प्रशस्ति पत्र देकर समानित किया जायेगा।मथुरा-वृन्दावन नगर निगम क्षेत्र अलग-अलग जोन में बंटा हुआ है, सिटी जोन में इस बार निगम ने रिकार्ड कायम करते हुए पूर्व मंत्री, विधायक, रेस्टोरेंट मालिकों के अलावा पुलिस थाना चौकियों, जिला अस्पताल से वसूली प्राप्त कर वो कर दिखाया है जो आज तक के इतिहास में नही हुआ। अकेले मथुरा सिटी जोन ने मात्र एक माह में करीब दो करोड रू. की वसूली की है। क्षेत्रीय इंस्पैक्टर राकेश कुमार चाहर के अनुसार पूर्व विद्यायक ठा. तेजपाल सिंह उनके महाराणा प्रताप होटल पर बकाया चल रहे करीब 6 लाख रू. पूर्व कैबिनेट मंत्री सरदार सिंह से उनकी कोठी के एक लाख रू. पूर्व विद्यायक ठा. चंदन सिंह से अमर होटल और एक अन्य होटल के 5 लाख रू. पूर्व मंत्री श्याम सुन्दर शर्मा उनके भवन और विशाल मेगा मार्ट से 8 लाख रू. स्टेट बैंक मुख्य शाखा से 55 लाख रू. पूर्व आई ए एस अधिकारी के अतिथि होटल से 4.5 लाख रू. हीरा क्रिस्टल होटल से साढे तीन लाख रू. जिला अस्पताल से 62 लाख रू. किसान भवन और कॉपरेटिव ऑफिस डैम्पीयर नगर से 15 लाख, कोतवाली शहर, सदर बाजार थाना सहित कई पुलिस चौकियों से 11.5 लाख रू. टैक्स के रूप में वसूले गये है। सूत्रों का कहना है कि ये वो बकायेदार है जिन्होंने आज तक टैक्स के रूप में निगम को कोई भी धनराशि कभी भी नही दी।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी एस.के.गौतम और कर अधीक्षक उम्मेद सिंह का दावा है कि रिकार्ड तोड वसूली से राज्य सरकार द्वारा मिलने वाली प्रोत्साहन धनराशि से मथुरा-वृन्दावन में अनेक विकास कार्य कराये जायेंगे।

# विकास की हर एक-एक ईंट पर सपा का नाम: धर्मेन्द्र

अवधनामा संवाददाता

- प्रत्याशी घोषित होने के बाद जनपद पहुंचे धर्मेन्द्र यादव

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी घोषित होने के बाद जनपद पहुंचे धर्मेन्द्र यादव का पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह का उनका स्वागत किया। सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने कहा कि आजमगढ़ की क्रांतिकारी सरजमी को नमन करता हूं यहां की माटी को चंदन के रूप में अपने माथे पर लगाता हूं। इस क्षेत्र के लोगों ने नेताजी के मान, सम्मान, स्वाभिमान, समाजवादी विचारधारा की सोच को ताकत दी है। ऐसी शानदार सरजमी की सेवा का अवसर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया है मैं सभी आभार व्यक्त करते हुए यकीन और विश्वास दिलाता हूं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो फैसला लिया मैं उनकी उम्मीद पूरा करने का हर संभव प्रयास करूंगा। आजमगढ़ की तरक्की, खुशहाली और विकास का समाजवादियों के साथ इतिहास जुड़ा हुआ है। नेताजी ने आजमगढ़ को विकास और तरक्की के रास्ते पर ले जाने की शुरुआत की थी। मैं आज यह फक्र के साथ कह सकता हूं आजमगढ़ के विकास की हर एक-एक ईंट पर या तो नेताजी का या फिर अखिलेश यादव का योगदान है। चाहे आजमगढ़ को मंडल बनाने की बात हो या पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ना ही या फिर पीजीआई बनाना हो। भाजपा सांसद निरहुआ ने तंज कसा था कि अखिलेश यादव जीतकर और धर्मेंद्र यादव हारकर आजमगढ़ से भाग गए थे इस प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि निरहुआ कलाकार हैं दूसरे क्षेत्र से राजनीति में आए हैं उनके सामने जो एक परंपरा होती है कि उन्हे जो स्क्रिप्ट दी जाती है वे उस स्क्रिप्ट पर चलते हैं। उन्हें समाजवादी परंपरा का एहसास नहीं है। समाजवादियों ने न कभी आजमगढ़ को छोड़ा था न आगे छोड़ेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए और इंडिया गठबंधन के फार्मूले के आधार पर एनडीए को हराने के फार्मूले पर काम किया जाएगा। आजमगढ़ की सरजमी से समाजवादियों को एक तरफा समर्थन मिला है। हमारे 10 विधायक हैं, गुड्डू जमाली जी की कमी थी वह भी हमारे साथ आ गए हैं आज उनकी भी दुआएं हमारे साथ हैं न सिर्फ आजमगढ़ सदर बल्कि बगल की लालगंज सीट पर समाजवादी पार्टी एक तरफा जीत दर्ज करेगी।

## चलाया स्वच्छता और मतदान अभियान

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना, यूनाइटेड कॉलेज की इकाइयों द्वारा चल सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन में तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों को पांच टोलियों में बांट कर क्रियाओं और सेवा कार्यों को लक्ष्य गीत एवं वृक्षारोपण अभियान से प्रारंभ किया गया। नेवादा और समोगर के आसपास के क्षेत्रों में पौधों का रोपण करते हुए सभी कार्यक्रम अधिकारियों और शिक्षकों समेत युवा स्वयंसेवकों ने प्राथमिक विद्यालय समोगर के शिक्षार्थियों को शिक्षा और कैरियर के अलावा पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व पर विशेष जानकारियां दीं। यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के हेड, कॉरपोरेट रिलेशन्स श्री प्रणव सिंह ने फॉरेस्ट डे पर महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए सभी को जागरूक किया।

# स्वतंत्र वीर सावरकर फ़िल्म में भगत सिंह के किरदार में दिखेंगे आमिर मलिक

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** शहर के युवा अभिनेता आमिर मलिक रिलीज़ हो रही फीचर फिल्म ÷स्वतंत्र वीर सावरकर÷ में महान स्वतंत्रता सेनानी ÷भगत सिंह÷ की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में स्वतंत्रता आंदोलन में वीर सावरकर के योगदान को दिखाया गया है। अभिनेता रणदीप हुड्डा के निर्देशन में बनी फिल्म में आमिर की सशक्त भूमिका युवाओं को प्रेरित करेगी। आमिर ने स्कूली शिक्षा केंद्रीय विद्यालय, मनौरी से प्राप्त की और ईसीसी, प्रयागराज से स्नातक के दौरान इन्होंने विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान ग्रुप में रेपर्टरी जॉइन की। तीन वर्षों तक नाटकों एवं नौटंकियों - आला अफ़सर, ऐनीमल फ़ार्म, प्रमोशन, नारद मान मर्दन, बंटवारे की आग, कहानी घर-घर की, चंदन वन का बाघ आदि से अभिनय की बारीकियों को सीखा व समझा एवं ÷राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली÷ में दाखिले की तैयारी वरिष्ठ रंग निर्देशक अजय मुखर्जी व अभिलाष नारायण के सानिध्य में प्राप्त किया।

इसके अलावा आमिर ने शहर की वरिष्ठ रंग निर्देशिका सुषमा शर्मा व वरिष्ठ रंग निर्देशक आलोक नायर एवं अनिल रंजन भौमिक के साथ भी काम किया। वर्ष 2017 में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक करने के बाद आमिर ने मुंबई का रुख किया व वहाँ पर भी रंगमंच का साथ नही छोड़ा। इससे पहले आमिर वेबसीरीज़ जुगाडिस्तान में भी भूमिका निभा चुके हैं। आमिर जब भी शहर आते हैं तो विनोद रस्तोगी संस्थान के युवा कलाकारों को रंगमंच के महत्व को विशेष रूप साझा करते हैं।

# कप्तान आवास के सामने खड़ी कार नगदी चोरी का खुलाशा

**मथुरा।** 10 दिन पूर्व एसएसपी आवास के सामने खड़ी कार का शीशा तोड़कर लाखों रुपए की नगदी चोरी कर ले जाने वाले 9 महिला पुरुष को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 1 लाख 20 हजार रुपए तथा चांदी के आभूषण बरामद हुए है। मुठभेड़ में दो अभियुक्त घायल हुए हैं। बीते 12 मार्च को फरीदाबाद निवासी दीपक गुप्ता एसएसपी से मिलने उनके सिविल लाइन क्षेत्र स्थित आवास पर आए इस बीच श्री गुप्ता आवास के अंदर चले गए और उनका ड्राइवर अर्टिगा गाड़ी की स्टेफनी में पंचर लगवाने कहीं चला गया।इसी बीच मौका पाकर अज्ञात बदमाश अर्टिगा गाडी का शीशा तोडकर गाडी में रखी अटैची निकालकर ले गये थे जिसमें वादी के कागजात व नगद रूपये रखे हुए थे। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार मथुरा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

दौरान विवेचना वादी ने अपने पैसों का हिसाब लगाने के बाद लिखित प्रार्थनापत्र देकर अपने कथन में बताया कि उसकी अटैची में उस दिन 1 लाख 48 हजार रूपये थे चार लाख रु नहीं थे। उक्त घटना के खुलासे के लिए आधा दर्जन टीमों का गठन किया गया। थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा मय स्वाट टीम के सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य तकनीकी एवं इलैक्ट्रानिक साक्ष्यो के आधार पर 20 मार्च को समय रात्रि 12 बजे के लगभग औरंगाबाद से उक्त गाडी में से रूपयो की चोरी कर ले जाने वाले 4 अभियुक्तगण को पुलिस मुठभेड में गिरफ्तार किया गया जिसमें से 02 अभियुक्तगण घायल हुए थे जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। अभियुक्तगण के कब्जे से 74,000/- रूपये नगद व चोरी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व स्कूटी व तमंचा बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्तगण से विस्तृत पूछताछ के दौरान ये तथ्य प्रकाश में आये कि ये लोग 5 पुरूषों एवं 4 महिलाओ का गैंग बनाकर भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर रेकी कर चोरी जैसी घटनाओ को अंजाम देते है। अभियुक्तगण की निशानदेही पर आज 21 मार्च को कैंट रेलवे स्टेशन मथुरा के पास से उनके अन्य साथी 1 अभियुक्त व 4 अभियुक्तागण को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 46,000/- रूपये नगद, चोरी के रूपयों से खरीदे गये सफेद धातु के आभूषण बरामद किये गये। पुलिस प्रवक्ता के मुताबिक़ इनके नाम सूरज निवासी दिल्ली, विशाल निवासी नई दिल्ली ,करन निवासी दिल्ली तथा 4 महिला घटना में शामिल होने पर गिरफ्तार किया गया है।

# आईपीएल 2024 का पहला मैच आरसीबी और सीएसके के बीच, रुतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में आरसीबी से जीतना चाहेगी चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स के लिये रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग का पहला मैच एक नये दौर का आगाज भी होगा जिसमें महेंद्र सिंह धोनी की जगह कमान अब रूतुराज गायकवाड़ के हाथ में है। धोनी के इस सत्र में आखिर में खेल को अलविदा कहने की अटकलें लगाई जा रही है और लगता है कि बदलाव उनके रहते करने की कवायद में यह फैसला लिया गया है।

पांच बार की चैम्पियन पिछली विजेता चेन्नई की नजरें रिकॉर्ड छठे खिताब पर है। दूसरी ओर महिला प्रीमियर लीग में अपनी टीम के खिताब जीतने के बाद अब आरसीबी की पुरूष टीम भी इस कमी को पूरा करना चाहेगी। लेकिन दोनों टीमों के सामने कई अनुत्तरित प्रश्न हैं। धोनी की कप्तानी में चेन्नई ने आईपीएल में सफलता का नया इतिहास लिखा जिनका आईपीएल कैरियर अब आखिरी पड़ाव पर है।



क्रिकेट की उनकी गजब की समझ वैसी ही है लेकिन बढती उम्र के साथ बल्लेबाज के तौर पर चपलता में कमी आई है। ऐसे में युवाओं को जिम्मेदारी लेनी होगी। अंगूठे की चोट के कारण आईपीएल के शुरूआती मैचों से बाहर डेवोन कोंवे की जगह न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र ने ली है। वहीं मध्यक्रम में उनके हमवतन डेरिल मिचेल होंगे। अनुभवी अजिंक्य रहाणे और गायकवाड़ पर मध्यक्रम में रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिये सर्वाधिक रन बनाये थे।

चेन्नई की ताकत उसके हरफनमौला और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी। सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे कुशल तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंका के मथीषा पथिराना शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे जिन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी। डैथ ओवरों में चेन्नई को उनकी कमी खलेगी।

आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट कोहली और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी लेकिन मैक्सवेल के पास अनुभव है।कर्ण शर्मा, हिमांशु शर्मा और मयंक डागर को मैच अभ्यास नहीं मिल सका है।

दोनों टीमें इस प्रकार हैं

***चेन्नई सुपर किंग्स :*** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली।

***रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर :*** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाख, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीसे टॉपली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अलजारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

## भारतीय हॉकी टीमें एफआईएच हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

भारतीय पुरूष और महिला हॉकी टीमें अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ द्वारा पहली बार जारी हॉकी5 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। भारतीय पुरूष टीम ओमान और मलेशिया के साथ दूसरे स्थान पर है। तीनों टीमों के 1400 अंक है। भारत ने एशियाई चैम्पियनशिप जीती और मस्कट में जनवरी में हुए विश्व कप में पांचवें स्थान पर रहा था। वहीं ओमान ने कांस्य पदक जीता था। नीदरलैंड 1750 अंक के साथ शीर्ष पर है जिसने पहला हॉकी5 विश्व कप और यूरोपीय चैम्पियनशिप जीती थी। पोलैंड और मिस्र संयुक्त पांचवें स्थान पर है। त्रिनिदाद और टोबैगो और कीनिया संयुक्त सातवें स्थान पर है जबकि पाकिस्तान नौवे स्थान पर है। महिला रैंकिंग में नीदरलैंड शीर्ष पर है जिसने विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था। इसके साथ ही यूरोपीय चैम्पियनशिप भी अपने नाम की थी। रजत पदक विजेता भारत दूसरे स्थान पर है जबकि पोलैंड तीसरे स्थान पर है।

## भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए तैयार, अनुराग ठाकुर ने की पुष्टि



भारत इस साल आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारियों में जुटा है। लेकिन भारत सरकार ने 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत 2030 में यूथ ओलंपिक और 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

न्यूज18 के 'राइजिंग भारत' सम्मेलन में अनुराग ठाकुर ने कहा कि मेजबानी की दावेदारी के लिये आमंत्रण के साथ ही भारत इसकी मेजबानी के लिये तैयार होगा।

बीजेपी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि, भारत 2030 युवा ओलंपिक और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लियेतैयार है। उन्होंने कहा हम दुनिया की पांचवें सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और हमारे पास युवाशक्ति है। खेलों के लिये भारत से बड़ा बाजार नहीं है।

उन्होंने बताया कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट देखने ब्रिटेन से करीब 4000 क्रिकेट प्रेमी धर्मशाला पहुंचे थे और उन्होंने स्टेडियम की तारीफ भी की। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद 2028 ओलंपिक लॉस एंजीलिस में और 2032 ओलंपिक ब्रिसबेन में खेले जायेंगे।

# बीसीसीआई चयनकर्ता बनने की दौड़ में मिथुन मन्हास, निखिल चोपड़ा और कृष्ण मोहन

भारत के पूर्व स्पिनर निखिल चोपड़ा, दिल्ली के अनुभवी बल्लेबाज मिथुन मन्हास और मौजूदा जूनियर चयनकर्ता कृष्ण मोहन सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हैं। बीसीसीआई ने जनवरी में पांच सदस्यीय चयन समिति में एक पद के लिए आवेदन मंगवाए थे। वर्तमान समय में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व सलिल अंकोला और चयन समिति के अध्यक्ष अजित अगरकर कर रहे हैं।



उत्तर क्षेत्र के प्रतिनिधि के लिए संभवतः अंकोला को अपना पद छोड़ना होगा। चेतन शर्मा के त्यागपत्र के बाद चयन समिति में उत्तर क्षेत्र का कोई प्रतिनिधि नहीं है। पंजाब के पूर्व क्रिकेटर और सितंबर 2021 से जूनियर चयन समिति के सदस्य कृष्ण मोहन ने भी सीनियर चयन समिति का सदस्य बनने के लिए आवेदन किया है। भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख 25 जनवरी थी लेकिन शुक्रवार से आईपीएल शुरू होने के कारण बोर्ड के पास यह पद भरने के लिए अभी काफी समय है।


बीसीसीआई के सूत्रों ने कहा,''चयनकर्ता बनने की दौड़ में कुछ मजबूत उम्मीदवार हैं। इनमें मिथुन, चोपड़ा और मोहन भी शामिल हैं।'' मिथुन ने अपने करियर में 157 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं तथा वह 2010 से लेकर 2014 तक आईपीएल का हिस्सा भी रहे। चोपड़ा ने भारत की तरफ से एक टेस्ट और 39 वनडे मैच खेले हैं। इस पद के लिए वही खिलाड़ी आवेदन कर सकता है जिसने कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हों। उस खिलाड़ी के नाम पर भी विचार किया जाएगा जिसको कम से कम 10 वनडे या 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने का अनुभव हो।

## पदार्पण करने वाले युवा खिलाड़ियों के साथ खेलकर बहुत मजा आया : रोहित शर्मा

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट श्रृंखला के दौरान पदार्पण करने वाले खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए बुधवार को कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद लिया। विराट कोहली सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में पांच युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कहा,''व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया। जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी चुलबुले थे। उन्होंने कहा, इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। मेरा काम केवल उन्हें सहज बनाए रखना था। जिस तरह से उन्होंने मेरी और राहुल भाई (मुख्य कोच राहुल द्रविड़) की उम्मीदों को पूरा किया, वह शानदार था।

## आईपीएल 2024 के आगाज से एक दिन पहले राजस्थान रॉयल्स को झटका, आईपीएल से एडम जंपा ने वापस लिया नाम

आईपीएल 2024 के आगाज से एक दिन पहले राजस्थान रॉयल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर एडम जम्पा ने व्यक्तिगत कारणों से आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया। जम्पा को पिछले साल दुबई में हुई आईपीएल नीलामी से पहले राजस्थान रॉयल्स ने 1.5 करोड़ रुपये के अनुबंध पर रीटेन किया था। लेकिन उनके मैनेजर ने गुरुवार को ईएसपीएनक्रिकइन्फो से पुष्टि करते हुए कहा कि वो आईपीएल 2024 में हिस्सा नहीं लेंगे।



वहीं पिछले साल एडम जम्पा वनडे वर्ल्ड कप के बाद से ही लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ व्हाइट बॉल सीरीज के बाद वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ भी सीरीज केली थी। वो परिवार के साथ रहना चाहते हैं। जाम्पा के हटने से राजस्थान रॉयल्स की स्पिन गेंदबाजी जरूर कमजोर होगी।

हालांकि, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल के साथ जंपा राजस्थान रॉयल्स के तीन शीर्ष स्पिनरों में शामिल थे। उन्होंने पिछले साल इस फ्रेंचाइजी की तरफ से 6 मैच खेले थे जिनमें 23.50 की औसत से 8 विकेट लिए थे। जंपा के हटने से राजस्थान रॉयल्स का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर होगा। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा चोटिल होने के कारण पहले ही आईपीएल से बाहर हो गए थे।

फिलहाल, राजस्थान रॉयल्स अपना पहला मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 24 मार्च को जयपुर में खेलेगी। दूसरे मैच में उसे दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ना है जो कि 28 मार्च को जयपुर में ही खेला जाएगा।

# अभिषेक मल्हान, जिया शंकर रोहित शेट्टी के शो से बाहर? मनीषा रानी को लेने के इच्छुक हैं मेकर्स?

खतरों के खिलाड़ी 14 चर्चा में है। हर कोई जानना चाहता है कि शो के प्रतियोगी कौन होंगे। यह शो कई सालों से लोगों का दिल जीत रहा है और अब हर कोई यह देखना चाहता है कि नए सीजन में कौन-कौन प्रतिभागी होंगे। बिग बॉस 17 खत्म होने के बाद से ही लोग रोहित शेट्टी के खतरों के खिलाड़ी 14 का इंतजार कर रहे हैं। शो को लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। बताया जा रहा था कि खतरों के खिलाड़ी के लिए कास्टिंग शुरू हो चुकी है और उन्होंने कुछ सेलिब्रिटीज को शॉर्टलिस्ट भी कर लिया है। बताया जा रहा था कि मनीषा रानी को शो के लिए अप्रोच किया गया है लेकिन बॉलीवुडलाइफ से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि वह कुछ समय इंतजार करना चाहती हैं और फिर शो करना चाहती हैं क्योंकि उन्होंने अभी झलक दिखला जा 11 के लिए कड़ी मेहनत की है और शारीरिक रूप से तैयार नहीं हैं।



हालांकि, टेली एक्सप्रेस की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मेकर्स चाहते हैं कि मनीषा रानी शो का हिस्सा बनें। यह भी खबर आई थी कि मेकर्स ने मनीषा के सबसे अच्छे दोस्त अभिषेक मल्हान से संपर्क किया है। उनके बिग बॉस ओटीटी 2 स्टार जिया शंकर को भी शो के लिए संपर्क किया गया था। हालांकि, रिपोर्ट्स का कहना है कि अभिषेक और जिया ने शो से किनारा कर लिया है।

हालाँकि, अभी तक कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। अब तक रिपोर्ट्स के मुताबिक नील भट्ट, अंकिता लोखंडे, विक्की जैन, अभिषेक कुमार, मुनव्वर फारुकी, ईशा मालविया, मनस्वी ममगई, समर्थ जुरेल, मन्नारा चोपड़ा, सनाया ईरानी, आकांक्षा पुरी को शो के लिए अप्रोच किया गया है। ये रिश्ता क्या कहलाता है स्टार हर्षद चोपड़ा और पंड्या स्टोर एक्ट्रेस एलिस कौशिक को भी ऑफर दिया गया है। झलक दिखला जा 11 के स्टार्स शोएब इब्राहिम, संगीता फोगाट, अद्रिजा सिन्हा को भी ऑफर मिला। खबर है कि खतरों के खिलाड़ी 14 की शूट लोकेशन भी केप टाउन से बदलकर थाईलैंड या जॉर्जिया कर दी जाएगी।

# हादसे में बाल-बाल बचीं भोजपुरी सिंगर नेहा सिंह, कार्यक्रम से लौटते वक्त कार हुई दुर्घटना का शिकार

बिहार में का बा? यूपी में का बा? गाने से फैंस के बीच मशहूर नेहा सिंह अपनी लोक गायकी के लिए जानी जाती हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि नेहा सिंह राठौर चुनावी मैदान में उतर सकती हैं और लोकसभा चुनाव में भोजपुरी गायक मनोज तिवारी के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात को खारिज नहीं किया था। अब इस बीच नेहा सिंह की गाड़ी को भारत सरकार की गाड़ी ने टक्कर मारी है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

भोजपुरी लोक गायिका नेहा सिंह राठौड़ बुधवार की देर रात एक भयानक दुर्घटना का शिकार हो गई, जब भारत सरकार के बेड़े से संबंधित एक गाड़ी ने नोएडा में उनकी कार को टक्कर मार दी। नेहा ने अपनी आपबीती साझा करने के लिए अपने एक्स हैंडल का सहारा लिया और इसके साथ ही, उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्हें भारत सरकार चिन्ह वाली कार के ड्राइवर से पूछताछ करते देखा जा सकता है।

वीडियो में, गायिका की कार को बुरी हालत देखा जा सकता है और जैसे ही उन्होंने वीडियो रिकॉर्ड किया, दूसरी कार के ड्राइवर को घटनास्थल से भागने की कोशिश करते देखा गया। उन्होंने वीडियो के साथ लिखा, नोएडा से लौटते समय लोधी कॉलोनी के पास मेरी कैब का एक्सीडेंट हो गया। एक तेज रफ्तार नेक्सॉन कार अचानक हमारी कैब के सामने आ गई। नेक्सॉन कार पर भारत सरकार लिखा हुआ था।

नेहा सिंह ने आगे लिखा, मैं सुरक्षित हूं। हिमांशु के घुटने में मामूली चोट लगी है। हम लोग मेरे इंटरव्यू के सिलसिले में नोएडा के एक न्यूज चैनल के ऑफिस गए थे। मुझे लग रहा है कि इस दुर्घटना की सूचना सार्वजनिक की जानी चाहिए तो ये वीडियो अपलोड कर दे रही हूं।

नेहा के पति हिमांशु को यह दावा करते हुए भी देखा जा सकता है कि ड्राइवर नशे में था और उसे इस बात का कोई अंदाजा नहीं था कि उसके आसपास क्या हो रहा है। आप भारत सरकार लिखके गाड़ी चला रहे हैं, और दारू पी रखे हैं? मैं मर गई होती, मुझे चोट लगी होती, तो



इसकी जिम्मेदारी लेते आप? वीडियो में नेहा को ड्राइवर से पूछते हुए देखा जा सकता है।

# सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा में रिक्रिएट किया गया क़िस्मत बदल दी गाना, गाने की झलक देखकर इमोशनल हुए फैंस

सिद्धार्थ मल्होत्रा ने गुरुवार को अपने प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्होंने अपनी नयी फिल्म योद्धा के एक नए ट्रैक क़िस्मत बदल दी की एक झलक साझा की, जो मूल रूप से एमी विर्क और सरगुन मेहता अभिनीत 2018 पंजाबी फिल्म क़िस्मत से है। इंस्टाग्राम पर उन्होंने ट्रैक डाला, जो फिल्म में अभिनेता के दर्द लेकिन मधुर यात्रा को दर्शाता है। फिल्म योद्धा 15 मार्च को रिलीज हुई थी। अभिनेता ने इसे कैप्शन दिया क़िस्मतबदलदी वेखी में... गाना अभी जारी! इस ट्रैक को एमी विर्क और बी प्राक ने गाया है।

मूल नंबर 2018 के रोमांटिक ड्रामा क़िस्मत में दिखाया गया था और यह गाना एमी विर्क द्वारा गाया गया था और सरगुन मेहता को इसके संगीत वीडियो में दिखाया गया था। योद्धा सिद्धार्थ द्वारा निर्देशित एक्शन फ्रेंचाइजी का पहला भाग है। इसका निर्माण हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान ने संयुक्त रूप से किया है।



फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना जैसे कलाकार शामिल हैं। यह हाई-ऑक्टेन एक्शन पेश करता है और योद्धा टास्क फोर्स के कमांडिंग ऑफिसर अरुण कात्याल के नेतृत्व में बचाव अभियान पर आधारित है। इनके अलावा, फिल्म में रोनित रॉय, तनुज विरवानी, सनी हिंदुजा, कृतिका भारद्वाज, एसएम जहीर और कई अन्य लोग भी सहायक भूमिकाओं में हैं। फिल्म का निर्माण हीरू यश जौहर, करण जौहर, अपूर्व मेहता और शशांक खेतान द्वारा किया गया है, जिसमें सागर अंब्रे को लेखक के रूप में श्रेय दिया गया है, साथ ही निर्देशक पुष्कर ओझा और सागर अंब्रे भी हैं। यह फिल्म 2022 में थैंक गॉड की रिलीज के बाद डेढ़ साल के अंतराल के बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा की सिल्वर स्क्रीन पर वापसी का प्रतीक है, जो निर्माता करण जौहर के साथ एक बार फिर उनके सहयोग को प्रदर्शित करती है।

बॉक्स ऑफिस के मोर्चे पर, फिल्म ने नाटकीय रिलीज के छह दिनों में 23.35 करोड़ रुपये की कमाई की है। हालाँकि, इसने बॉक्स ऑफिस पर अदा शर्मा-स्टारर बस्तरः द नक्सल स्टोरी को पीछे छोड़ दिया, जो उसी तारीख को योद्धा के साथ रिलीज़ हुई थी।

# करण पटेल ने बीग बॉस को कहा टीवी का सबसे गंदा शो? ट्रोलिंग के बाद ये है मोहबतें स्टार ने दी अपनी सफाई

ये है मोहब्बतें स्टार करण पटेल हाल ही में सलमान खान के शो बिग बॉस पर दिए अपने बयान के वायरल होने के बाद सुर्खियों में आ गए हैं। हालाँकि, वह कभी भी रियलिटी शो का हिस्सा नहीं रहे हैं लेकिन एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने प्रभावशाली लोगों को प्रतियोगी के रूप में लेने के लिए इसके निर्माताओं की आलोचना की। करण पटेल का बयान वायरल हो गया, उन्होंने अपने बयान में कहा कि यह इतना गंदा, अपमानजनक शो बन गया है कि इससे जुड़ा ही नहीं जा सकता।



इसके बाद सोशल मीडिया पर अभिनेता को जमकर ट्रोल किया गया। अब, करण ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बिग बॉस पर दिए अपने बयान पर सफाई दी। स्टोरीज़ सेक्शन के तहत, उन्होंने एक लंबा नोट साझा किया, जिसमें लिखा था, आखिरकार एक बयान पर सभी अनावश्यक प्रतिक्रियाओं को समाप्त करने के लिए जो मैंने पहले भी नहीं किया था। जब मुझसे बिग बॉस के बारे में पूछा गया, तो मैंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में शो बहुत अधिक उदार हो गया है और इसकी कोई सीमा नहीं है कि कोई किसी के चरित्र हनन के लिए कितना नीचे तक जा सकता है।

सलमान भाई ने हमेशा प्रतियोगियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी बातों पर ध्यान दें क्योंकि यह एक पारिवारिक शो है, और कभी-कभी एपिसोड इतने गंदे हो जाते हैं कि परिवार के सदस्यों के साथ इसे देखना शर्मनाक रूप से अजीब हो जाता है, और इसी संदर्भ में मेरा मतलब गंदा था। और चैनल, ब्रॉडकास्टर या होस्ट से किसी भी संबंध में नहीं। मेरे मन में उन सभी के लिए बहुत सम्मान है।

उन्होंने कहा, इतना कहने के बाद भी, मैं अब भी किसी भी शो में किसी के भी चरित्र हनन के प्रति जीरो टॉलरेंस रखने के अपने शब्दों पर कायम हूं। उन्होंने कहा, मीडिया समाचारों का स्रोत नहीं बल्कि माध्यम बनने पर कायम रहे।

बता दें, करण पटेल हिंदी टेलीविजन उद्योग में एक लोकप्रिय नाम हैं और उन्होंने कहानी घर घर की, कसौटी जिंदगी की, कसम से और ये है मोहब्बतें सहित कई प्रतिष्ठित टीवी शो में काम किया है।

# इलेक्शन के बीच में आयोग का काम प्रभावित करना ठीक नही



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के मुद्दे पर केंद्र सरकार को राहत मिली है। कोर्ट ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि वह इसको लेकर बाद में विस्तृत आदेश पारित करेगा। हालांकि, कोर्ट ने उम्मीदवारों को तेजी से शॉर्टलिस्ट करने के लिए केंद्र पर सवाल भी उठाए। कोर्ट ने कहा कि तेजी के साथ ही चयन समिति ने दो चुनाव आयुक्तों का चयन कर दिया। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि वह चुने गए चुनाव आयुक्तों की योग्यता पर सवाल नहीं उठा रहा है, बल्कि उस प्रक्रिया पर सवाल उठा रहा है जिसके तहत चयन किया गया। इसको लेकर केंद्र से 6 हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा गया है। अदालत ने इस बात पर सवाल उठाया कि चयन कमिटी की मीटिंग को 15 मार्च से बदल कर 14 मार्च कर दिया गया। साथ ही, विपक्ष के नेता को बैठक से कुछ ही देर पहले नाम दिए गए। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति पर अपना मन लगाने के लिए चयन समिति को अधिक समय दिया जाना चाहिए था। चयन समिति को अधिकारियों की पृष्ठभूमि समझने के लिए उचित समय दिया जाना चाहिए।

# भोजशाला विवाद क्या है और क्यों कोर्ट पहुंचा मामला?

**जीपीएस**

**22 मार्च 2024 से एएसआई की टीम भोजशाला के 50 मीटर परिक्षेत्र में जीपीआर और जीपीएस तकनीकों से जांच करेगी।**



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश के बाद धार में भोजशाला का एएसआई (भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण) सर्वेक्षण 22 मार्च 2024 से शुरू होगा। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने गुरुवार को भोजशाला परिसर का सर्वे के लिए एक आधिकारिक नोटिस भी जारी किया है। एएसआई का नोटिस मध्?य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ के आदेश के बाद आया है। ज्ञानवापी की तरह भोजशाला में भी एएसआई सर्वे के में यह स्पष्ट हो जाएगा कि यहां किस तरह के प्रतीक चिन्ह, वास्तु शैली और धरोहर है। आइए जानते हैं क्या है भोजशाला और क्यों चल रहा है इसपर इतना विवाद...मध्य प्रदेश के धार में हजारों साल पहले राजा भोज का शासन था। यहां राजा भोज ने विद्या के मंदिर की स्थापना की, जिसे बाद में भोजशाला के नाम से जाना जाने लगा। कहा जाता है कि यहां सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग कर दी थी और मौलाना कमालुद्दीन की मजार बना दी थी। जबकि आज भी भोजशाला में आज भी देवी-देवताओं के चित्र और संस्कृत में श्लोक लिखे हुए हैं। यहां 18वीं शताब्दी में खोदाई की गई, जिसमें देवी सरस्वती की प्रतिमा निकली। इस प्रतिमा को अंग्रेज लंदन ले गए। फिलहाल यह प्रतिमा लंदन के संग्रहालय में है और हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में इस प्रतिमा को वापस लेने की मांग की गई है। 22 मार्च 2024 से एएसआई की टीम भोजशाला के 50 मीटर परिक्षेत्र में जीपीआर और जीपीएस तकनीकों से जांच करेगी। एएसआई भोजशाला परिसर में स्थित हर चल-अचल वस्तु, दीवारें, खंभे, फर्श सहित सभी की कार्बन डेटिंग तकनीक से जांच करेगी। मध्य प्रदेश के धार जिले में स्थित भोजशाला परिसर में करीब 121 वर्ष बाद फिर से एएसआई का सर्वे होने जा रहा है। इसके पहले वर्ष 1902-1903 के दौरान एएसआई ने भोजशाला परिसर का सर्वे किया था। भोजशाला में पूजा और नमाज को लेकर कोर्ट में अलग-अलग याचिकाएं दायर हैं। एएसआई ने 1902 और 1903 में भोजशाला परिसर की स्थिति का आकलन किया और कोर्ट को बताया कि परिसर की वैज्ञानिक जांच की मांग करने वाली वर्तमान याचिका पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। एएसआई ने वर्ष 1902 में हुए सर्वे की जांच रिपोर्ट भी कोर्ट में बहस के दौरान प्रस्तुत की थी। एएसआई की रिपोर्ट में फोटोग्राफ भी संलग्न किए थे। इनमें भगवान विष्णु और कमल स्पष्ट नजर आ रहे हैं। एएसआई ने अपनी रिपोर्ट में यह भी बताया था कि भोजशाला में मंदिर के स्पष्ट संकेत मिले हैं। इसके बाद से यह विवाद काफी बढ़ गया और धार में कई बार सम्प्रदायक हिंसा भी हुई।

भोजशाला एक एएसआई-संरक्षित स्मारक है, जिसे हिंदू देवी सरस्वती का मंदिर मानते हैं, जबकि मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोग इसे कमल मौला मस्जिद मानते हैं। 7 अप्रैल 2003 को जारी एएसआई के एक आदेश के अनुसार, हिंदुओं को हर मंगलवार को भोजशाला परिसर के अंदर पूजा करने की अनुमति है, जबकि मुसलमानों को हर शुक्रवार को परिसर में नमाज अदा करने की अनुमति है।

# कांग्रेस ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी लालबियाकजामा को यहां से बनाया उम्मीदवार



**आइजोल।** कांग्रेस ने गुरुवार को मिजोरम पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी और राज्य के पूर्व गृह सचिव लालबियाकजामा को पूर्वोत्तर राज्य में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतारा। राज्य की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख लाल थंजारा ने यहां कांग्रेस भवन में पार्टी नेताओं और पत्रकारों की मौजूदगी में लालबियाकजमा के नाम की घोषणा की। लाल थंजारा ने कहा कि 28 मार्च से शुरू होने वाले अभियान के दौरान मिजो संस्कृति और धर्म की सुरक्षा और संरक्षण पार्टी का प्राथमिक फोकस होगा। लालबियाकज़ामा (64) ने निर्वाचित होने पर मिजोरम के लोगों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। लालबियाकज़ामा का करियर मिजोरम पुलिस सेवा में उल्लेखनीय सेवा देने के रूप में है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र की तैनाती के हिस्से के रूप में बोस्निया और कोसोवो के मिशन भी शामिल हैं। बाद में वह राज्य के गृह विभाग में स्थानांतरित हो गए और अंततः गृह सचिव का पद संभालने वाले पहले एमपीएस अधिकारी बन गए। 2020 में अपनी सेवानिवृत्ति के बाद, लालबियाकज़ामा 2023 में मिजोरम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए।

# आतंकी संगठन आइएसआइएस का भारत प्रमुख अपने सहयोगी के साथ गिरफ्तार



**गुवाहाटी।** आतंकी संगठन आइएस के भारत प्रमुख और उसके एक सहयोगी को बुधवार को असम के धुबरी जिले में गिरफ्तार कर लिया गया। ये दोनों आतंकी बांग्लादेश से सीमा पार करने के बाद यहां आए थे। इस संबंध में असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी प्रणब ज्योति गोस्वामी ने कहा कि एक गुप्त सूचना के बाद एसटीएफ द्वारा इन्हें धर्मशाला क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि बाद में दोनों को गुवाहाटी स्थित एसटीएफ कार्यालय लाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों की पहचान हो गई है। जांच में पता चला है कि गिरफ्तार हरीश फारूकी उर्फ हरीश अजमल फारूकी भारत में आइएस का प्रमुख है। वह देहरादून के चकराता का रहने वाला है। उसका सहयोगी अनुराग सिंह मतांतरण कर अब रेहान हो गया है। वह पानीपत का रहने वाला है। इसकी पत्नी बांग्लादेशी नागरिक है। ये दोनों भारत में आइएस के प्रशिक्षित सदस्य हैं। ये दोनों भारत में आइएस के आतंकी एजेंडे को आगे बढ़ा रहे थे। ये आइएस के लिए फंडिंग से लेकर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश में शामिल बताए गए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ये एनआइए और एटीएस के रडार पर थे। इनके विरुद्ध दिल्ली, लखनऊ सहित अन्य स्थानों पर कई मामले लंबित हैं। उन्होंने कहा कि आगे की कानूनी कार्रवाई करने के लिए आरोपितों को एनआइए को सौंपा जाएगा। इस कार्रवाई पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुरुवार को प्रतिक्रिया दी।असम पुलिस के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, सीएम बिस्वा ने कहा, ÷माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम कट्टरपंथियों के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे और अपने देश की धरती से आतंकवाद को खत्म करेंगे।

# सुप्रीम कोर्ट की तमिलनाडु के राज्यपाल को फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने द्रमुक के वरिष्ठ नेता के पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में मंत्री के रूप में फिर से शामिल करने से इनकार करने पर तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को फटकार लगाई है। राज्यपाल के आचरण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कोर्ट ने उन्हें 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया कि रवि सुप्रीम कोर्ट की अवहेलना कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की सिफारिश के बावजूद, राज्यपाल ने पोनमुडी को फिर से शामिल करने से इनकार कर दिया है, जिनकी आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी ठहराए जाने और तीन सालकी सजा पर शीर्ष अदालत ने हाल ही में रोक लगा दी थी। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ ने आश्चर्य जताया कि राज्यपाल कैसे कह सकते हैं कि पोनमुडी की दोबारा नियुक्ति संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ होगी। कोर्ट ने कहा,

**निर्णय**

**राज्यपाल के आचरण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कोर्ट ने उन्हें 24 घंटे के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया।**

मिस्टर अटॉर्नी जनरल, हम राज्यपाल के आचरण को लेकर गंभीर रूप से चिंतित हैं। हम इसे अदालत में ज़ोर से नहीं कहना चाहते थे, लेकिन वह भारत के सर्वोच्च न्यायालय की अवहेलना कर रहे हैं। जिन लोगों ने उन्हें सलाह दी है, उन्होंने उन्हें ठीक से सलाह नहीं दी। अब राज्यपाल को सूचित किया जाना चाहिए कि जब सर्वोच्च न्यायालय किसी दोषसिद्धि पर रोक लगाता है, तो वह अब दोषी नहीं है।पीठ ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि अगर हमारा आदेश नहीं माना गया, तो हम राज्यपाल को संविधान के अनुसार कार्य करने का निर्देश देते हुए एक आदेश पारित करेंगे।



## एक्शन मोड में चुनाव आयोग, बंगाल-पंजाब और गुजरात समेत चार राज्यों में बदले अधिकारी

**नई दिल्ली।** भारत का चुनाव आयोग (ईसीआई) गैर-कैडर अधिकारियों के लिए ट्रांसफर आदेश जारी किया है। ये अधिकारी चार राज्यों गुजरात, पंजाब, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में नेतृत्व पदों पर तैनात हैं। इसके अतिरिक्त, आयोग ने निर्वाचित राजनीतिक प्रतिनिधियों के साथ उनकी रिश्तेदारी या पारिवारिक संबंध को देखते हुए पंजाब में एसएसपी बठिंडा और असम में एसपी सोनितपुर के स्थानांतरण का भी निर्देश दिया है। जिले में डीएम और एसपी का पद क्रमशः भारतीय प्रशासनिक और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों के लिए है। इसमें कहा गया है कि जहां भी प्रमुख राजनेताओं के रिश्तेदार डीएम या एसपी के रूप में कार्यभार संभाल रहे थे, उन्हें भी ट्रांसफर कर दिया गया है।

## एसबीआई ने चुनाव आयोग को मुहैया कराया इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ब्योरा

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेंट बैंक ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर करके जानकारी दी कि चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ब्योरा दे दिया गया है। एसबीआई के चेयरमैन ने बताया कि इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में 18 मार्च को आए आदेश का पालन किया। चुनाव आयोग को खरीदे गए और कैश कराए गए सभी बॉन्ड का पूरा ब्योरा उपलब्ध करवा दिया गया है। सभी बॉन्ड के नंबर भी बता दिए हैं। हलफनामे में बताया गया कि इलेक्टोरल बॉन्ड के सभी नंबर की जानकारी भी चुनाव आयोग को मुहैया करा दी गई है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 21 मार्च की शाम पांच बजे तक हलफनामा दायर करने का समय दिया था।

# लिव.52 और सिस्टोन लेबल एवं उत्पादों को उत्तर प्रदेश में स्टेट ड्रग लाईसेंसिंग अथॉरिटी द्वारा अनुपालन में और बिक्री के लिए सुरक्षित घोषित किया गया

**मिलन**

**हम इस विश्वास पर काम करते हैं कि जब आयुर्वेद को आधुनिक विज्ञान का मिलन होता है, तब मरीजों के लिए वैलनेस के व्यवहारिक समाधानों का निर्माण होता है।**



**नई दिल्ली।** हिमालया वैलनेस कंपनी ने आज बताया कि दोनों उत्पादों - लिव.52 टेबलेट्स और सिस्टोन सिरप को ड्रग लाईसेंसिंग अथॉरिटीज़ द्वारा अनुमोदित लाईसेंस के अनुरूप निर्मित और वितरित किया जाता है। इन उत्पादों के लेबल भी इस अनुमोदित लाईसेंस की अनुपालना में हैं, इसलिए ये उत्पाद बिक्री के लिए सुरक्षित हैं। इस बात की पुष्टि कल उत्तर प्रदेश स्टेट ड्रग लाईसेंसिंग अथॉरिटी ने जीओ पत्र सं. 635/डी.जी. 376/22 दिनांक 20 मार्च 2024 द्वारा सुधार कर दी।हिमालया वैलनेस कंपनी की सीएफओ और सीओओ, जयश्री उलाल ने कहा, ''उपरोक्त सुधार से स्पष्ट हो जाता है कि लिव.52 टेबलेट और सिस्टोन सिरप लेबल की जरूरतों का पूरा अनुपालन करते हैं और सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के हैं। हम आयुष मंत्रालय, नई दिल्ली को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने हिमालया द्वारा मौजूदा एवं अनुपालना के दस्तावेजों के साथ मामला उठाए जाने पर इस मामले में त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए कार्रवाई की, और इसे हल कर दिया।'' उन्होंने आगे कहा, ''हम अपने ग्राहकों, डॉक्टर्स, फिज़िशियंस, वितरकों, ट्रेड पार्टनर्स और अपने फील्ड स्टाफ की सराहना करते हुए उनके शुक्रगुजार हैं। लिव.52 और सिस्टोन 66 सालों से 64 देशों में बेचे जा रहे हैं, और पूरी दुनिया के डॉक्टरों द्वारा इनका परामर्श दिया जाता है। हम इस विश्वास पर काम करते हैं कि जब आयुर्वेद को आधुनिक विज्ञान का मिलन होता है, तब मरीजों के लिए वैलनेस के व्यवहारिक समाधानों का निर्माण होता है। हमें अपने ग्राहकों को सेवाएं देने की खुशी है, जो सालों से हम पर भरोसा करते आ रहे हैं।'

## भारत-अमेरिका संबंध कभी इतने मजबूत नहीं रहेः अमेरिकी सहायक रक्षा मंत्री

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि भारत से उसके संबंध पहले से अधिक मजबूत हुए हैं। पेंटागन ने कहा कि भारत के पास रूस से संबंध होने के नाते विकल्प अधिक हैं। लेकिन हाल में अमेरिका ने भारत के साथ रक्षा साझेदारी बढ़ाकर संबंधों को प्रगाढ़ किया है, जो इससे पूर्व कभी नहीं थे। कहा, हमारा रक्षा व्यापार बढ़कर 20 अरब डालर पहुंच चुका है। हमने हाल में 30 एमक्यू9बीएस और बीएस देने को लेकर समझौता किया है। हिंद-प्रशांत सुरक्षा मामलों के सहायक रक्षा मंत्री एली एस रैटनर ने बुधवार को हाउस की हिंद-प्रशांत उपसमिति के समक्ष कहा कि अमेरिका के भारत से रिश्ते कई क्षेत्रों में मजबूत हुए हैं। दोनों देशों के संबंध मुक्त और खुले हिंद-प्रशांत के हमारे रुख की दृष्टि से काफी अहम हैं।

# क्या नहीं थमेगा रूस-यूक्रेन युद्ध? महीनों बाद पुतिन ने फिर की यूक्रेन पर मिसाइलों की बौछार

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध लगातार जारी है। दोनों देश इस जंग की आग में सालों से जल रहे हैं। महीनों से दोनों देश एक दूसरे से नरमी से पेश आ रहे थे और युद्धविराम चल रहा था लेकिन एक बार फिर रूस ने अटैक कर यह बता दिया है कि यह युद्ध अभी थमा नहीं है।

रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज़ और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। यह हमला पिछले 44 दिनों में पहली बार रूस द्वारा शुरू किया गया। रूस के इस हमले के कारण कीव निवासियों की सुबह की शुरुआत जोरदार विस्फोटों की आवाज से हुई। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि एक बच्चे सहित 13 लोग घायल हो गए और दर्जनों लोगों को उनके घरों से निकाला गया। कीव सिटी प्रशासन के प्रमुख सेरही पोपको ने कहा, शहर के ऊपर लगभग 30 क्रूज़ और बैलिस्टिक मिसाइलों को मार गिराया गया। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने कहा कि पश्चिमी कीव के शेवचेनकिव्स्की जिले में, रूसी हमले के परिणामस्वरूप एक बहुमंजिला इमारत के एक अपार्टमेंट और कारों में आग लग गई।यह हमला तब हुआ है जब यूक्रेन ने कई दिनों तक यूक्रेन की सीमा के पास रूस के बेलगोरोड क्षेत्र पर लगातार हमला किया है।

**हमला**

**रूस ने एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी पर गुरुवार को क्रूज़ और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया।**



## आयरलैंड के भारतवंशी प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने इस्तीफा देकर सभी को चौंकाया

**लंदन।** आयरलैंड के भारतवंशी प्रधानमंत्री लियो वराडकर ने बुधवार को अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लियो वराडकर के इस्तीफे की घोषणा से पूरा देश स्तब्ध हो गया और यह सवाल खड़े होने लगे कि आखिर लियो वराडकर ने किस वजह से इस्तीफा दिया। 45 वर्षीय लियो वराडकर ने इस्तीफे के पीछे व्यक्तिगत और राजनीतिक कारणों का हवाला दिया। उन्होंने कहा, अभी पद छोड़ने के मेरे कारण व्यक्तिगत और राजनीतिक हैं, लेकिन मुख्य तौर पर राजनीतिकज कार्यालय में सात साल के बाद मुझे नहीं लगता कि अब मैं प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हूं।लियो वराडकर ने कहा कि उनका मानना है कि अगले साल होने वाले आम चुनाव में उनकी पार्टी फाइन गेल के लिए सीटें हासिल करने के लिए एक नया नेता मुझसे बेहतर स्थिति में होगा।

## अफगानिस्तान के कंधार में हुआ बम विस्फोट, हमले में 3 की मौत, 12 घायल

**कंधार।** अफगानिस्तान के शहर कंधार में गुरुवार को एक आत्मघाती बम विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। एक प्रांतीय अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। कंधार शहर देश पर शासन करने वाले तालिबान अधिकारियों का गढ़ माना जाता है। यह ब्लास्ट किसने की है इसकी जिम्मेदारी का तत्काल कोई दावा नहीं किया गया है। वहीं, 11 मार्च को मुस्लिमों के पवित्र महीने रमज़ान की शुरुआत के बाद से देश भर में कई विस्फोटों की सूचना मिली है, तालिबान अधिकारियों ने कुछ की पुष्टि की है। कंधार प्रांत के सूचना एवं संस्कृति निदेशक इनामुल्लाह समांगानी ने कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, शहर में एक आत्मघाती हमला हुआ जिसमें तीन हमवतन मारे गए और 12 अन्य घायल हो गए।

# इस मामले पर हम सीरियस हैं, आतंकी पन्नू के मामले पर अमेरिका ने भारत से की ये गुजारिश

**जांच समिति**

**आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है।**



**वॉशिंगटन।** खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के मामले पर अमेरिका ने एक बार फिर प्रतिक्रिया दी है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि गुरपतवंत सिंह पन्नू को मारने की साजिश के पीछे के लोगों को जिम्मेदार ठहराने के लिए अमेरिका, भारत के साथ काम कर रहा है। पिछले साल नवंबर महीने में भारतीय नागरिक, निखिल गुप्ता पर संघीय अभियोजकों द्वारा पन्नून की हत्या की नाकाम साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया गया था, जिसके पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने आरोप लगाया है कि गुप्ता एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम कर रहा था और न्यूयॉर्क शहर में रहने वाले पन्नू को मारने के लिए एक हत्यारे को 1,00,000 अमेरिकी डॉलर देने पर सहमत हुआ था। आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है। बुधवार को कांग्रेस की सुनवाई के दौरान दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव डोनाल्ड लू ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी के सदस्यों से कहा, दोनों देशों के बीच यह एक गंभीर मुद्दा है। न्याय विभाग ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार में काम करने वाले किसी व्यक्ति के आदेश पर एक भारतीय नागरिक ने अमेरिकी धरती पर एक अमेरिकी नागरिक को मारने का प्रयास किया है। हम इस मामले को गंभीरता से लेते हैं। न्याय विभाग ने आगे कहा कि इस मामले पर भारत ने भी उचित कदम उठाते हुए जांच समिति का गठन किया है। हम भारत से गुजारिश करेंगे कि वो इस मामले पर जल्द और प्रार्दशिता के साथ कार्रवाई करे।

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन के अड़ंगे पर भारत की खरी-खरी, यूएफसी ग्रुप की सिफारिश पर जताई कड़ी आपत्ति

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में विस्तार के सिलसिले में यूनाइटि?ग फार कंसेंसस (यूएफसी) ग्रुप की संस्तुतियों पर कड़ी आपत्ति जताई है। इस ग्रुप में भारत विरोधी सोच रखने वाले चीन, पाकिस्तान और तुर्किये भी शामिल हैं। भारत ने कहा है कि ये संस्तुतियां संयुक्त राष्ट्र के अधिसंख्य सदस्य देशों की भावनाओं के अनुरूप नहीं हैं। अधिसंख्य सदस्य देश सुरक्षा परिषद के स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या में बढ़ोतरी चाहते हैं। यूएफसी में इन तीन देशों के अतिरिक्त अर्जेंटीना, कनाडा, कोलंबिया, कोस्टारिका, इटली, माल्टा, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया, सैन मारीनो और स्पेन भी हैं। इस ग्रुप में इंडोनेशिया पर्यवेक्षक के रूप में शामिल है। लेकिन चीन सुरक्षा परिषद का अकेला स्थायी सदस्य देश है। यूएफसी ने सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाए जाने का विरोध किया है। ग्रुप ने सुरक्षा परिषद की सदस्यता को बढ़ाकर 26 किए जाने की संस्तुति की है।

# भारत का अभिन्न हिस्सा है अरुणाचल, चीन आंख भी न उठाए, ड्रैगन को अमेरिका ने लगाई लताड़

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अरुणाचल प्रदेश सीमा मामले में भारत का साथ देते हुए चीन को कड़ी चेतावनी दी है। दरअसल, अमेरिका ने कहा कि हम अरुणाचल को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देते हैं और वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार के हिस्सा पर चीन के दावे को गलत ठहराते हैं।

बाइडन प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चीन के किसी भी एकतरफा प्रयास का वो दृढ़ता से विरोध करते हैं। चीन ने हाल ही में अरुणाचल को अपना हिस्सा बताआ था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा के बाद राज्य पर दावा किया था।

अमेरिका के विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि अमेरिका अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है और हम सैन्य या नागरिक द्वारा घुसपैठ या अतिक्रमण का पूरा विरोध करते हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, रूप से भारतीय नेताओं के राज्य के दौरों पर आपत्ति जताता है। बीजिंग ने इस क्षेत्र का नाम



चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वरिष्ठ कर्नल झांग जियाओगांग ने कहा था कि अरुणाचल चीन का हिस्सा है और बीजिंग अरुणाचल प्रदेश को कभी स्वीकार नहीं करता। इसी बयान पर अब अमेरिका ने चीन को लताड़ लगाई है। चीन, अरुणाचल प्रदेश को दक्षिण तिब्बत के रूप में दावा करता है और इसी दावों के तहत नियमित जंगनान भी रखा है। बता दें कि 9 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनी सेला सुरंग को राष्ट्र को समर्पित किया था। ये सुरंग रणनीतिक रूप से स्थित तवांग को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करेगी और सीमांत क्षेत्र में सैनिकों की बेहतर आवाजाही सुनिश्चित करेगी।

# फगुना हो ब्रज में झूमेगी गोरी नंद गांव की

- घिर आई बदरी सुन लेना झनके जो पायल पांव की
- सार्वजनिक इंटर कॉलेज में कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। स्थानीय सार्वजनिक इंटर कॉलेज के प्रांगण में विजय संस्थापक प्रथम विजय बहादुर सिंह व भूपेंद्र सिंह की पुण्य स्मृति में बीती रात अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सुधि श्रोता रात भर इसमें गोता लगाते रहे।इस दौरान विजय संस्थान के अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह , पूर्व आईजी नागेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य वी के सिंह, जितेंद्र सिंह, उदय सिंह हंसराज सिंह, राहुल सिंह ने विजय बहादुर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। अयोध्या से पधारी कवियत्री पूजा मिश्रा यक्ष ने वीणा पाणी के वंदना गीत से कार्यक्रम की शुभारंभ किया। तत्पश्चात सबर रखना सबर करना हमारे राम आयेंगे, यहीं जब धाम है प्रभु का कहा श्रीराम जायेंगे। तत्पश्चात् डा 0 बच्चा बाबू वर्मा ने अपनी गजल कुछ यूं बांची मान लूं हंसके तू कहे जैसा, मशवरा हो तो मशवरे जैसा। तत्पश्चात् रमेश विश्वहार ने अपने गीत कुछ यूं पढे फगुना हो ब्रज में झूमेगी गोरी नंद गांव की, घिर आई बदरी सुन लेना झनके जो पायल पांव की । चांद ज़रा तुम रुक जाना, पर्वत पीछे छुप जाना। आज पूनम की रात है, निकलेगी गोरी गांव की। तत्पश्चात् चंद्रबहादुर चंद्र ने स्व 0 विजय बहादुर की याद में अपनी चिर परिचित रचना पढ़ी। इसके बाद कवि मनोज मद्रासी और नीरज पांडेय ने हास्य कविता से लोगो को लोट पोट करने के साथ ही व्यंग की रचनाएं भी सुधी श्रोताओं को परोसा। तत्पश्चात् डा अनुज नागेंद्र ने अपनी गजल अलग अंदाज में कुछ यूं बयां किया गजल के वास्ते मै फिक्र को बेताब करता हूं, लहू देकर जिगर का फिर इन्हें सादाब करता हूं। फिर दूसरी रचना कुछ इस अंदाज में बाँची जहां में नाम हिंदुस्तान का ऊंचा रहे हरदम, बुलंदी पर हमारे मुल्क का झंडा रहे हरदम। तत्पश्चात् प्रतापगढ से पधारे डा श राजेंद्र राज ने एक से बढ़कर एक व्यंग की रचनाएं सुनाकर लोगो को आज के परिवेश से जोड़ा। इसके बाद जगजीवन राम, समीर शुक्ल, देवेंद्र परिहार, आदि कवियों ने श्रोताओ को एक से बढ़कर एक अपनी रचनाएं सुनाकर मंत्र मुग्ध कर दिया। कवि सम्मेलन का संचालन नीरज पांडेय ने तो अध्यक्षता राजेन्द्र राज ने किया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सत्येन्द्र सिंह, नागेन्द्र सिंह, विनोद सिंह, जितेन्द्र सिंह,रिंटी सिंह, दीपू सिंह, विमल सिंह, अभिषेक शुक्ला, आशोक मिश्रा, राहुल सिंह सुनील सिंह, अनुपम तिवारी, पप्पू सिंह आदि गणमान्य जन समेत बड़ी संख्या में सुधी श्रोता मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर लेटी मिली दो बच्चों की हत्यारी बुआ

प्रयागराज। मेजा के हरगढ़ गांव में दो सगे मासूम भतीजों की हत्या करने वाली कातिल बुआ का एक और सच गुरूवार को सामने आया है। पता चला है कि वो बात-बात में अपना आपा खो देती है। घटना के बाद वह घर से भाग गयी थी। बुधवार को ही वह रेलवे लाइन पर लेटी हुई मिली थी। पुलिस का कहना है कि हत्या के बाद महिला की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान किसी ने उसे भसुंदर गांव के रेलवे ट्रैक पर लेटे हुए पाया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में उसकी कई अजीबोगरीब बातें सामने आई हैं। मेजा के हरगढ़ गांव में दो सगे भतीजों की हत्या करने की वजह पुलिस खंगाल चुकी है। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई है कि पूजा काफी समय से मानसिक तौर पर बीमार चल रही थी। पूजा के पिता ने जानकारी दी कि उसकी शादी 2015 में कौशाम्बी के भरूही गांव में हुई थी। उन्होंने बताया कि शादी के एक महीने बाद ही उसका पति से विवाद हुआ था।

# तम्बाकू नियंत्रण प्रशिक्षण/कार्यशाला सीएमओ की अध्यक्षता में संपन्न

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत एक प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार कक्ष में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमे जनपद के समस्त नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ए0एन0एम0 और आशा कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह द्वारा बताया गया कि विश्व में लगभग 60 लाख लोग हर साल तम्बाकू के सेवन से अपनी जान गंवाते है। 6.5 सेकेण्ड में एक धूम्रपान करने वाले व्यक्ति की मौत होती है। डा0 राजीव कुमार नोडल अधिकारी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम ने बताया कि भारत में कैन्सर से मरने वाले 100 रोगियों में से 40 तम्बाकू के प्रयोग के कारण मरते है। अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा जारी Global Youth Tobacco Survey- 2021 जारी किया गया है, जिसके अनुसार 23 प्रतिशत लडके एवं 24 प्रतिशत लडकियों द्वारा किसी न किसी रूप में तम्बाकू उत्पादों का उपयोग, 22 प्रतिशत विद्यार्थियों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर परोक्ष धूम्रपान किया जा रहा है। उनके द्वारा युवाओं को तम्बाकू की लत से दूर रखने एवं न्यू जनरेशन को तम्बाकू की जोखिम के कारको से अवगत कराया गया। दिलीप पाण्डेय क्षेत्रीय समन्वयक तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम द्वारा प्रशिक्षण में आये हुये प्रतिभागियो से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में तम्बाकू से होने वाली जानलेवा बीमारियों के प्रति लोगो को जागरुक करने हेतु अनुरोध किया गया। उक्त कार्यशाला में एन0सी0डी0 सेल के समस्त कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जय प्रकाश गुप्ता एफ0एल0सी0 ने किया।

# निर्वाचन संबंधी बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न



अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में निर्वाचन संबंधी बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित डीपीआरओ, ईओ समेत उपस्थित समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बूथों पर पेयजल, शौचालय, छाया ,रैंप जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी बूथों पर विद्युत व्यवस्था भी सुनिश्चित करें और कहा कि जनपद में कहीं भी होर्डिंग अथवा प्रचार सामग्री दिखाई ना दे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू राजस्व गणेश प्रसाद सिंह,एस.पी सिटी बृजेश कुमार, जिला विकास अधिकारी वी. के. यादव, समस्त खंड विकास अधिकारी,जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगरपंचायत सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस होता है

- पार्टी अपने अनुशासित कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और गतिशीलता के दम पर लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेगी: पुष्पराज सिंह

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की रणनीति के कार्यान्वयन की समीक्षा के लिए भाजपा के मोर्चो के जिलाध्यक्ष एव मोर्चा के जिला पदाधिकारियों एव मंडल अध्यक्ष के साथ लोकसभा प्रत्याशी की एक परिचयात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने किया। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 10 वर्ष सफलतापूर्वक भारत की संकल्पना को साकार किया है। मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की आकांक्षा को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से पूरा किया है। हमें राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता पर गर्व महसूस होता है। भारतीय के जीवन को बदलते हुए देखते हैं तो हमें खुशी होती है। हमारी सरकार हमारे राष्ट्र को सशक्त बना रही है और समृद्धि की नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। आज मोदी के नेतृत्व में देश में एक नई राजनीति की शुरुआत हुई है जिसने आम नागरिकों की भावना को समेट लिया है।कार्यकर्ताओं से मोदी सरकार के सफल 10 साल के कार्यो को जन जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। ये उक्त बातें संयुक्त मोर्चा को संबोधित करते हुये लोकसभा के प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने की।

संयुक्त मोर्चा की भूमिका पर भी चर्चा करते हुये कृपा शंकर सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे आम जनता से संवाद स्थापित करिये और पूरी टीम के साथ हम अपने रिपोर्ट कार्ड को लेकर जनता के बीच जाये। केंद्र में एक बार फिर दोबारा से माननीय नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए प्रदेश की जनता से आग्रह करें। उन्होंने दावा किया कि जिस तरह से भाजपा की स्थिति और संकल्प है उस हिसाब से उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटें जीतेंगे।

## 10 और 11 अप्रैल को होमियोपैथी दिवस का आयोजन

आजमगढ़। विश्व होमियोपैथिक दिवस का आयोजन द्वारिका स्थित कन्वेंशन सेंटर में दो दिन चलेगा। इसका आयोजन आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। इसका शुभारंभ महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रिय आयुष मंत्री व राज्यमंत्री आयुष मंत्रालय भारत सरकार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक बैठक डा भक्तवत्सल के आवास पर संपन्न हुई। नेशनल इंस्टीट्यूट आफहोमियोपैथी के सदस्य डा. भक्तवत्सल सहाय ने बताया कि आयोजन आयुष मंत्रालय के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय होमियोपैथिक आयोग, केंद्रीय होमियोपैथिक अनुसंधान केंद्र व नेशनल इंस्टीट्यूट आफ होमियोपैथी द्वारा किया जाएगा। इसमें देश के सभी राज्यों से और होम्योपैथिक मेडिकल कालेजों के शिक्षक छात्र एवं देश के नामचीन चिकित्सक होम्योपैथी के उन्नयन विकास और अद्यतन हो रहे शोध कार्यों पर चर्चा करेंगे।

# इविवि के विधि संकाय के छात्रों ने खेली गुलाल से होली



प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा गत दिन एक अधिसूचना जारी कर होली खेलने पर प्रतिबंध लगाने की बात कही थी। जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा होली खेलने की अनुमति मांगी गई थी। इसी क्रम में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता कुलानुशासक से मिलने पहुंचे थे, जिन्होंने यह स्पष्ट किया कि होली मनाने पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं लगाई गई है केवल किसी प्रकार का हुडदंग न हो इसकी बात कही गई थी। उसी के बाद सभी संकायों में शांतिपूर्ण तरीके से होली खेली गई। विधि संकाय के छात्रों द्वारा परिसर में एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली जा रही थी, इसी के बाद कुछ शिक्षकों ने आकर उन्हे बाहर जाने को कहा जिसके बाद छात्र विधि संकाय के गेट के बाहर जाकर गुलाल से होली खेलने लगे।

# महिलाओं ने मनाया फागुनोत्सव एक दूसरे को लगाया अबीर व गुलाल

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)। श्री राधा कृष्ण मंदिर ऊमरवैश्य धर्मशाला में ऊमरवैश्य महिला मंडल की तरफ से महिलाओं ने फागुनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महिला मंडली में पूजा ऊमरवैश्य, सोनिया, संगीता, सीमा,सीता व प्रिया ने भगवान शिव, राधा कृष्ण को अबीर व गुलाल रंग लगाकर फागुनोंत्सव की शुरुआत की।

महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल, अबीर एवं रंग लगाकर होली की बधाइयां दी। भक्तों ने बिहारी जी महाराज एवं लाडली राधा रानी को भजन गाकर रिझाया। राधा तेरी चुनरी ओ राधा तेरी छल्ला.., आज बिरज में होली हो रसिया..., होली खेलेंगे अवध में सहित विभिन्न भक्ति गानों पर राधा कृष्ण के रूप में सजे कलाकारों संग श्रद्धालुओं ने देर रात तक नृत्य कर भक्ति रस में डुबकी लगाई। कभी मंच पर तो कभी श्रद्धालुओं के बीच जाकर राधा कृष्ण ने लोगों को रिझाया, उन्हें अपने इशारों पर नचाया तो उनके साथ फूलों की होली भी खेली। फागुनोत्सव में राधा कृष्ण, शंकर पार्वती व सुदामा की झांकी प्रस्तुत कर लोगों को देर रात तक परिसर में रहने पर विवश कर दिया। महिलाओं ने राधा कृष्ण के रूप में सजक कलाकारों के संग खूब सेल्फी ली। विश्व हिंदू परिषद नगर मुंगरा बादशाहपुर की ओर से भजन मंडली द्वारा फागुन गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।इसमें सज-धजकर आई महिलाओं व युवतियों ने नए-पुराने गाने व फागुन के गीतों पर जमकर डांस किया। कार्यक्रम का संचालन विश्वामित्र गुप्त ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन कपिल मुनि गुप्त, संतोष गुप्ता, न्यूतन गुप्ता, सुनीता गुप्ता, पूजा गुप्ता, सीमा गुप्ता, विश्वामित्र गुप्त, राजीव गुप्ता, राजकुमार नेता, डॉ राकेश, जगदंबा जायसवाल, जितेंद्र, राजकुमार राजू, विशंभर दुबे, त्रिजुगी लाल केसरी, राजीव रत्नम शुक्ला व मनोज गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता ने लगाया डीजल के बदले गाड़ी में पानी भरने का आरोप

प्रयागराज। गुरूवार को सिविल लाइंस सुभाष चौराहे के समीप पेट्रोल पंप पर जोरदार हंगामा हुआ। एक अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि पंप पर डीजल की जगह पानी गाड़ियों में डाला जा रहा है। पम्प में डीजल भरवाने वाले एक अधिवक्ता जोर-जोर से शोर मचा रहे थे कि 900 का डीजल भराया जिसमें 800 का पानी निकला। इसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और भीड़ को शान्त कराने में जुट गयी। फिलहाल अभी इसको लेकर जांच की जा रही है।

प्रयागराज के सुभाष चौराहे पर स्थित इंडियन ऑयल की पेट्रोल टंकी है। जहां गुरूवार हाईकोर्ट के अधिवक्ता संदीप कुमार ने कार में 900 रुपयव का डीजल भरवाया। कुछ दूर जाने के बाद ही गाड़ी बंद हो गयी। वह वापस पेट्रोल पंप पर पहुंचे और शोर मचाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। वहां पर रहे अन्य पेट्रोल डालने आए लोगों का आरोप था कि पेट्रोल के साथ पानी भी मिक्स कर दिया जा रहा है।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़: दूधनाथ पटेल

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, विधानसभा, ब्लाक तथा बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं को हर स्तर पर तैयार रहने के लिए निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। सपा कार्यालय में आज हुई महत्वपूर्ण बैठक में नव नियुक्त प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। बूथ स्तर पर ईमानदारी से काम करने वाले का सम्मान पार्टी के हर नेता को करना चाहिए। प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल ने लोकसभा चुनाव को करो या मरो की तर्ज पर लड़ने का आह्वाहन करते हुए कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की एनडीए सरकारों की जन विरोधी नीतियों और तानाशाही एवं दम्भ पूर्ण रवैये से सम्पूर्ण विपक्ष ही नहीं देश की आम जनता परेशान है। चंद पूंजीपतियों के इशारे पर देश के किसानों, नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया जा रहा है। आह्वान किया कि लोकतंत्र एवं संविधान बचाने के लिए इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशियों की भारी संख्या में जीत के लिए कमर कसना होगा। बैठक को जिलाध्यक्ष अनिल यादव,महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक श्रीमती गीता शास्त्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इलेक्ट्रोल बांड के खुलासे ने भाजपा को कटघरे में खड़ा कर दिया है। न खाऊंगा न खाने दूंगा का नारा देकर सत्ता हथियाने वाले चुप हैं। सपा नेताओं ने कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि चुनाव की रनभेरी बज चुकी है। इलाहाबाद जिले की एक सीट कांग्रेस, एक समाजवादी पार्टी तथा दो विधानसभाए प्रतापपुर एवं हंडिया जो कि भदोही संसदीय क्षेत्र में शामिल है वहां से टी एम सी के उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। मगर जिले की सभी बारहों विधानसभाओं में सपा के लोग इण्डिया गठबंधन के अन्य दलों के कार्यकर्ताओं के साथ तालमेल बनाकर चुनाव जीतने का काम करेंगे। इस अवसर पर नव नियुक्त प्रदेश सचिव दूधनाथ पटेल एवं सदस्य कार्यकारिणी रंगीलाल यादव का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।बैठक में कृष्ण मूर्ति सिंह, डॉ प्रेम चंद्र कुशवाहा, आर एन. यादव, पूर्व प्रमुख संदीप यादव, शांति प्रकाश पटेल, श्रीमती तारा देवी पार्षद, रामकुमार पार्षद, राम अवध पाल, खिन्नी लाल पासी, जीतलाल, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, नाटे चौधरी, मेहरबान सिंह, राजवंत पटेल, राजकरण पटेल, टी एन यादव, बेनीमाधव विश्वकर्मा, त्रिभुवन यादव, आदि मौजूद रहे।

## व्यापारियों के ठिकानों पर इनकम टेक्स की टीम छापेमारी

आजमगढ़। जिले में गुरुवार की सुबह इनकम टैक्ट की टीम ने कई बड़े व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। शहर से लेकर लालगंज कस्बे के व्यापारियों के ठिकानों पर आईटी टीम पहुंची। आईटी टीम की छोपेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई बड़े प्रतिष्ठानों के ताले ही नहीं खुले। वहीं जो खुल चुके थे उन्होंने छापेमारी की जानकारी होते ही अपने-अपेन शटर गिरा दिए। इनकम टैक्स चोरी की सूचना पर आईटी टीम ने गुरुवार की सुबह एक साथ कई टीम गठित कर अलग-अलग व्यापारियों के यहां छापा मारने पहुंच गई। सुबह होते ही आईटी टीम की धमक से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। टीम द्वारा शहर के पहाड़पुर व लालगंज कस्बा के गोला बाजार स्थित गल्ला व्यवसायी के यहां छापेमारी की सूचना है। बताया जाता है कि उक्त दोनों गल्ला व्यवसायी एफसीआई से जुड़ कर बड़े स्तर पर गेहूं व चावल की कालाबाजारी करते है। इन दोनों व्यापारियों के अलावा भी कई अन्य व्यापारियों के यहां टीम के दस्तक देने की सूचना आ रही है।

# गौरव गोड बने सछास इविवि इकाई अध्यक्ष और आशुतोष मौर्या महासचिव

- समाजवादी छात्र सभा की इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित अन्य डिग्री कॉलेज की इकाइयों के पदाधिकारी घोषित

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों पर समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ इमरान ने इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय की इकाई कार्यकारिणी गठित की। आज इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय छात्र संघ भवन पर समाजवादी छात्र सभा की इकाई कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने शहीद लाल पदमधर को माल्यार्पण किया। समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय सम्राट ने इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की इकाई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को लाल टोपी पहनकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा पीडीए की खींची गई लकीर को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के इकाई अध्यक्ष गौरव गोड इकाई महासचिव आशुतोष मौर्या, इकाई उपाध्यक्ष प्रभात कुमार, अनुराग यादव, सत्येंद्र पाल, प्रियांशु यादव, विभोज यादव, इकाई सचिव शुभम यादव, पवन कुशवाहा, अनूप यादव, नितेश सिंह, दीप राज प्रजापति, कृष्ण कुमार झा, आदर्श वर्मा, मानसिंह कुशवाहा बनाए गए।

डिग्री कॉलेज की इकाइयों इलाहाबाद डिग्री कॉलेज के इकाई अध्यक्ष आलोक तिवारी, महासचिव रणवीर यादव, उपाध्यक्ष अमन मौर्य, अभ्यास यादव, अभिषेक मिश्रा, मंजीत चौधरी, इकाई सचिव आदर्श सिंह, अनुराग यादव, आशुतोष कुमार, नितेश कुमार, अभिषेक तिवारी, रिगमन यादव, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज इकाई अध्यक्ष इष्ट देव, इकाई महासचिव विपिन निषाद, इकाई उपाध्यक्ष सुमित यादव, असद अहमद, नारायण यादव, श्री प्रदीप यादव, विकास कोरी, शुभम पांडे, इकाई सचिव अभिनव प्रताप सिंह, अंकित यादव, आलोक यादव, अभय भार्गव, अभिषेक द्विवेदी, सुधीर यादव, मोहित यादव, हर्षित पटेल, अश्मित यादव, अभय तिवारी बने।

श्यामा प्रसाद चौधरी डिग्री कॉलेज के इकाई अध्यक्ष अभिषेक यादव, इकाई महासचिव शिवम वर्मा, इकाई उपाध्यक्ष अमित सिंह चौहान, रेहान फारूकी, हरिओम यादव, मोहम्मद साकिब, विशेष सिंह ,इकाई सचिव अमन वर्मा, करण सिंह, विशाल गुप्ता, सत्यभान, अभिषेक यादव, श्यामा प्रसाद मुखर्जी की इकाई अध्यक्ष देव सिंह यादव इकाई महासचिव सुश्री तनु सिंह इकाई उपाध्यक्ष सुश्री मोनिका पटेल, अनुज यादव, सचिव सुश्री इंदिरा कुमारी, सुश्री शिवम गिरी, शुभम सरोज सहित हजारों छात्र उपस्थित रहे।

# संगीत साधिका रानी रूपमती का हुआ नाट्य मंचन



अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नाट्य संस्था भरत रंग द्वारा नाटक रानी रूपमती का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लोक आयुक्त के उप सचिव अजय कुमार वर्मा तथा संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के सहायक निदेशक डॉ राजेश कुमार अहिरवार एवं सेवा भारती अवध प्रान्त के अध्यक्ष रवींद्र सिंह गंगवार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया ऐतिहासिक नाटक रानी रूपमती का लेखन एवं निर्देशन चन्द्रभाष सिंह द्वारा किया गया, जिसे मुख्य अतिथियों एवं गणमान्य दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। नाटक रानी रूपमती सुप्रसिद्ध दुर्ग मांडवगढ़ की संगीत को समर्पित अद्भुत प्रेम कथा है। यह नाटक रूपमती व बाज बहादुर की अधूरी प्रेम कहानी है, जिसका कारण बना बादशाह अकबर। बाज बहादुर व रूपमती के प्रेम का आधार व संवाहक संगीत है। दोनों ही उच्च कोटि के कलाकार है, प्रेम की पवित्रता गंभीरता व मर्यादा का पालन करते है।

डेढ़ घंटे से अधिक अवधि के नाटक ने अपनी कहानी और कलाकरों के अभिनय से दर्शकों को बाधें रखा। नाटक में जूही कुमारी, बृजेश कुमार चौबे, निहारिका कश्यप, सुन्दरम मिश्रा, प्रणव श्रीवास्तव, करन दीक्षित, कोमल प्रजापति, अनामिका रावत, अभय प्रताप सिंह, शशांक तिवारी, पीयूष राय, श्रेयांश यादव, प्रदीप मिश्रा, ज़ौरेज़ कलीम शुभम कुमार, कंचन शर्मा आदि कलाकरों ने अपनी - अपनी बेहतरीन भूमिका निभाई वहीं सह-निर्देशन सुन्दरम मिश्रा प्रकाश संयोजन मो. हफीज , पार्श्व संगीत चन्द्रभाष सिंह, सेट जामिया शकील एवं शिवरतन, मेकअप सचिन गुप्ता का रहा।

## संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का डी एम और एसपी ने किया भ्रमण

आजमगढ़। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा संयुक्त रूप से आज होली के त्यौहार, रमजान माह एवं लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के दृष्टिगत थाना निजामाबाद एवं अतरौलिया थाना में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी।

जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को सभी बूथों का निरीक्षण कर पेयजल, सफाई, विद्युत व्यवस्था, रैम्प, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

# निर्जलीकरण, गर्मी की सबसे जटिल समस्या: डॉ. प्रभात सिंह

- गर्मी व होली के वातावरण में न्यूरो सबंधित बीमारियों की विशेषता व उससे बचाव के संबंध में डॉ प्रभात सिंह ने दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। गर्मी व होली के वातावरण में न्यूरो सबंधित बीमारियों की विशेषता व उससे बचाव के संबंध में डॉ प्रभात सिंह ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया कि निर्जलीकरण, गर्मी की सबसे जटिल समस्या है जिसके लक्षणों में शामिल हैं भारी पसीना आना, शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होना, चक्कर आना या बेहोशी महसूस होना, थकान और सूस्ती महसूस होना, भूख कम लगना, चिडचिडा होना, हाथ, पैर या पेट में मांसपेशियों में मरोड या दर्दनाक ऐंठन होना साथ ही गर्मी से थकावट भी एक गंम्भीर समस्या है। यह तेज गर्मी के संपर्क में आने या जोरदार शारीरिक व्यायाम के परिणामस्वरूप होता है। गर्मी की थकावट के लक्षणों में सिर दर्द, शरीर का तापमान बढा हआ होना, भारी पसीना आना, थकान, कमजोरी और बेचैनी, समुद्री बीमारी और उल्टी, कमजोर, तेज़ नाड़ी, खराब समन्वय, चिंता। डॉ. प्रभात सिंह ने बताया कि यदि आपको या आपके किसी जानने वाले को गर्मी से थकावट के लक्षण दिखें तो क्या करें ÷ आप जो कर रहे हैं उसे रोकें, किसी ठंडी, छायादार जगह पर जाएं और पैरों को सहारा देकर और थोड़ा ऊपर उठाकर लेट जाएं, कैफीन और अल्कोहल से परहेज करते हुए धीरे-धीरे खूब सारा पानी या फलों का रस पिएं, पंखे या एयर- कंडीशनर से, त्वचा पर ठंड़े पानी का छिड़काव करके या ठंडे शॉवर या स्नान से ठंडक महसूस करें, बगल, कमर या गर्दन के नीचे कूल पैक लगाकर शरीर का तापमान कम करें ऐंठन या ऐंठन को कम करने के लिए मालिश का उपयोग करें, फिर आइस पैक का उपयोग करें। वही आगे उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक (लू लगना) एक गंभीर बीमारी है जहां किसी व्यक्ति का तापमान् 40एष्ट से अधिक हो जाता है, जो तेज गर्भी के संपर्क में आने या जोरदार शारीरिक व्यायाम के कारण होता है। होली के दौरान सावधानियां बरतने के विषय में डॉक्टर प्रभात सिंह ने बताया कि आपको स्वयं चश्मा पहनकर रखना चाहिए, फूल आस्तीन कपड़े पहनकर ही होली खेले तथा त्वचा में क्रीम / ऑयल लगाकर नमी बनाये रखें और दूसरो के साथ हर्बल कलर से ही होली खेले तथा इस दौरान गाड़ी संभल कर चलायें। उन्होने युवावस्था में बढ़ रहे नशे के प्रचलन की रोकथाम के लिये सबको मिल-जुलकर कार्य करने की सलाह दी। प्रेसवार्ता में सचिव ए.एम.ए. डॉ. आशुतोष गुप्ता, वित्त सचिव डॉ.सुभाष वर्मा, वैज्ञानिक सचिव डॉ. अनुभा श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुबोध जैन, भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. सुजीत सिंह, पी.आर.ओ. डॉ. अनूप चौहान आदि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन

अवधानामा संवाददाता



**हमीरपुर।** राजकीय महाविद्यालय मौदहा में 2 दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ हुआ।जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य तथा मुख्य अतिथि डा. चन्दन पांडेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्यअतिथि डा पांडेय व अन्य उपस्थित अथितियों को बैज लगा व माला पहनाकर उन्हें सम्मानित कर स्वागत किया गया।तदुपरांत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। तदोपरांत मुख्य अतिथि द्वारा क्रीड़ा में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें क्रीड़ा की शपथ दिलाते हुए शुभकामनाएं दी गई। मुख्य अतिथि को खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर सलामी दी। इसके बाद विगत वर्ष के चैंपियन छात्र गुलाम हैदर और छात्रा रागनी द्वारा मशाल लेकर पूरे क्रीड़ा मैदान में मशाल दौड़ लगाई गई। इसके बाद कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने क्रीड़ा के महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि एक कुशल खिलाड़ी के अंदर धैर्य और अनुशासन समाहित होता है जो उसके व्यक्तित्व को सुंदर बनाता है। खेलकूद से मानव के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। प्रतियोगिता में हार जीत से ज्यादा प्रतिभाग करने का महत्व होता है। प्रथम दिन सबसे पहले छात्र एवं छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें छात्र वर्ग में गोपाल दीक्षित प्रथम सुरेश द्वितीय हेमंत तृतीय स्थान प्राप्त किए। 100 मी छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान आशा द्वितीय आकांक्षा तृतीय आरती ने प्राप्त किया। गोला फेक प्रतियोगिता में छात्र वर्ग में गुलाम हैदर प्रथम गोपाल दीक्षित द्वितीय और संजय कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किये। गोला फेक छात्रा वर्ग में रूबी प्रथम रीना द्वितीय और रागिनी तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी छात्र वर्ग मैं अमित कुमार प्रथम संजय कुमार द्वितीय हेमंत तृतीय स्थान प्राप्त किये। तवा फेक छात्रा वर्ग में रागिनी प्रथम पूर्णिमा द्वितीय रीना तृतीय स्थान प्राप्त की। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर स्नेहलता ने किया। इस अवसर पर बेसिक शिक्षा परिषद के खेल शिक्षक दीपक कुमार रामनरेश मनोज सुनीता शशिबाला ने अपना सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश निगम इकरार हुसैन मोहम्मद अशरफजी और नद्दीमुद्दीन के अलावा सैकड़ो छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## तीन युवतियों ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

**बांदा।** अलग-अलग स्थानों पर तीन युवतियों ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। जसपुरा के नरजिता गांव में बेटी को मां ने डांट दिया था, इसी के चलते उसने खुदकुशी की कोशिश की। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उनका उपचार किया गया।

जसपुरा थाना क्षेत्र के नरजिता गांव निवासी अंजली (20) पुत्री जगदीश को किसी घरेलू बात को लेकर मां ने डांट दिया। इसी से नाराज होकर अंजली ने गुरुवार की दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने देखा तो उसे तत्काल जिला अस्पताल में दाखिल कराया, वहां उसका उपचार किया गया। इसी तरह कमासिन थाना क्षेत्र के छिलोलर गांव निवासी सलोनी (19) पत्नी धीरेंद्र ने अज्ञात कारण्सों के चलते गुरुवार की दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया।

# लम्बित विवेचनाओं का विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये करे निस्तारण: कालू सिंह

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर सर्किल नगर का अर्दली रुम का निरीक्षण किया गया। अर्दली रुम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचना निस्तारण के सम्बंध में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाने पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा चुनाव से संबंधित निरोधात्मक कार्रवाई आदि की समीक्षा, अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन एवं प्रचलित अभियानों के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस मौके पर सर्किल नगर के सभी विवेचक/उपनिरीक्षक तथा अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर कर ली खुदकुशी

**बांदा।** एक युवती ने बुधवार की शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया, इससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे सीएचसी ले गए, वहां पर उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

अतर्रा थाना क्षेत्र के गुमाई गांव निवासी आरती (28) पत्नी पप्पू ने बुधवार की शाम को घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद ही उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतर्रा पहुंचे, वहां पर उसकी मौत हो गई। युवती की मौत हो जाने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका के चचिया ससुर रामकुमार ने बताया कि घटना के वक्त सास कस्तूरी खेत गई हुई थी।

# भूमाफिया की नजरों में चढ़ी वक्फ बोर्ड और कब्रिस्तान की जमीन

- नगरपालिका झाड़ रही है पल्ला

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में सरकार द्वारा कब्रिस्तान के लिए सुरक्षित की गई अरबों रुपये की जमीन पर भूमाफिया नजरें गड़ाए बैठे हुए हैं और मौका पाकर अवैध पक्का निर्माण करने से नहीं चूकते,जिसके चलते आएदिन विवाद की स्थिति बनी रहती है और कस्बे की शांति भंग होने की आशंका बढ़ जाती है हालांकि नगरपालिका इस मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का बता कर पल्ला झाड़ रही है। कस्बे के हुसैनिया, हैदरिया, पूर्वी तरौस, उपरौस, रागौल, फत्तेपुर सहित अन्य नयी बसी बस्तियों में सरकार द्वारा कब्रिस्तान के सुरक्षित भूमि की गई है जिसमें मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा मुर्दों को दफनाया जाता है। लेकिन इन विभिन्न मोहल्लों में कब्रिस्तान के नाम पर सुरक्षित अरबों रुपये की जमीन अब भूमाफिया की नजरों में चढ़ गई है जिसपर मौका मिलते ही भूमाफिया अवैध अतिक्रमण कर पक्का मकान बनाने से नहीं चूक रहे हैं।ऐसी कमोबेश स्थिति वक्फबोर्ड की जमीनों की भी बनी हुई है। जिसके चलते कस्बे में आएदिन विवाद होते रहते हैं और कभी कभी विवाद इतना बढ़ जाता है कि खूनखराबा भी हो जाता है। कस्बे के फत्तूबाबा स्थित कब्रिस्तान की जमीन पर नाले की ओर कुछ लोगों द्वारा निकास कर लेने और गंदगी करने के मामले को लेकर आएदिन ज्ञापन दिया जाता है जबकि हैदरिया स्थित पठान बाबा के निकट स्थित कब्रिस्तान के चक में भी जमीनी विवाद कम नहीं है जबकि तकिया मोहल्ले की कब्रिस्तान की जमीन में भी अवैध निर्माण को लेकर आएदिन मामले सामने आते रहते हैं। इतना ही उपरौस इमाम चौक की वक्फबोर्ड की जमीन का विवाद जगजाहिर है।जबकि बीते कुछ समय से चौधराना मस्जिद में लगी वक्फबोर्ड की करोड़ों रुपए की जमीन भी सुर्खियां बटोर रही है। इतना ही नहीं इसके अलावा कस्बे की लगभग सभी कब्रिस्तानों की जमीन पर अवैध निर्माण हो रहे हैं।बीते बुधवार को हुसैनिया मोहल्ले की कब्रिस्तान में बन रहे पक्के मकान का विरोध करने के बाद भी दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया था। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि बिना नगरपालिका की अनुमति और शुल्क दिए इंसान अपने नल कनेक्शन को सही कराने के लिए सड़क नहीं खोद सकता है तो फिर कब्रिस्तान की जमीन में नगरपालिका के बिना जानकारी पक्के मकान कैसे बन रहे हैं जिसमें कहीं न कहीं नगरपालिका कर्मचारियों या पालिका के जिम्मेदारों की मौन स्वीकृति जरूर होती है।हालांकि इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुशील कुमार दोहरे ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि यह वक्फबोर्ड की जमीन है जो नगरपालिका के अधिकार क्षेत्र से बाहर है इसलिए नगरपालिका इसमें कुछ नहीं कर सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम व एसपी नें अधिकारीयों के साथ की बैठक



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकार एवं उप जिलाधिकारी की बैठक आयोजित की गई विगत निर्वाचनों के लंबित वादों की समीक्षा की गई एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए तथा शीघ्र डिस्पोजल कराए जाने के निर्देश प्रदान किए गए उक्त के अतिरिक्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार्य संहिता के निर्देशों के अनुपालन में जनपद में समस्त शास्त्रों का तत्काल जमा करने की कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया की एक्सेंप्शन चाहने वाले लोग लोगों की सूची तैयार कर उनको स्त्रीलिंग कमेटी की समक्ष प्रस्तुत करें आगामी पर्व होली को दृष्टिगत रखते हुए समस्त क्षेत्राधिकारियों जिलाधिकारी में आयोजित किया गया कि कमेटी के बैठकर आयोजित करें एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें।

### शास्त्रों को जमा करना हुआ शुरू


**कुरारा।** लोक सभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगते ही शस्त्र धारकों ने थाना परिसर में आकर शास्त्रों को जमा करना शुरू कर दिया है। कुरारा थाना क्षेत्र के ग्रामो व कस्बा में कुल 699 शास्त्र धारक है जिसमे 78 शस्त्र थाना क्षेत्र के बाहर है। अधिसूचना जारी होते ही जिम्मेदार शस्त्र धारकों ने थाने पहुच अपने शस्त्रों को जमा करवाने शुरू कर दिया है। थाने के दीवान शैलेन्द्र ने बताया कि गुरुवार तक 68 शस्त्र जमा करवाये जा चुके है।

### मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव निकाली रैली




**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र के रिठारी गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव में रैली निकाल कर ग्रामीणों को अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया। क्षेत्र के रिठारी गांव में लोकसभा चुनाव में अधिक मतदान करने के लिए प्राथमिक विद्यालय रिठारी के छात्र छात्राओं द्वारा गांव में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया।बच्चे नारे लगाते हुए चल रहे थे। सबसे पहले मतदान इसके बाद जलपान । बी एल ओ कमल किशोर ने मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई। रैली में लोकतंत्र सेनानी त्रिमोहन दीक्षित, ग्राम प्रधान इ चंद्रेश सिंह गौर, खंड विकास अधिकारी बिपिन गुप्ता, कोटेदार रामकरण, इंचार्ज प्रधानाद्यपिका अनीता वर्मा,रचना प्रकाश, संगीता ,अंजली श्रीवास्तव,समूह की महिलाएं तथा आशा कार्यकृत्री सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

### स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**हमीरपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत विभिन्न व्यवस्थाओं के दृष्टिगत आज जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल/ मतगणना स्थल/ स्ट्रांग रूम स्थल सुमेरपुर मंडी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल/ स्ट्रांग रूम स्थल में निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित कर ली जाय। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता न बरती जाए। इस मौके पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का भी जायज लिया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ट्रेन से कटकर युवक ने कर ली खुदकुशी

**बांदा।** जनपद महोबा के खन्ना थानांतर्गत अटघार गांव निवासी संतोष उर्फ करिया (35) पुत्र मइयादीन ने मंगलवार को खैराडा और इचैली स्टेशन के बीच ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। हाथ में संतोष गुदा हुआ था। खबर पाकर मौके पर पहुंचे मटौंध थाने के एसआई सुभाष वर्मा ने परिजनों को सूचना दी। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बड़े भाई आल्हा ने बताया कि मृतक भूसा बेचने का काम करता था। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### कुएं में कूदकर युवक ने किया खुदकुशी का प्रयास

**बांदा।** एक युवक ने बुधवार की शाम को गांव के ही कुएं में कूदकर खुदकुशी करने का प्रयास किया। आसपास मौजूद लोगों ने देखा तो उसे कुएं से बाहर निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसका उपचार किया गया। चिल्ला थाना क्षेत्र के बिछवाही गांव निवासी शिवप्रसाद (26) पुत्र धनकेसर ने गांव में ही स्थित पानी भरे कुएं में बुधवार की शाम को छलांग लगा दी। पानी में गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने देखा तो रस्सी डालकर किसी तरह से युवक को बाहर निकाला। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# सात-दिवसीय विशेष शिविर का सातवां दिन समापन

- ग्रामीण विकास से ही सामाजिक विकास सम्भव

अवधानामा ब्यूरो




**सोनभद्र।** महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर शक्तिनगर राष्ट्रीय सेवा योजना-इकाई प्रथम एवं तृतीय के तत्वावधान में संचालित सात-दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रत) के सातवें और अंतिम गुरुवार को चिल्काडांड पंचायत भवन में समापन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर श्रद्धानंद जी, पूर्व निदेशक महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी शक्तिनगर परिसर ने आनलाईन सहभाग किया। आपने स्वयंसेवकों से इन्सानियत धर्म को ग्रहण करने का आह्वान किया। आपने कहा कि इन्सान के पास संस्कृति है जो जानवर के पास नहीं है, इसलिए इंसान भी पूजे जाते हैं। आपने खुद स्वयंसेवक होने पर गर्व जताया और सभी को ज्ञानार्थ विद्यापीठ में आने और सेवार्थ समाज में जाने का मंत्र बताया। इस क्रम में विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ रामकिर्ती सिंह पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, शक्तिनगर परिसर ने आनलाईन सहभाग में स्वयंसेवकों को ग्रामीण भारत के विकास के लिए कार्य करने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ प्रदीप कुमार यादव, प्रभारी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ शक्तिनगर परिसर ने कहा कि भारतीय गांवों में अभी स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और बालिका सशक्तिकरण की समस्या चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। इसके निमित्त एनएसएस महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आपने एनएसएस इकाई प्रथम और तृतीय द्वारा संचालित सात-दिवसीय विशेष शिविर (दिन-रत) के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए सहभागी 100 स्वयंसेवकों को अनन्त शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहें डॉ विनोद कुमार पाण्डेय कार्यक्रम अधिकारी इकाई तृतीय ने अध्यक्ष के समक्ष सात-दिन में आयोजित गतिविघियों का एक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जिसे सभागार ने एक स्वर से स्वीकार कर लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों डॉ अनील कुमार दूबे, डॉ छोटेलाल प्रसाद, डॉ मनोज कुमार गौतम, डॉ अविनाश कुमार दुबे, अभिषेक कुमार, सिद्धार्थ आनंद के प्रति डॉ प्रभाकर लाल, कार्यक्रम अधिकारी इकाई प्रथम ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ विनोद कुमार पाण्डेय ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के पश्चात हुआ। विशेष शिविर 15 मार्च 2024 से 21 मार्च 2024 तक पंचायत भवन चिल्काडांड ग्राम में 100 स्वयंसेवक और 02 कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रभाकर लाल और डॉ0 विनोद कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सम्पन्न हुआ जिसमें संदीप, अनीष, विनित, मनीष, शिवम, विनित, संध्या, पूजा, पूनम, नम्रता, सपना, अस्मिता, ग्रेसी, खुशी जयसवाल, कृष्णा का सराहनीय योगदान रहा।

# संदिग्ध हालात में फंदे पर लटका मिला शव

- फंदे से फंसकर चारपाई पर बैठा हुआ था शव

अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** चिल्ला थाना क्षेत्र के पलरा गांव में एक युवक का शव कमरे के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर की धन्नी पर फंदे से फंसा होने साथ चारपाई पर बैठा हुआ था। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हकीकत सामने आएगी। पलरा गांव निवासी चुन्नू प्रजापति (45) पुत्र रामसेवक का शव गुरुवार की सुबह घर में कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी के सहारे रस्सी से फंदे पर फंसा हुआ था और चारपाई पर बैठा हुआ था। मामला पूरी तरह से संदिग्ध बताया गया। परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के छोटे भाई रमेश उर्फ कल्लू ने बताया कि चुन्नू की पत्नी रुकमणी अपने दो पुत्र और एक पुत्री के साथ अहमदाबाद में रहती है। जबकि चुन्नू दिल्ली में रहकर काम करता था। चार दिन पूर्व चुन्नू दिल्ली से गांव वापस आया था। बताया कि पिछले वर्ष तीनो भाइयों के बीच में बटवारा हो चुका है। बटवारे में बड़े भाई ने चुन्नू की चार फिट जमीन कब्जा कर ली थी। इस बात को लेकर पंचायत भी हुई थी। मझले का आरोप है कि चुन्नू की हत्या की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## सात दिवसीय शिविर में किया गया जागरूक

**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवायोजना की प्रथम, द्वितीय और तृतीय इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। शिविर का आयोजन प्राचार्य व संरक्षिका दीपाली गुप्ता के मार्गदर्शन और तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी सबीहा रहमानी, नोडल व कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई, ज्योति मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई और अंकिता तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी तृतीय इकाई के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला अस्पताल के डा. निशांत मौर्य फिजियोथैरेपिस्ट रहे। मुख्य अतिथि ने समापन की घोषणा करते हुए छात्राओं को उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए बधाई दी। इस समापन समारोह में तीनों इकाइयों में से एक-एक नायिका तथा सम्मिलित रूप से एक महानायिका का चयन किया गया। नायिका के रूप प्रथम इकाई से शगुफ्ता कुरैशी, द्वितीय इकाई से शुभी गुप्ता और तृतीय इकाई से नंदिनी तथा महानायिका के रूप में रिचा रैकवार का चयन किया गया। संचालन डा. सबीहा रहमानी, कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई ने किया। उन्होंने स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। सामान्य कार्यक्रम की वार्षिक आख्या डा. अंकिता तिवारी कार्यक्रम अधिकारी तृतीय इकाई द्वारा प्रस्तुत किया गया। डा. ज्योति मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर की आख्या प्रस्तुत की गई।

# होली पर डीजे व्यापारियों के साथ हुई बैठक

- शांति पूर्वक होली पर मने त्योहार अनावश्यक ना बजाए डीजे

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सदर कोतवाली परिसर में गुरुवार को डीजे व्यवसाईयों के साथ की गई बैठक बैठक में होली पर्व पर अनावश्यक डीजे बजाकर आम जनमानस को ना परेशान करने की दी गई जानकारी। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह के दिशा निर्देशानुसार कोतवाली सर्कल के सभी डीजे व्यवसाययों को एकत्रित कर आगामी होली पर्व को देखते हुए चट्टी चौराहे वह अन्य होलिका स्थल पर अनावश्यक डीजे फुल वॉल्यूम में बजते हुए आसपास लोगों को डिस्टर्ब ना करने व संवेदनशील जगहों पर एकत्रित भीड़ के साथ हद न मचाने की की गई अपील वहीं थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय ने बताया कि सभी हल्का पर भारी हो वह कस्बा चौकी पर भारी को गणेश दिशा निर्देश दिए गए हैं कि संवेदनशील जगहों पर अनावश्यक भीड़ न एकत्रित हो नाही अनावश्यक डीजे बजाकर लोगों के बीच भ्रामकता फैलाने का कार्य किया जाए अमन चैन के साथ भाईचारे को देखते हुए शांतिपूर्वक होली का पर्व आपस में मिलजुल कर बनाने का कार्य करें जिससे कि किसी को किसी प्रकार से कोई दिक्कतों का सामना न करना पड़े अनावश्यक डीजे बजाने वाले अथवा संवेदनशील जगहों पर भ्रामकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एस आई राम अवतार सिंह, एस आई अशोक सिंह यादव, एस आई रूपेश कुमार सिंह, एस आई राजेश यादव,एस आई संजय सिंह, डीजे ब्यवसाई रघुवर , सूरज विश्वकर्मा, रविंद्र गुप्ता विशाल जायसवाल सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# हिण्डाल्को में स्थानीय पत्रकारों संग मनाया गया वैल्यूज़ मंथ

अवधानामा संवाददाता



**सोनभद्र/रेणुकूट।** आदित्य बिड़ला समूह मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से हर वर्ष समस्त समूह कम्पनियों में वैल्यूज़ मंथ का आयोजन किया जाता है जिसके अंतर्गत कम्पनी के समस्त स्टेक होल्डर्स के साथ समूह मूल्यों को साझा किया जाता है। इसी क्रम में गुरुवार दिनांक 21 मार्च को हिण्डाल्को रेणुकूट के विश्राम गृह प्रांगण में स्थानीय पत्रकारों के साथ वैल्यूज़ मंथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के जनसम्पर्क प्रमुख यशवंत कुमार ने आमंत्रित समस्त मीडियाकर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि सन 2004 में आदित्य बिड़ला समूह ने पांच मूल्य निर्धारित किए थे और समूह का उद्देश्य है कि सभी कर्मचारी अपने सभी क्रिया-कलापों में इन मूल्यों का अनुसरण करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के ई.आर. हेड अजय सिन्हा ने समूह के पांचों मूल्यों की जानकारी देते हुए कहा कि यह केवल हमारे समूह के ही मूल्य नही है बल्कि प्रत्येक मनुष्य के जीवन के लिए ये मूल्य उतने ही आवश्यक है और हम सभी अपने रोजमर्रा के जीवन में इन्ही मूल्यों का अनुसरण करते हुए ही कार्य करते है। विशिष्ट अतिथि एच.आर.डी. प्रमुख सुश्री वनिता वासनिक ने समूह मूल्यों का बहुत ही सरस एवं सरल शब्दों में व्याख्या करते हुए कहा कि आदित्य बिड़ला समूह के पांचों मूल्य ईमानदारी, प्रतिबद्धता, कार्य करने में उत्साह, भेदभाव रहित कार्य शैली व गतिशीलता का अनुसरण हर व्यक्ति अपने जीवन के प्रत्येक दिन करता है इसलिए ये पांचों मूल्य केवल आदित्य बिड़ला समूह के कर्मचारियों व उनके परिवारजनों के लिए ही नही अपितु सभी के लिए आवश्यक है।

इस अवसर पर एच.आर. विभाग के आशुतोष परीदा ने ग्रुप पर्पज़ अर्थात् आदित्य बिड़ला समूह के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विभिन्न मीडिया संस्थानों के लगभग 30 पत्रकार सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान सभी मीडियाकर्मियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सुरक्षा विभाग के मेजर (से.नि.) देवेन्द्र ओंकार, सजल साहा, प्रशांत कुशवाहा, शरद, विवेक शुक्ला एवं प्रमोद कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पौधरोपण करना और उन्हें सुरक्षित रखना जरूरी: डीएम

अवधानामा संवाददाता

**बांदा।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने गुरुवार को विश्व वानकी दिवस पर हार्पर क्लब में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि यह दिवस प्रतिवर्ष 21 मार्च को मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए वृक्षों को लगाना और उन्हें संरक्षित स्खना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमें जीने के लिए आक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ों को बचाने का अर्थ है कि अपने जीवन को सुरक्षित रखना। उन्होंने वृक्षारोपण किये जाने पर जोर देते हुए कहा कि सभी लोगों को वृक्ष लगाने चाहिए और वृक्षों को सुरक्षित व संरक्षित रखें। पौधों को नियमित रूप से पानी, खाद आदि अवश्य दें, जिससे उनका पोषण हो सके और आसानी से वृक्ष तैयार हों। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों वृक्षों के महत्व एवं आवश्यकता के संबंध में जानकारी देते हुए वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्षों से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। वृक्ष जल संरक्षण व मृदा संरक्षण में भी अत्यन्त उपयोगी होते हैं। पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षों का रोपण करने के साथ ही इनके अनावश्यक कटान पर भी नियंत्रण आवश्यक है।

# मतदाता प्रस्तुत कर सकते हैं वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज

**मतदाता सूचना पर्ची को मतदाता के पहचान दस्तावेज के रूप में नहीं माना जायेगाः मुख्य निर्वाचन अधिकारी**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन, 2024 तथा 136-ददरौल, 173-लखनऊ पूर्व, 292-गैंसड़ी एवं 403-दुद्धी(अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के उप निर्वाचन हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के संबंध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इस सम्बन्ध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा चुके है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/ विधायकों/ विधान परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को 12 वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

## भाजपा की सोशल मीडिया कार्यशाला संपन्न

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी की सोशल मीडिया प्रदेश कार्यशाला गुरुवार को राजधानी लखनऊ के अटल बिहारी बाजपेयी सांइटिफिक कन्वेशन सेंटर में सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता तथा प्रदेश के सोशल मीडिया संयोजक अंकित चंदेल उपस्थित रहे। कार्यशाला में क्षेत्र एवं जिलो के सोशल मीडिया के संयोजक व सहसंयोजक तथा प्रभारी सम्मिलित हुए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार एवं योगी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण की योजनाएं, सरकार के ऐतिहासिक निर्णय तथा संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सोशल मीडिया सशक्त माध्यम है।

# बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश

**बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाये**

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के एमडी मासूम अली सरवर ने सभी क्षेत्रीय/सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को होली पर्व के दृष्टिगत शत-प्रतिशत बसों के संचालन के साथ-साथ बस अड्डों पर व्यापक यात्री सुविधा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 24/25 मार्च, 2024 को मुख्य पर्व की तिथि से पूर्व व उसके पश्चात विभिन्न गन्तव्यों के लिये जनसामान्य का भारी संख्या में संचरण के दृष्टिगत यात्रियों को पर्याप्त परिवहन सुविधा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से बसों को शत-प्रतिशत आनरोड करते हुए संचालन कराया जाय। एम डी ने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र समस्त बसों की यांत्रिक एवं भौतिक दशा को सुदृढ़ व ऑनरोड कराकर शत-प्रतिशत संचालन सुनिश्चित किया जाय। समस्त सक्षम चालक-परिचालक से संचालन का कार्य लिया जाय। उन्होंने कहा कि होली पर्व की अवधि में यात्रियों की उपलब्धता एवं आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त बसों का संचालन योजनाबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाये।

बस अड्डों पर बैनरों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाये। एम डी ने कहा कि ए0सी0 बसों के संचालन को निर्धारित कर आन लाइन बुकिंग /आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये।

## मुख्यमंत्री ने अपहरण मामले का संज्ञान लिया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेघालय में उत्तर प्रदेश के निवासी अखिलेश सिंह के अपहरण के मामले का संज्ञान लेते हुए इस सम्बन्ध में मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा से फोन पर वार्ता कर श्री सिंह की सकुशल वापसी हेतु आग्रह किया है। ज्ञातव्य है कि जनपद लखनऊ निवासी अखिलेश सिंह मेघालय राज्य में एक कंस्ट्रक्शन कम्पनी में कार्यरत हैं।

# जनाबे खदीजा की याद में जगह-जगह हुई मजलिसें

अवधनामा ब्यूरो

**जनाबे खदीजा (स.) ने अपनी सारी दौलत इस्लाम की राह में खर्च किया**

**लखनऊ।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स) की पत्नी जनाबे खदीजा की वफात के गम में शहर के विभिन्न इमामबाड़ों,मस्जिदों और रौजों में मजलिसों का आयोजन किया गया। कर्बला अजमतुद्दौला और दरिया वाली मस्जिद सहित अन्य इमामबाड़ों में मजलिसों का आयोजन कर जनाबे खदीजा (स.अ.) की वफात क गम मनाया गया। कर्बला अजमतुतदौला बहादर मेहदीगंज में आयोजित मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी ने खिताब किया। मजलिस का आगाज कारी गुलरेज नकी ने तिलावते कुराने पाक से किया। मौलाना ने कहा कि जनाबे खदीजा (स.) एक दौलतमंद महिला थीं, जिन्होंने अपना सारी दौलत इस्लाम की राह में खर्च कर दी। जनाबे खदीजा (स.अ.) ने हर हालात में हजरत रसूले अकरम (स.) का साथ दिया। मजलिस के बाद सरवर दबीरी और अब्बास अली ने नौहाख्वानी की। इसी तरह दरिया वाली मस्जिद में आयोजित मजलिस को मौलाना मिर्जा मोहम्मद राशिद अस्करी न मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने जनाबे खदीजा (स.अ.) की हयात-ए-जिंदगी और उनकी कुर्बानियों के साथ दीने इस्लाम के लिए की गये खिदमात को बयान किया। मेहदीवी समाज के शहर में होने वाले दीनी क्लासेस में सभी सेंटरों पर पर जनाबे खदीजा की वफात की याद में तकरीरें की गयी।

जहां मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी, मौलाना अरशद हुसैन अर्शी, मौलाना हसनैन बाकरी आदि ने जनाबे खदीजा (स.अ.) की इस्लाम के लिए किये गये कामों को बयान किया।

## नवनियुक्त अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य से महासंघ ने की मुलाक़ात



**लखनऊ।** नवनियुक्त अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण लखनऊ मण्डल लखनऊ डा0जी0पी0 गुप्ता से चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ उ0प्र0 के सचिव सर्वेश पाटिल,जिला अध्यक्ष कपिल वर्मा,उपाध्यक्ष रजत यादव,प्रदेश प्रवक्ता सुनील कुमार, सत्यप्रकाश सहित कई पदाधिकारियो ने मिल कर बधाई एंव शुभकामनाएं दी। ए डी मण्डल द्वारा प्रदेश और मण्डल के वासियो को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए महासंघ का सहयोग माँगा।

# सम्पत्ति की फाइलें न मिलने का हल अब मास्टर रजिस्टर से निकलेगा

**फाइल गायब है का बहाना अब नहीं चलेगा**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण में सम्पत्ति की फाइलें न मिलने से आम जनता को होने वाली परेशानी का हल अब मास्टर रजिस्टर से निकलेगा। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने 15 अप्रैल 2024 तक सम्पत्तियों का योजनवार मास्टर रजिस्टर बनाने का निर्देश दिया है। गुरुवार को सम्पत्ति अनुभाग की समीक्षा बैठक में उपाध्यक्ष ने अधिकारियों व कर्मचारियों को हिदायत देते हुए कहा कि फाइल गायब है का बहाना अब नहीं चलेगा। यह कहानी यहीं खत्म करना होगी। उपाध्यक्ष ने कहा कि सभी प्रभारी सम्पत्ति अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे और इसमें डिस्पोटल रजिस्टर व कंप्यूटर अनुभाग से प्राप्त सम्पत्तियों की सूची का मूल ले-आउट से मिला कर पूरा ब्यौरा मास्टर रजिस्टर में अंकित करेंगे। कार्रवाई पूरी होने के बाद संबंधित को मास्टर रजिस्टर में यह स्वघोषित करना होगा कि सभी जानकारी मूल से प्रमाणित है, जिसके बाद थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाएगा। इसके अलावा जिन सम्पत्तियों का आवंटन/रजिस्ट्री संदिग्ध प्रतीत होती है उसकी सूची अलग से बनानी होगी। उपाध्यक्ष ने 15 अप्रैल तक मास्टर रजिस्टर की कार्रवाई पूरी कर रिपोर्ट पेश करने को कहा। इसके बाद 30 अप्रैल तक सम्पत्ति की प्रचलित फाइलों को छोड़ शेष सभी पत्रावलियां अभिलेखागार में जमा करा दी जाएंगी। अलमारियों में मिली 500 फाइलें रिकॉर्ड में होगी जमा सम्पत्ति की गायब फाइलों की खोजबीन के लिए उपाध्यक्ष ने सर्च ऑपरेशन चलवाया था। इसके बंद अलमारियों के ताले तोड़ कर दस्तावेज खंगाले गये थे, जिसकी वीडियोग्राफी कराई गयी थी। इसमें सम्पत्ति की लगभग 500 फाइलें बरामद हुई थीं। उपाध्यक्ष ने बैठक में निर्देश दिये कि जिन योजनाओं की सम्पत्तियों की फाइलें मिली हें उनका काम देख रहे बाबू तत्काल इन फाइलों को रिसीव कर ब्यौरा अंकित करें, जिसके बाद सभी फाइलों को रिकॉर्ड अनुभाग में जमा कराया जाए।

# अमूबा लखनऊ द्वारा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** ए.एम.यू. ओल्ड बॉयज़ (एलम्नाई) एसोसिएशन (अमूबा) लखनऊ की ओर से दो दिवसीय फ़ेस्टिव शापिंग एक्जीबिशन कम सेल का उद्घाटन ए.एम.यू. की पुरा छात्रा एवं समाज सेविका ताहिरा हसन द्वारा किया गया। इस प्रदर्शनी में लखनवी चिकनकारी, अलीगढ़ एप्लीक वर्क एवं अन्य प्रकार के गारमेंट्स उपलब्ध हैं । इस के अलावा अमूबा द्वारा संचालित सिलाई सेंटर की महिला प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार किए गए परिधान भी प्रदर्शनी में क्रय किये जा सकते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए सुताहिरा हसन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए अमूबा की यह अनूठी पहल अत्यंत सराहनीय है। एसोसिएशन की मानद सचिव सुशहला हक़ ने मुख्य अतिथि सहित समस्त उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला उत्थान के लिए हम सभी को आगे आना होगा। अमूबा के अध्यक्ष एस एम शोएब ने कहा कि हमारा प्रयास है कि महिला शिक्षित हों एवं अपने पैरों पर खड़ा होना सीखें। इस अवसर पर ऐसोसिएशन के संरक्षक डॉ सुहेल अहमद फ़ारूक़ी, संयुक्त सचिव माधव सक्सेना एवं मुईनुद्दीन, कोषाध्यक्ष क़ैस मुजीब , कार्यकारिणी सदस्य राना तैयब,मो. नईम अहमद, तौक़ीर अहमद, मोहम्मद खालिद सेक्रेटरी इशू , तबस्सुम क़िदवई, रिज़वान खां, रूबीना ख़ान, सनाउर रहमान, सुहेला शोएब, रूही हसन, अस्मत आज़म , नाज़मा खातून, समाजसेवी तबस्सुम राशिद, ग़ज़ाला खां, सायरा हाशमी आदि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## लोक सभा चुनाव में भाजपा गठबंधन को हराने का आह्वान

**लखनऊ।** अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य कमेटी बैठक दिनांक 20 मार्च को कार्यालय 10 विधान सभा मार्ग लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक में यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव बी बेंकट भी मौजूद रहे और उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए मार्ग दर्शन किया। बैठक में प्रस्ताव पास कर भाजपा गठबंधन हराने का तय किया गया। बैठक में राज्य सचिव द्वारा प्रस्तुत व सर्व सम्मति पास रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय ने मनमाना और असंवैधानिक करार देते हुए चुनावी बांड योजना को रद्द कर दिया है। इस योजना में राजनैतिक भ्रष्टाचार छुपा हुआ था। मोदी सरकार के दबाव में स्टेट बैंक आफ इंडिया ने बांड योजना का खुलासा देर से करने के लिए कई चालें चली जिसे न्यायालय ने विफल कर दिया है। 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बांडों में लगभग एक तिहाई धन भाजपा को मिला है दूसरे नम्बर पर त्रणमूल कांग्रेस व तीसरे नम्बर पर कांग्रेस पार्टी रही है।

# यूनिसेफ और सीएमएस रेडियो का साझा प्रयास - 'सतरंगी धरा बचपन हरा भरा'

अवधनामा संवाददाता



**पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ प्रस्तुत किया नाटक**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के कम्युनिटी रेडियो एवं यूनिसेफ लखनऊ के तत्वावधान में आज बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम 'सतरंगी धरा, बचपन हरा भरा' की भव्य लांचिंग सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के विशाल प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भावी पीढ़ी को साफ-सुथरी धरती व संतुलित पर्यावरण हेतु जागरूक करना एवं पर्यावरण संरक्षण में उनकी सहभागिता का बढ़ावा देना है।

यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस समारोह में यूनिसेफ के जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ, नागेन्द्र सिंह, यूनिसेफ की स्टेट कम्युनिकेशन कंसल्टेंट ऋचा श्रीवास्तव, सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की प्रधानाचार्या आभा अनन्त, सी.एम.एस. फिल्म एवं रेडियो डिवीजन के विभागाध्यक्ष श्री आर. के. सिंह, एक्टिविटी कोआर्डिनेटर डा. मंजू आनंद के साथ ही सी.एम.एस. कम्युनिटी रेडियो टीम के सदस्य समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर यूनिसेफ के जल एवं स्वच्छता विशेषज्ञ, नागेन्द्र सिंह ने कार्बन फुटप्रिंट्स पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत करते हुए बच्चों, शिक्षकों और कम्युनिटी सदस्यों के साथ इंटरएक्टिव सेशन किया और दर्शकों की जिज्ञासा का समाधान किया। नागेन्द्र ने लाइव फोन इन कार्यक्रम में श्रोताओं से बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस अवसर पर ग्रीन क्रूसेडर्स क्लब के सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण पर नुक्कड़ नाटक और पानी एंथम प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन रवींद्र त्रिपाठी एवं वनिता शर्मा द्वारा किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. रेडियो विभिन्न सामाजिक जागरूकता के विषयों पर छात्रों व जनमानस को जागरूक करता रहा है तथापि इन प्रयासों को लखनऊ के प्रबुद्ध नागरिकों ने सराहा है।

# छात्रों में प्रारम्भ से ही वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें

**मानव सभ्यता आज बौद्धिक सुविधाओं से परिपूर्ण तकनीकी युग में प्रवेश कर चुकी : उस्मानी**

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के तत्वावधान में 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री सुबूर एच उस्मानी, आई.आर.एस., इनकम टैक्स कमिश्नर ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर बोलते हुए श्री उस्मानी ने कहा कि छात्रों में प्रारम्भ से ही वैश्विक दृष्टिकोण का विकास करें, जिससे ये छात्र आगे चलकर विश्व समाज में अपनी रचनात्मक भागीदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि मानव सभ्यता आज बौद्धिक सुविधाओं से परिपूर्ण तकनीकी युग में प्रवेश कर चुकी है। अब यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम भावी पीढ़ी को आदर्श नागरिक के रूप में ढ़ालकर नवीन विश्व व्यवस्था के लिए तैयार करें। इस अवसर पर श्री उस्मानी ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले मेधावी छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने अपने संबोधन में डा. गाँधी ने कहा कि हमारी संस्कृति 'उदारचरितानाम, वसुधैव कुटुम्बकम' की है और इन्हीं विचारों के अनुरूप हमें अपने बच्चों को विकास करना चाहिए। उन्होंने शिक्षकों व अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के कोमल हृदयों में दया, करुणा, भाईचारा, सहिष्णुता, प्रेम, एकता, अहिंसा और शान्ति के विचार डालें। सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली गौतम ने समारोह में पधारकर बच्चों की हौसलाअफजाई करने के लिए अभिभावकों को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया।

सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा भी 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन आज विद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। बड़े ही उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुए इस भव्य समारोह में छात्रों ने ईश्वर भक्ति से परिपूर्ण गीत-संगीत के माध्यम से एकता, शान्ति व सौहार्द का ऐसा आलोक बिखेरा कि अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गये। छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष न सिर्फअपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया अपितु विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही ब्राडर एवं बोल्डर शिक्षा पद्धति से अभिभावकों को अवगत कराया। इस अवसर पर सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस की वरिष्ठ प्रधानाचार्या सुश्री मंजीत बत्रा ने कहा कि यदि स्कूल में आध्यात्मिकता, नैतिकता एवं चारित्रिक उत्कृष्टता का वातावरण होगा तो बालकों में भी यही गुण विकसित होंगे और ऐसे ही बालक आगे चलकर सामाजिक व्यवस्था में रचनात्मक बदलाव का कारण बनेंगे। प्रधानाचार्या श्रीमती संगीता बनर्जी ने विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## दो दिवसीय फेस्टिव शॉपिंग एक्जीबिशन कम सेल का उद्घाटन

**लखनऊ।** फोटो-एन-एकेटीआर-अमूबा एक्जीबिशन अलीगढ़ मुस्लिम ओल्ड ब्वायज एलुमनाई एसोसिएशन अमूबा की ओर से दो दिवसीय फेस्टिव शॉपिंग एक्जीबिशन कम सेल का उद्घाटन एएमयू की पूर्व छात्रा व समाजसेविका ताहिरा हसन ने किया। प्रदर्शनी में लखनवी चिकनकारी, अलीगढ़ एप्लीक वर्क और अन्य प्रकार के गारमेंट्स उपलब्ध हैं। इसके अलावा अमूबा के संचालित सिलाई सेंटर की महिला प्रशिक्षुओं के तैयार किये परिधान भी प्रदर्शनी में खरीदे जा सकते हैं। इस मौके पर ताहिरा हसन ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए अमूबा की यह अनूठी पहल सराहनीय है। एसोसिएशन की मानद सचिव शहला हक ने कहा कि महिला उत्थान के लिए हम सबको आगे आना होगा।

# केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन का सामान्य सभा आयोजित

अवधनामा ब्यूरो




**लखनऊ।** केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन लखनऊ के द्वारा आज एक सामान्य सभा का आयोजन किया गया जिसमें महासचिव रवि कुमार , वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनंजय सिंह उपस्थित रहे। ओजीएस और सीएनटी अंशुमान सिंह, डीजीएस विवेक श्रीवास्तव, महिला प्रतिनिधि/सीसी सदस्य श्रीमती शालू वासवानी, आर एस लखनऊ आरओ 1 संतोष कुमार और आर एस लखनऊ आरओ 2 विवेक सोनकर ने बैठक को संबोधित किया। दोनों आर एस ने वेतन समझौते में 9वें संयुक्त नोट में 5 दिवसीय बैंकिंग क्लॉज को शामिल करने के लिए सीबीओए की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में सदस्यों को अवगत कराया। शीर्ष नेताओं ने सदस्यों को अनैतिक आचरण, विंडो ड्रेसिंग न करने के लिए निर्देशित किया और अनुपालन सुनिश्चित करने और दिशानिर्देशों से विचलित न होने के महत्व पर भी जोर दिया। सभी सदस्यों को अनुपालन पहले और व्यवसाय बाद में की टैगलाइन का पालन करने की सख्त सलाह दी गई।महिला ब्रिगेड सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से विचार-विमर्श में शामिल थे। सभी सदस्यों ने समझौते पर मिलने वाली राशि पर लेवी नहीं लिए जाने के लिए महासचिव रविकुमार के प्रति आभार व्यक्त किया। सीबीओए में अनुशासन के साथ साथ केनरा बैंक का विकास पर बल दिया गया।

# रमज़ान पर किये गये सवालों के जवाब

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में मंगलवार से रमजान हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा के पैनल ने दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9335929670, 9415102947, 7007705774 और 9140427677 के साथ ही ई-मेल ramzanhelplinewz@gmail.com और वेबसाइट www.farangimahal.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** ऑपरेशन या किसी और वजह से यूरिन बैग लगा हो तो नमाज कैसे अदा होगी?

**जवाबः** मरीज के लिए यूरिन बैग के साथ नमाज पढ़ना पीड़ित होने की वजह से सही है।

**सवालः** क्या मस्जिद में दीनी मकसद से चन्दे का ऐलान करना सही है?

**जवाबः** जी हां, सही है।


**सवालः** क्या रोजे की हालत में दिल या पेट का ऑपरेशन कराया जा सकता है?

**जवाबः** जी हां, करा सकते हैं।

**सवालः** क्या दांतों में लगे सोने-चांदी के तार या दांतों के खोल में भरे मसाले पर भी जकात है?

**जवाबः** उस पर जकात वाजिब नहीं है।

**सवालः** नाबालिग बच्चा अगर रोजा रख कर तोड़ दे या माता-पिता रोजा खुलवा दें तो क्या रोजे की कजा जरूरी है?



**जवाबः** नाबालिग बच्चे के रोजा तोड़ने पर कजा वाजिब नहीं है।

इसी तरह इदाराए शरैय्या फिरंगी महल की हेल्पलाइन पर मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली की अध्यक्षता में उलमा ने लोगों के सवालों के जवाब दिये। सवाल पूछने के लिए मोबाइल नम्बर 9807404508 और 9918117798 तथा ई-मेल firangimahel @gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः** रमजान में की जाने वाली कुरान की तिलावत क्या किसी को सवाब की नियत से बख्शी जा सकती है?

**जवाबः** तिलावत के अलावा किसी भी अच्छे आमाल का सवाब एक या अधिक को बख्श सकते हैं और सबको बराबर सवाब पहुंचेगा।

**सवालः** स्वर्गीय पिता ने हज के लिए पैसा जमा किया था अब वह मां के हज के लिए रखा है क्या जकात वाजिब होगी?

**जवाबः** अगर पैसा जकात के निसाब में है और साल पूरा हो गया तो जकात वाजिब है और उसका सवाब स्वर्गीय पिता तक पहुंचेगा।

**सवालः** क्या ऐतिकाफ के दौरान मस्जिद से बाहर निकला जा सकता है?

**जवाबः** बेवजह मस्जिद से बाहर निकलने पर ऐतिकाफ बातिल होगा सिवा बाथरूम के। अगर अकेले हैं तो खाना लेने जा सकते हैं।

**सवालः** फितरा कितना और किस पर वाजिब है?

**जवाबः** फितरा घर के मुखिया की ओर से हर सदस्य का पौने दो सेर गेहूं या उसके आटे की कीमत लखनऊ में 60 रुपये तय है ईद के दिन या पहले अदा किया जाएगा।

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये जवाब

कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने दिये। हेल्पलाइन पर सवाल मोबाइल नम्बर 9415580936, 9839097407 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक या ई-मेल masael@gmail.com पर पूछे जा सकते हैं। महिलाओं के सवालों के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं।

**सवालः** अगर कोई रमजान में इस्लाम लाता है तो क्या पिछले रोजे रखने होंगे?

**जवाबः** इस्लाम में आने के बाद शरीयत का हुक्म लागू होगा, इसलिए पिछला रोजा नहीं रखेगा।

**सवालः** क्या रोजेदार मगरिब की अजान शुरू होते ही रोजा इफ्तार कर सकता है?

**जवाबः** अगर रोजेदार को यकीन है कि मगरिब का वक्त दाखिल हो चुका है तो रोजा-इफ्तार कर सकता है।

**सवालः** ऐतिकाफ में रहने की कितनी शर्तें हैं?

**जवाबः** ऐतिकाफ में रहने के लिए ईमान, अक्ल, कुरबत की नियत, रोजा रखना और कम से कम तीन दिन रहना होगा।

**सवालः** अगर कोई कर्ज में डूबा है तो क्या उसे जकात दी जा सकती है?

**जवाबः** जो अपने पूरे साल का खर्च न रखता हो और कर्ज में डूबा हो तो वह जकात ले सकता है।

**सवालः** ट्रेनों में अक्सर पता नहीं चलता कि किब्ला किस तरफ है तो क्या ऐसे में टॉयलेट जाना सही होगा?

**जवाबः** एहतियात बेहतर है या अपने पास किब्लानुमा रखें।